श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 336, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य 15

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम 16

दरबार हॉल नहीं, अब गणतंत्र मंडप

नई दिल्ली, एजेंसी

बदला नाम

- राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल अब कहलाएगा अशोक मंडप

राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल और अशोक हॉल के नाम गुरुवार को बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिए गए। पिछले साल राष्ट्रपति भवन परिसर में प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास राष्ट्रपति भवन, राष्ट्र का प्रतीक और देश की एक अमूल्य धरोहर है। लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दरबार हॉल राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और कार्यक्रम के आयोजन का स्थान है। बयान में कहा गया कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार की प्रासंगिकता खत्म गई। गणतंत्र मंडप आयोजन स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। अशोक शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो सभी कष्टों से मुक्त है। भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ है। जिसके अनुसार अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा गया है। इस हॉल का उपयोग दूसरे देशों के प्रमुखों द्वारा परिचय पत्र प्रस्तुत करने के स्थल के रूप में किया जाता है।

सरकार के लिए दरबार नहीं, शहंशाह का सिद्धांत

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदले जाने के बाद केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार के लिए दरबार का नहीं, बल्कि शहंशाह का सिद्धांत है। दोनों हॉलों के नाम बदले जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार के पास दरबार का नहीं, शहंशाह का सिद्धांत है।

सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा

- अगस्त में 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा
- 60,244 सिपाहियों की भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से फरवरी में हुई थी स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा कर दी गई है। 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन अगस्त माह की 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 5 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि परीक्षा फरवरी माह में निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश दिया गया था कि यह परीक्षा छह महीने के अंदर पुनः आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं यथा, परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन आदि के लिए विस्तृत दिशा निर्देश शासन द्वारा 19 जून को जारी किए गए हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है।

परीक्षा संबंधी अपराध में उम्रकैद व एक करोड़ का जुर्माना :

प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 पहली जुलाई 2024 को अधिसूचित किया गया है। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना अथवा कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना अथवा षड्यंत्र करना आदि अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाए जाने पर उम्रकैद अथवा एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन विभाग निशुल्क बस सेवा की सुविधा देगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां रखनी होगी। एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा और दूसरी प्रति परीक्षा उपरांत अपने जनपद तक की यात्रा के लिए कंडक्टर को देना है।

एक नजर

अब्बास की बेल पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से विधायक अब्बास अंसारी की जमानत (बेल) याचिका पर जवाब मांगा। अंसारी ने उस मामले में जमानत का अनुरोध किया है जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न लोगों को जबरन वसूली के लिए धमकाया। अंसारी की पत्नी चित्रकूट जिला जेल में बंद अपने पति अंसारी से मुलाकात के लिए जाती थी। मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के एक मई के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

गूगल मैप्स ने भारत में कई नई सुविधाएं पेश कीं

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने गूगल मैप्स पर कई नई सुविधाएं की पेशकश की है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सूचना, फ्लाईओवर कॉलआउट और चार-पहिया वाहन चालकों के लिए संकरी सड़क के उपयोग को कम करने के लिए एआई-संचालित रूटिंग क्षमता शामिल है। गूगल मैप्स ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जबकि उसे घरेलू कंपनी ओला मैप्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। गूगल मैप्स ने गुरुवार को नई विशेषताओं की घोषणा करते हुए कहा कि यह मैपिंग के लिए एक रोमांचक समय है।

सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

बजट पर चर्चा हंगामे के चलते दो बार स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही ▸ कांग्रेस सांसद चन्नी और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच चले शब्द बाण ▸ किसानों को एमएसपी की गारंटी के बयान पर बिफरे केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में गुरुवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई, बाद में सत्तापक्ष एवं तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच कहासुनी देखने को मिली।

सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान जालंधर से कांग्रेस के सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि ये देश के हवाई अड्डे समेत सबकुछ बेच रहे हैं। चन्नी ने कहा कि आप (सरकार) देश की संपत्तियों के संरक्षक हैं, मालिक नहीं हैं। इन्हें बेचने की और देश को बर्बाद करने की गलती मत कीजिए। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए आरोप लगाया कि इनमें (सत्तापक्ष) और अंग्रेजों में कोई फर्क नहीं है, सिर्फ रंग का फर्क है। पहले ये सत्ता में काबिज हुए और फिर सत्ता के रास्ते ये देश के उद्योगों पर अपने लोगों का कब्जा करा रहे हैं। इस पर रेल राज्य मंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य बिट्टू ने कुछ टिप्पणी की। जवाब में चन्नी ने उनका नाम लेते हुए कहा कि आपके पिताजी शहीद हुए थे। लेकिन वह उस दिन मरे, जिस दिन आपने कांग्रेस को छोड़ा। इस पर पीठासीन सभापति संध्या राय ने कांग्रेस सदस्य से व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करने को कहा। बिट्टू ने कहा कि इन्होंने (चन्नी ने) मेरा नाम लिया। मेरे दादा सरदार बेअंत सिंह ने कुर्बानी देश के लिए दी थी, कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि चन्नी गरीबी की बात कर रहे हैं, लेकिन सारे पंजाब में अगर ये सबसे अमीर और सबसे भ्रष्ट आदमी नहीं हुए तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। इस पर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक होने लगी। हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 1:25 बजे दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा आरंभ हुई तो रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों तरफ के सदस्यों के भाषणों को देखा जाए और जो भी असंसदीय है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद चन्नी ने अपना अधूरा भाषण आगे बढ़ाया और कहा कि सरकार ने किसानों को (एमएसपी की) कानूनी गारंटी देने का लिखित वादा किया था। इस पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस सदस्य अपनी बात प्रमाणित करें या माफी मांगें। सदन में एक बार फिर से नोकझोंक शुरू हो गई। बिरला ने कहा कि कांग्रेस सदस्य को अपनी बात प्रमाणित करनी होगी। चन्नी के बाद जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य सुनील तटकरे ने बोलना शुरू किया तो तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बैठने के स्थान को लेकर कुछ आपत्ति जताई। इसके बाद फिर दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदन की कार्यवाही दो बजकर करीब 25 मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

रवनीत सिंह बिट्टू

चरण जीत सिंह चन्नी

मर्यादा रखें, आसन को चुनौती नहीं दें : बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय तथा तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में सदस्यों से कहा कि वे सदन की मर्यादा रखें तथा आसन को चुनौती नहीं दें। बुधवार को गंगोपाध्याय के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गोडसे को लेकर टिप्पणी की जिस पर गंगोपाध्याय ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे।

बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष कर रहा राजनीति

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संसद में केंद्रीय बजट पर बहस के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर बोलने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देना शुरू कर दिया। रीजीजू ने कहा कि जिस तरह से कुछ विपक्षी नेताओं ने अपने भाषण दिए, वह सदन का अपमान करने और बजट सत्र की गरिमा को कम करने जैसा है।

जौहर विवि में शत्रु संपत्ति पर गृह मंत्रालय ने लिया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नौ अप्रैल को दिए गए हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई
- 13.8 हेक्टेयर रकबे पर चारों ओर खंभे लगे, कराई तारबंदी

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में लखनऊ से आई टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में ले लिया। गुरुवार को शत्रु संपत्ति को चिन्हित कर खंभे लगवाने के बाद तारबंदी करवा दी गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। जौहर विवि में करीब 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति है। नौ अप्रैल के हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय की टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेने की कार्रवाई की है।

सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने 2006 में तहसील सदर स्थित आलियागंज में जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना का काम शुरू किया था, लेकिन सपा सरकार के बाद भाजपा की सरकार ने आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। निर्माण के दौरान जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति को भी मिला लिया था। यह संपत्ति करीब 13.8 हेक्टेयर है। इसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कराने पर मामला सही पाया गया था। तभी से इसकी जांच चल रही है। कुछ दिनों पहले लखनऊ से आई टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ जमीन को चिहिन्त करके खंभे लगवाकर तारबंदी करा दी थी। हालांकि बाद में आजम खां के अधिवक्ताओं ने इस जमीन पर कुछ समय के लिए कोर्ट से स्टे ले लिया था। इसके बाद खंभे हटा दिए गए थे। स्टे का समय पूरा होने के बाद गुरुवार को फिर गृह मंत्रालय से आए शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक प्रशांत सैनी, नायब तहसीलदार गौरव विश्वनोई राजस्व टीम के साथ जौहर विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने शत्रु संपत्ति को चिहिन्त करने के बाद खंभे लगवाए और तारबंदी कराई।

सीयूईटी-यूजी की अंतिम कुंजी जारी, नतीजे जल्द

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) की अंतिम कुंजी जारी कर दी। इसी के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। एनटीए ने 7 जुलाई को सीईयूटी-यूजी की वैकल्पिक कुंजी जारी की थी जबकि करीब एक हजार विद्यार्थियों की शिकायत पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को ली गई। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स वसूलने का कानूनी अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने दिया निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई कर नहीं है और संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र द्वारा खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपये के करों की वसूली पर फैसला करने का आग्रह किया था। राज्यों ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केंद्र से करों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हालांकि दलीलों का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और राज्यों से इस पहलू पर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा और कहा कि वह 31 जुलाई को इस मुद्दे पर फैसला करेगी।

बारिश-भूस्खलन से बदरीनाथ, केदारनाथ व गंगोत्री हाईवे बंद

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जारी बारिश व भूस्खलन के चलते चमोली व रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ, केदारनाथ हाईवे समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। उत्तरकाशी में भटवाड़ी-गंगनानी के बीच बोल्डर गिरने से गंगोत्री हाईवे बंद हो गया है। बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब आए यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ हाईवे पर फाटा के निकट डोलिया देवी में मलबा आने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। केदारघाटी में लगातार बारिश से केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है।

एसपी व एएसपी हटाए गए, सीओ-एसएचओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बलिया में ट्रकों से अवैध वसूली मामला

- पूरी चौकी भी निलंबित, एसएचओ समेत एक दर्जन पुलिसकर्मियों व 16 दलालों पर एफआईआर
- एडीजी वारणसी जोन व डीआईजी ने बिहार-उप्र सीमा पर मारा था छापा, कई हिरासत में

अमृत विचारः उप्र-बिहार सीमा पर पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रकों को पार कराने में अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आने पर शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बलिया के पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक को उनके पद से हटा दिया गया है। जबकि सीओ, एसएचओ, चौकी इंचार्ज समेत पूरी चौकी को निलंबित कर दिया है। सीओ, एसएचओ नरही व चौकी प्रभारी कोरंटाडीह की संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए हैं । कार्रवाई देख कई पुलिस कर्मी मौके से फरार हो गए। थानेदार, चौकी इंचार्ज सहित 16 दलालों समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों पर भी एफआईआर दर्ज किया गया है। पूरे मामले की जांच विजिलेंस को सौंपी गई है।

दरअसल एडीजी वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया को सूचना मिली थी कि बिहार से उप्र. की ओर आ रहे ट्रकों से पुलिसकर्मी और दलाल मिलकर रोजाना वसूली करते हैं। इस सूचना पर एडीजी व डीआईजी वैभव कृष्ण की संयुक्त टीम गुरुवार रात्रि करीब 1.30 बजे बलिया के भरौली तिराहे पर अचानक पहुंची। क्षेत्र से गुजरने वाले ट्रकों के संबंध में पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रकों से की जा रही वसूली को स्वयं देखा। ट्रक वसूली में लगे रविशंकर यादव, विवेक शर्मा, जितेश चौधरी, वीरेंद्र राय, सोनू सिंह, अजय कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, अरविंद यादव, उमाशंकर चौधरी, जवाहिर यादव, धर्मेंद्र यादव, विकास राय, हरेंद्र यादव, सलाम अंसारी, आनंद कुमार ठाकुर, दिलीप कुमार यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

कई पुलिसकर्मी निलंबित, रिपोर्ट भी दर्ज

थानाध्यक्ष नरही पन्नेलाल, चौकी प्रभारी कोरंटाडीह, राजेश कुमार प्रभाकर, मुख्य आरक्षी हरदयाल सिंह, विष्णु यादव, आरक्षी सतीश गुप्ता, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह एवं 16 दलालों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 थाना नरही में रिपोर्ट पंजीकृत कराया गया। थानाध्यक्ष पन्नेलाल एवं चौकी प्रभारी राजेश कुमार प्रभाकर के अलावा चंद्रजीत यादव, औरंगजेब खान, परिवंद यादव, सतीश चंद्र गुप्ता, पंकज यादव, ज्ञानचंद्र व धर्मवीर पटेल, उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद, विष्णु यादव, हरदयाल सिंह, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह, उदयवीर व प्रशांत सिंह व ओमप्रकाश को निलंबित कर दिया है।

कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को सीबीआई की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 8 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

उत्तराखंड आने वाले पर्यटक वाहनों में लगाने होंगे डस्टबिन

राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखने को फैसला

ब्यूरो, देहरादून

- पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों को पालन कराने के निर्देश
- उत्तराखंड परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के परिवहन आयुक्तों को लिखा पत्र

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

अमृत विचार : उत्तराखंड की प्राकृतिक स्वच्छता व सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यटक वाहनों में अब डस्टबिन/कचरा बैग रखना अनिवार्य होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसियों व टैक्सी चालकों को इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। पर्यटकों से भी वाहन में कचरा बैग रखने की अपील की है।

मुख्य सचिव ने इस संबंध में नियमित रूप से चेकिंग एव चालान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। पूर्व में इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया था। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नही फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन / कचरा बैग लगाना अनिवार्य है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में डस्टबिन/कचरा बैग हो। आमजन को व्यापक स्तर पर इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड वासियों के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का भी सामूहिक उत्तरदायित्व है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी का है।

आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर हुए आतंकी हमले में संलिप्तता के लिए आतंकवादियों के दो कथित मददगारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले के दूरस्थ मछेड़ी इलाके में आतंकवादियों द्वारा 8 जुलाई को घात लगाकर किए गए हमले में एक जूनियर कमीशन अधिकारी सहित सेना के पांच जवान शहीद हुए थे और पांच अन्य लोग घायल हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिलावर के कलना धानू परोल के रहने वाले लायाकत अली उर्फ पावू और मल्हार के बौली मोहल्ला के मूल राज उर्फ जेनजू के रूप में हुई है।

मेरठ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करें सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र का प्रस्ताव इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र

केंद्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) को पत्र लिखकर कुछ मामलों की मेरठ और आगरा से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई करने का प्रस्ताव भेजा है तथा उसे उम्मीद है कि इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

कानून एवं विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट सबसे पुराना हाईकोर्ट है, इसमें कोई शक नहीं है। इसकी पीठ मेरठ और आगरा में स्थापित हो, यह विषय लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'ई-कोर्ट प्रोजेक्ट-तृतीय' के माध्यम से ऐसा प्रयास कर रही है। मेघवाल ने कहा कि हमने (इलाहाबाद हाईकोर्ट के) मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ सुनवाई मेरठ और आगरा से की जा सकती है। उसका (पत्र का) जवाब अभी आया नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सकारात्मक उत्तर आने की संभावना है। मेघवाल ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने के प्रश्न पर कहा कि इस तरह का कोई प्रस्ताव अभी सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। इससे पहले कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने सरकार से जानना चाहा कि सरकार जब सर्किट बेंच या क्षेत्रीय पीठ बनाने पर विचार करेगी तो क्या वह देश के सबसे पुराने हाईकोर्ट में से एक इलाहाबाद हाईकोर्ट की क्षेत्रीय पीठ बनाने पर विचार करेगी? उन्होंने यह भी पूरक प्रश्न किया था कि क्या सरकार हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 62 से बढ़ा कर 65 वर्ष और 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष करने पर विचार करेगी, वेतन एवं भत्तों के साथ? एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में मेघवाल ने कहा कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 217 और 224 के तहत की जाती है, जिसमें किसी भी जाति या वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है।

सीसामऊ सीट जीतने के लिए हर वर्ग के पास पहुंचे भाजपा नेता

मंत्री सुरेश खन्ना और नितिन अग्रवाल ने अलग-अलग वर्गों के साथ कीं बैठकें

कवायद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ के उप चुनाव को लेकर गुरुवार को शहर आये प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना और नितिन अग्रवाल ने अलग-अलग अनुसूचित वर्ग, सिख और सिंधी समाज के साथ-साथ व्यापारियों और बूथ प्रवासियों के साथ बैठक की और चुनाव की रणनीति तैयार की।

उप चुनाव को लेकर पहली बैठक अनुसूचित वर्ग के लोगों के साथ पार्टी प्लैनेट 80 फीट रोड में हुई। इस दौरान मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि इस विधानसभा में अनुसूचित वर्ग के लोगों की संख्या अधिक है। आप का साथ 25 वर्षों से इस विधानसभा से पार्टी का वनवास खत्म कर सकता है। वहीं, दूसरी बैठक सिख समाज के साथ हुई। यहां उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना मुगलों से हिन्दू समाज की रक्षा के लिए हुई थी। कानपुर बुंदेलखंड के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाकर शहीदों को याद करने का काम मोदी सरकार ने किया है। वहीं व्यापारियों के साथ सम्राट गेस्ट हाउस में बैठक में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग का जनसंघ के समय से आज तक भाजपा को समर्थन प्राप्त है। यहां उन्होंने व्यापारियों का चुनाव में साथ मांगा।

प्रेम आश्रम कौशलपुरी में हुई सिंधी समाज की बैठक में मंत्री ने समर्थन मांगा। बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में शाम को आयोजित कार्यक्रम में 275 बूथ प्रवासी और 47 शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठक की।

जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में 100 मुस्लिम बूथों में भी पकड़ बनाने के लिये सुझाव दिये गये। सुरेश खन्ना ने प्रत्येक शक्ति केंद्र, प्रवासी और सभी बूथ प्रवासियों से बूथ की स्थिति की जानकारी ली और आगे की रणनीति समझाई। उन्होंने कहा कि सभी पूरे मनोयोग से दिन रात एकजुट होकर कार्य करें।

अनुसूचित जाति वर्ग की बैठक में मंत्री सुरेश खन्ना, नितिन अग्रवाल पहुंचे।

- अनुसूचित जाति, सिख, सिंधी समाज के साथ लोगों के साथ किया मंथन
- व्यापारियों और बूथ प्रवासियों के साथ भी बैठक कर रणनीति तैयार की

अलग-अलग बैठकों में यह नेता मौजूद रहे

बैठकों में एमएलसी अरुण पाठक, सलिल विश्नोई, महापौर प्रमिला पांडेय, पूर्व मेयर रविंद्र पाटनी, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेश अवस्थी, आनंद मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, अवधेश सोनकर, जन्मेजय सिंह, संतोष मुकुंद मिश्रा, राहुल दीक्षित, अनुभव चक, सरदार सिमरन जीत सिंह, प्रधान गुरु सिंह सभा सरदार हरजीत सिंह, प्रधान गुमटी गुरुद्वारा, संत भोला राम, रामदास मखीजा, आनंद राजपाल, हरीश मतरेजा, रामलखन रावत, जगदीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

रेव मोती मॉल में युवती को खींचा धमकी दी

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में सर्वोदय नगर इलाके में स्थित रेव मोती मॉल में एक शोहदे ने एस्क्लेटर पर चढ़ रही युवती को खींचने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो लोग दौड़े लेकिन आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने काकादेव थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोविंद नगर निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई को वह बहन के साथ सर्वोदय नगर स्थित मॉल में शॉपिंग करने गई थी। वह एस्क्लेटर पर चढ़ रही थी तभी मोहल्ले का रहने वाला बॉबी उर्फ दिनेश पीछे से आ पहुंचा और उसे बुरी नीयत से खींचने का प्रयास करने लगा। उसने शोर मचाया तो पुराने छेड़छाड़ के मुकदमे को वापस लेने की धमकी देकर फरार हो गया। आधे घंटे बाद वह रेस्टोरेंट में जाकर बैठ गई तो आरोपी वहां भी आ पहुंचा और फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद उसने काकादेव थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकाने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

जाजमऊ में गंदे पानी में खटिया डालकर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

जाजमऊ में गंदे पानी में खटिया डाल प्रदर्शन, सड़क बनाने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों के साथ किया प्रदर्शन

अमृत विचार। जाजमऊ के सिद्धनाथ घाट से बुढ़ियाघाट तक जाने वाली खराब सड़क और जलभराव से नाराज होकर स्थानीय लोगों ने गंदे पानी में बैठकर प्रदर्शन किया। जाजमऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अकलाख अहमद गंदे पानी में खटिया डालकर बैठ गये और नारेबाजी की। क्षेत्र के पार्षद ने जल्द समस्या को दूर कराने का आश्वासन दिया है।क्षेत्र के सोनू अहमद ने बताया कि 10 साल से श्मशान घाट से लेकर बुढ़ियाघाट तक सड़क जर्जर पड़ी है। बरसात में गंदा बदबूदार पानी भरने से एक दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हो चुके हैं। जहां वीआईपी लोग रहते हैं, वहां सरकार काम करवा रही है। इलाके में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदर्शन की सूचना पर जाजमऊ पुलिस और वार्ड 96 के पार्षद फकर इकबाल पहुंचे। काफी समझाने के बाद इलाकई लोगों ने प्रदर्शन खत्म किया। पार्षद ने कहा कि 10 दिन पहले नगर निगम में कार्यों का प्रस्ताव रखा गया है। सड़क की नपाई हो चुकी है। बारिश के कारण काम नहीं हो पाया। अगले महीने काम चालू करवाकर समस्या का निदान किया जायेगा। प्रदर्शन में लल्लन, सुनीता, नौशाद, अशरफ, शकील समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

छेड़खानी व नहाते समय वीडियो बनाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कैंट में पड़ोसी पर लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। कैंट थानाक्षेत्र में रहने वाली एक वृद्धा ने आरोप लगाया कि पड़ोसी उनके घर में रहने वाली दो युवतियों से छेड़खानी करता है और नहाते समय वीडियो बनाता है। विरोध किया तो आरोपी ने परिवारीजनों के साथ मिलकर उनसे मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कैंट निवासी 68 वर्षीय वृद्धा के अनुसार वह अपने पति के साथ रहती हैं। पति के बीमार रहने के चलते उनकी देखभाल के लिए उन्होंने एक गरीब परिवार को अपने घर में आश्रय दिया हुआ है। उनके साथ दो युवतियां भी हैं। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले उनके रिश्तेदार टूटे हुए गेट से अंदर घुस आते हैं और युवतियों के साथ छेड़खानी करते हैं। आरोपी नहाते समय उनका वीडियो भी बनाते हैं। विरोध करने पर जब आरोपी नहीं माने तो उन्होंने अपना दरवाजा ठीक कराना शुरू कर दिया।

इस पर आरोपी ने अपने परिवार के साथ मिलकर उन लोगों के साथ मारपीट की। आरोप है कि पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर उन्होंने डीजीपी से गुहार लगाई। इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

बस कंडक्टर ने यात्रियों से चंदा कर डलवाई ट्यूब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिवहन अधिकारी के दो टूक जवाब से रोडवेज बस चालक के छलके आंसू
- यात्रियों ने चंदा करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस पंचर होने पर बीच रास्ते में खड़ी हो गई। यात्रियों ने चंदा कर टायर में ट्यूब डलवाई और कानपुर के एक परिवहन यूनियन के नेता को वीडियो भेजकर मुख्यमंत्री से लेकर परिवहन मंत्री तक भिजवाने की गुहार लगाई।

घटना बुधवार रात की है, एक बस लखनऊ से बहराइच होते हुए रुपैडिहा जा रही थी। रास्ते में बस पंचर हो गई। रात के समय यात्री परेशान हो गए। पंचर वाले ने बताया कि इसकी ट्यूब बेकार हो गई है, दूसरी ट्यूब लगेगी जो 1100 रुपये की है। इसपर चालक ने अपने अधिकारी से बात की तो अधिकारी ने हाथ खड़े कर दिये और कहा कि बस वहीं खड़ी कर दो और यात्रियों को किसी दूसरी बस में ट्रांसफर कर दो।

रात के समय यह सुनकर यात्री परेशान हो गये। चालक के आंसू छलकते देख यात्रियों ने चंदा करके टायर की ट्यूब लगवाने का फैसला लिया। इसी बस में यात्रा कर रहे एक अधिवक्ता नीरज गौड़ ने 20-20 रुपये सबसे चंदा किया और फिर बस में नई ट्यूब डाली गयी, तब बस आगे बढ़ी। एक यात्री ने कानपुर के संयुक्त परिषद के एक नेता को इसका वीडियो भेजकर मुख्यमंत्री से लेकर परिवहन मंत्री तक भेजने की गुहार लगाई है ताकि मुख्यमंत्री को सच्चाई का पता चल सके। इस संबंध में एआरएम झकरकटी बस अड्डा महेश कुमार का कहना है कि ये घटना उनके परिक्षेत्र की नहीं है।

टोल प्लाजा पर बसों की जांच, दो सीज

कानपुर। परिवहन एमडी की तरफ से प्रदेश के सभी आरटीओ को निर्देश दिया गया है कि जो भी अनफिट बस मार्ग पर मिले, उसे सीज कर दिया जाए। बस स्वामियों को अगस्त तक फिनेटस कराने का मौका दें, उसके बाद बस को कबाड़ में कटवा दें। गुरुवार को कानपुर की आरटीओ विदिशा सिंह के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज भास्कर, कहकशां खातून, डीके सिंह, दीपक ने टीम के साथ बारा टोल प्लाजा, घामटपुर टोल प्लाजा, महाराजपुर की ओर टोलप्लाजा पर नाकेबंदी करके स्लीपर व लंबी दूरी तक दौड़ रही बसों की चेकिंग की जिसमें दो बसें हाथ लगीं जिन्हें सीज कर दिया गया। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड समेत विभिन्न प्रांतों की प्राइवेट बसों की जांच आरटीओ प्रवर्तन ने शुरु की क्योंकि ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि सीट में बस की फिटनेस कराकर स्लीपर में बसें चल रही हैं। उधर बसों की टोलप्लाजा पर हो रही धरपकड़ के बाद बस संचालकों ने पार्सलों को रोक दिया है क्योंकि भारी मात्रा में माल इन बसों से ही आता है।

सार-संक्षेप

वाहनों से टैक्स वसूली करने वालों को घेरा

कानपुर। वाहनों से टैक्स के नाम पर वसूली करने का आरोप लगाकर नगर निगम के कर्मियों को उत्तर प्रदेश आटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति की टीम ने घेर लिया। उनसे परिचय-पत्र मांगा। काफी कहासुनी के बाद नगर निगम कर्मियों ने जिस वाहन को पकड़ा था, उसे छोड़ दिया। गुरुवार को फजलगंज गड़रियनपुरवा में एक लोडर को नगर निगम की टीम ने पकड़ लिया और टैक्स के नाम पर 2200 रुपये मांगे। वाहन चालक ने इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश आटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष विक्की जायसवाल, महांमत्री मोनू यादव को दी। यूनियन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और नगर निगम कर्मी से परिचय-पत्र दिखाने को कहा। काफी देर बहस के बाद नगर निगम कर्मियों ने वाहन को छोड़ दिया।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

कानपुर। जूही थानाक्षेत्र का एक वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। वीडियो साईं पुरवा जूही का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दो पक्ष आपस में मारपीट कर रहे हैं। महिला व पुरुष एक दूसरे पर लाठी डंडे चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जूही थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो लॉकडाउन के समय का बताया गया है। किसी भी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षामित्रों ने कैंडल मार्च निकाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। संयुक्त मोर्चा शिक्षामित्र संघ के बैनर तले गुरुवार को शिक्षामित्रों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर मोतीझील कारगिल पार्क में कैंडल मार्च निकाला और काला दिवस मनाया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित किया ज्ञापन जिलाधिकारी आफिस में सौंपा।

शिक्षामित्रों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी कि प्रदेश के सभी शिक्षामित्रों को नियमित करते हुए वर्तमान महंगाई को देखते स्थाई समाधान निकाला जाए। संविदा शब्द को खत्म किया जाए। शिक्षामित्रों को बीमा चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाए। शिक्षामित्रों ने कहा कि अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। हाल ही में शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया है। अब उसी के माध्यम से समस्याओं को शासन के समक्ष रखकर बिगुल फूंका जाएगा। समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन लखनऊ में मित्र अनुदेशक व अन्य कर्मचारी संगठन लड़ाई लड़ने के लिए उतरेंगे। गुरुवार को शिक्षामित्रों की ओर से मनाए गए काला दिवस पर ऑल टीचर्स एंपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा), टीचर सेल्फ केयर टीम, एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा), उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन, परिषदीय अनुदेशक कल्याण संघ ने सहयोग दिया। इस मौके पर राजा भरत अवस्थी, आलोक यादव, विकास तिवारी, राजेश तिवारी, नीरज तिवारी, सरिता कटियार आदि रहे।

शिक्षामित्रों ने कैंडल मार्च निकालकर ज्ञापन सौंपा। अमृत विचार

दहेज और तीन तलाक की धमकी देने पर रिपोर्ट

कानपुर। अनवरगंज थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज और तीन तलाक की धमकी देने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता के अनुसार उसका निकाह दिसंबर 2022 में आजमगढ़ की गढ़िया अनवरगंज निवासी युवक से हुआ था। निकाह के एक सप्ताह बाद ही पति, ससुर, ननद और नंदोई अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन और 5 लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान ससुर ने अश्लील हरकतें कीं। विरोध किया तो चरित्र पर आरोप लगाया। उसे बेटी हुई तो पति ने तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। इस संबंध में अनवरगंज थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

धर्मांतरण के नाम पर हो रहा पादरियों का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पास्टर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ब्रजेश पाठक से मिला

अमृत विचार। पास्टर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की और उनसे मांग की कि धर्मांतरण का आरोप लगाकर पादरियों को परेशान करने का काम बंद किया जाये। जो लोग ऐसा कृत्य कर रहे हैं, उन्हें सजा दें। सभी पादरियों को परेशान न किया जाए।

बुधवार की रात कानपुर से पादरियों के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। उनसे कहा कि कुछ लोग धर्मांतरण कराने का आरोप लगाकर मसीही समाज को बदनाम कर रहे हैं। यदि कोई ऐसा करता है तो मसीही समाज उनके साथ नहीं है। प्रत्येक रविवार को चर्चों में प्रार्थना सभा होती है, उसमें तमाम लोग खुद से आ जाते हैं, ऐसे लोगों को भगाया भी नहीं जा सकता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पादरी संजय आल्विन ने कहा कि यदि कोई धर्मांतरण जैसे कृत्य में शामिल पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई की जाए। ब्रजेश पाठक ने भरोसा दिलाया कि यूपी सरकार सभी धर्म का सम्मान करती है और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में पादरी अनिल गिलबर्ट, पादरी रवि कुमार, पादरी एबी सिंह, मिसेज हैलीना सिंह, पादरी हनन्याह, भाई सुनील कुमार आदि शामिल थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ABU SAEED था अब मैंने बदलकर अपना नाम ABU SAEED KHAN रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: ABDUL KASIM, R/O, NAWDIHWA VISHUNPUR KHARAHNA PO SADULLANAGAR, Uttar Pradesh-271307

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र विनीत कुमार को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। **रामकुमार पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम जार परगना व थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर खीरी।**

सूचना

यह कि मेरे भतीजे शिवांशु बाथम पुत्र स्व. कृष्ण रतन गुप्ता निवासी मोहल्ला अजयपाल, कन्नौज का चाल चलन सही नहीं है। वह बुरी संगत में पड़कर जुए आदि का आदी हो गया है तथा मेरे नाम से पैसा लेकर उधार किया गया है। देनदारों के तगादों से परेशान हो गया हूं। इसलिए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कार्य या लेनदेन से मेरा या परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना देना नहीं होगा। अपने किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राम रतन गुप्ता, मो. अजयपाल, कन्नौज**

सूचना

वास्तव में मेरा जी एन एम नर्सिंग डिप्लोमा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1117079 41 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जी एन एम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाण पत्र खो गए हैं। **– अमित कुमार पुत्र लखन लाल निवासी ग्राम व पोस्ट–बरौना, थाना मल्लाँवा, जिला हरदोई, मो. नं. 7619002556**

सूचना

सूचित किया जाता है कि अंशिका विश्वकर्मा पुत्री श्री विजय कुमार विश्वकर्मा निवासी इमामगंज दरगाह शरीफ बहराइच का हाईस्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2280391 वर्ष 2011 और इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 1674374 वर्ष 2013 वास्तव में कहीं खो गया है। जिस किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया मोबाइल नंबर 9415491449 पर सूचित करें।

अभियान देवबंद के मौलाना पहुंचे मदरसा जामे उलूम पटकापुर, अपनी ताकत बढ़ाने के लिए जमीअत झोकेंगी ताकत

आज तकरीर कर बनाएंगे जमीअत उलमा के पक्ष में माहौल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मदरसा जामे उलूम पटकापुर में उलमा एवं छात्रों को संबोधित करते हुए दारुल उलूम देवबंद के मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा कि जुमा के रोज नमाज के पहले तकरीर करके लोगों का आह्वान करें कि वे ज्यादा से ज्यादा जमीअत उलमा हिंद के सदस्य बनें।

गुरुवार को मदरसा जामे-उलूम पटकापुर में देवबंद के मौलाना ने कहा कि मदरसों के खिलाफ साजिशें चल रही हैं, ऐसे में अपनी ताकत को बढ़ाना होगा, लिहाजा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जमीअत का सदस्य बनाएं। जमीअत उलमा हिंद ने अपनी ताकत बढ़ाने के लिए देशभर में सदस्यता अभियान जुमा के रोज से चलाने का फैसला लिया है। पूरे देश में पांच करोड़ सदस्य बनाने की मुहिम जमीअत ने छेड़ा है। अभी जमीअत के करीब 25 लाख सदस्य देश में हैं।

शुक्रवार को मस्जिद आयशा कुलीबाजार से जुमा की नमाज के बाद ये अभियान चलेगा जिसकी अगुवाई शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी करेंगे। मदरसों की आयेदिन बढ़ती परेशानियों को देखते हुए अब जमीअत ने अपनी ताकत बढ़ाने का फैसला किया है, जिसके लिए पांच करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

मदरसा के प्रवक्ता मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि मदरसे कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अब एक नई चुनौती आ गई है कि मदरसों के बच्चे भी स्कूल में अनिवार्य रूप से जाएंगे, ऐसा करने से सबसे ज्यादा हाफिज, कारी, आलिम की पढ़ाई प्रभावित हो जायेगी।

मदरसा जामे उलूम जामा पटकापुर में मौजूद दारुल उलूम देवबंद के मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मुजम्मिल, शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी।

संविधान में धार्मिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार: शहरकाजी

कानपुर। शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने मदरसों को मिलने वाली नोटिसों पर कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत मदरसों, पाठशालाओं और गुरुकुलों को बिल्कुल अलग किया गया है। भारतीय संविधान ने हमें धार्मिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार दे रखा है। जहां भी नोटिस पहुंच रही हैं, वहां के मदरसों के जिम्मेदार सामूहिक रूप से हस्ताक्षर करके जिला के शिक्षा अधिकारी के पास इसका लिखित जवाब भेज सकते हैं। गुरुवार को जामे उलूम पटकापुर में यूपी जोन-1 के उमूमी व इनामी इजलास कार्यक्रम में जोन के अध्यक्ष मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी ने अध्यक्षता की। मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी, मौलाना इस्लामुल हक असजद कासमी ने मदरसों में तालीम की गुणवत्ता बढ़ाने को कहा। मौलाना मुहम्मद इब्राहीम कासमी, मुहम्मद तारिक शम्सी, मौलाना अख्तर हुसैन कासमी, बहराइच के मौलाना मुहम्मद फारुक कासमी, संतकबीर नगर के मौलाना मुहम्मद शाहिद मौजूद रहे।

कार्यालय–मार्ग प्रकाश विभाग नगर निगम कानपुर।

अति–अल्पकालीन सा0 निविदा सूचना

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत सामग्री क्रय हेतु जनरल सप्लायरों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुसार 03 कार्य हेतु अति–अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आंमत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की बेवसाइट www.kmc.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय	29.07.2024 दोपहर 3:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि व समय	29.07.2024 सायं 4:00 बजे
कार्य की संख्या	03

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लेखित कार्य का विवरण, आगणन, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयअवधि का विवरण एवं निविदा की शर्ते उपरोक्त बेवसाइट पर देखी जा सकती हैं।

प्रभारी अभियन्ता (मा0प्र0)
नगर निगम कानपुर
Ro no. 54

नगर आयुक्त
नगर निगम कानपुर
दिनांक: 25.07.2024

आज का मौसम

तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

35.4°	26.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 31	सूर्यास्त 06 : 59

शहर में आज

- **जागरुकता कार्यक्रम :** वर्ल्ड ओआरएस सप्ताह पर भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा जागरुकता कार्यक्रम नारायणा मेडिकल कालेज पनकी में सुबह 10 बजे।
- **उद्घाटन :** फिल्म आदेश का उद्घाटन सपना पैलेस माल रोड पर सुबह 10 .30 बजे।
- **भेंटवार्ता :** माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं को लेकर एमएलसी अरुण पाठक द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता, सायं 4 बजे।

एक नजर

ससुर और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर निवासिनी महिला ने अपने ससुर और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए डीसीपी सेंट्रल से शिकायत की है। पीड़िता ने जेठानी पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

परीक्षा को लेकर दिए निर्देश

कानपुर। प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उप्र पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में समीक्षा गोष्ठी कर दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी में अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह ने तैयारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

अस्पताल संचालक के खिलाफ पुलिस से गुहार

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र के शिवली रोड निवासिनी अनीता कुशवाहा ने दो माह की सेलरी न मिलने पर पुलिस से शिकायत की है। अनीता ने बताया कि कल्याणपुर क्षेत्र के एक नर्सिंग होम में रिसेप्शनिस्ट थी। सेलरी न मिलने के कारण जॉब छोड़ दी और अपनी दो माह की सैलरी 12,700 रुपये मांगे जो आज तक नहीं दी।

इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, वेंडर कियोस्क, स्मार्ट बस स्टॉप और ईवी चार्जिंग स्टेशनों का नहीं मिल रहा शहरवासियों को कोई फायदा

कहीं घटिया निर्माण तो कहीं कागजों पर पूरे और जमीन पर अधूरे काम

स्मार्ट सिटी में भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्मार्ट सिटी के नाम पर घटिया काम और नगर निगम के कामों को अपना बताकर भुगतान लेने की शिकायतों के बीच कई काम ऐसे भी हैं जो अधूरे हैं, लेकिन कागजों पर उन्हें पूरा दिखा दिया गया है। कुछ काम ऐसे हैं, जो पूरे होने के बाद आज तक शुरू नहीं किए जा सके हैं। नगर निगम में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर, ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में वेंडर कियोस्क, स्मार्ट सिटी बस स्टॉप और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग प्वाइंट की योजनाएं आज तक शुरू नहीं हो पाई है। जनता इन सुविधाओं की राह ताक रही है। हालांकि स्मार्ट सिटी की वेबसाइट पर यह सभी काम पूरे हो चुके हैं। फूलबाग स्थित चिल्ड्रेन पार्क और फूलबाग से नरोना चौराहे की पहली स्मार्ट रोड धंसने पर जनप्रतिनिधियों ने विभाग को कठघरे में खड़ा किया था।

ब्रजेंद्र स्वरूप पार्क में ट्रांसफर स्टेशन के बाहर फैला कूड़ा। अमृत विचार

ट्रांसफर स्टेशनों पर ताला, बाहर बजबजा रहा कूड़ा

शहर में खुले कूड़ाघरों को खत्म कर 72 स्मार्ट कूड़ाघर (सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन) बन रहे हैं। 16 अक्टूबर 2023 को साईं बिल्डर्स को वर्क ऑर्डर जारी हुआ था। स्मार्ट सिटी अधिकारियों के अनुसार शहर को कूड़ा फ्री बनाने के लिए 40 ट्रांसफर स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं। 20 ट्रांसफर स्टेशन अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। 12 ट्रांसफर स्टेशनों का काम रुका पड़ा है। एक कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाने पर 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च आया है। इन ट्रांसफर स्टेशनों में 20 फीसदी ही शुरू हो पाए हैं। बाकी जगह ट्रांसफर स्टेशन बंद पड़े हैं और बाहर सड़क पर कूड़ा डंप हो रहा है।

> लंबे समय से स्मार्ट सिटी के कार्यों के खिलाफ मैं आवाज उठा रहा हूं। अगर शासन ने संज्ञान लिया है तो अच्छा है। स्मार्ट सिटी ने अनुपयोगी कार्यों को भी कराया। मानक के विरुद्ध अधिकारियों ने कार्य किए। पैसों की बंदरबांट हुई है। सही से जांच हो जाए तो कई अधिकारी नपेंगे। लेकिन बड़े मगरमच्छों पर कार्रवाई होनी चाहिए, ऐसा न हो जांच के नाम पर छोटी मछलियों को फंसा दिया जाए।
>
> **– अमिताभ बाजपेयी, विधायक सपा**

स्मार्ट सिटी पूरे शहर में अनियमितता कर रहा है। गणेश उद्यान का गेट मैंने बनवाया था। पार्क निर्माण के समय गेट को ठीक कर स्मार्ट सिटी ने मेरा नाम ही हटा दिया और कानपुर स्मार्ट सिटी लिख लिया। हालांकि बाद में हटाया। झकरकटी तालाब के सुंदरीकरण में नगर निगम ने चुनिंदा संस्था को टेंडर एलॉट कर दिया। जांच तो होनी ही है।

– सलिल विश्नोई, एमएलसी, भाजपा

स्मार्ट सिटी के काम में भ्रष्टाचार, शिकायतों पर बैठी जांच

पहली स्मार्ट सड़क के ही हाल-बेहाल

- फूलबाग से नरोना चौराहे तक 34 .50 करोड़ लागत से बनी शहर की पहली स्मार्ट रोड बदहाल है। यहां टेंपों स्टैंड से लेकर ठेले, गुमटी सभी तरह का अतिक्रमण है। मेट्रो ने भी इस स्मार्ट रोड को कई जगह खोद डाला है। सीवर लाइन टूटने की वजह से यहां सीवर भराव हो रहा है। बरसात होने पर हालत और खराब हो जाती है। फुटपाथ किनारे लगी रेलिंग कई जगह गायब हो गई है। नगर निगम और स्मार्ट सिटी से जुड़े अधिकारी मेट्रो के निर्माण कार्य का बहाना बनाकर कमियों पर पर्दा डाल रहे हैं।

आईआईटी ने परखे 18 काम, 26 कार्यों की चल रही जांच

- नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की इलेक्ट्रिसिटी स्काडा, वाटर सप्लाई स्काडा दो परियोजनाओं में आईआईटी ने पीएमसी के रूप में कार्य किया है। 18 कार्यों की आईआईटी कानपुर के माध्यम से थर्ड पार्टी तकनीकी जांच कराई गई है। 26 परियोजनाओं की जांच अभी कराई जा रही है।

अफसर बोले-8 विभागों और 39 वेंडरों ने किए कार्य, नहीं हुई गड़बड़ी

- स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि खास वेंडरों से काम कराने का आरोप गलत है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत हुए काम 8 विभागों व कार्यदायी संस्था के साथ ही 39 वेंडरों ने किए हैं। सभी काम नियमों के तहत कराए गए हैं। कहीं पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

12.65 करोड़ से बना चिल्ड्रेन पार्क बंद पड़ा

कानपुर स्मार्ट सिटी ने फूलबाग में बाल उद्यान (आधुनिक चिल्ड्रेन पार्क) का सुंदरीकरण व उच्चीकरण किया है। इस काम पर लगभग 2 .65 करोड़ रुपये खर्च किये गए। लेकिन फूलबाग मल्टीलेवल पार्किंग से बाल उद्यान की ओर जाने वाली पेयजल लाइन में भूमिगत रिसाव हो गया। कई जगह लाइन फट गई। इससे आधुनिक चिल्ड्रेन पार्क में रंग बिरंगा फुट-ट्रैक कई जगह धंस गया। यहां लगाये गये कई नये झूलों के पास पानी जमा हो गया। मामला सामने आने पर नगर निगम ने जांच कमेटी गठित की, जिसकी रिपोर्ट लंबित है और पार्क बंद पड़ा है।

फूलबाग में चिल्ड्रेन पार्क की यह हालत है। अमृत विचार

सेंट्रल स्टेशन पर मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं: जीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर री-डेवलपमेंट का काम अगले साल मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद यहां यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसी के साथ कानपुर-लखनऊ रूट पर जल्दी ही सेमी हाई स्पीड ट्रेनें दौड़ेंगी।

अनवरगंज से मंधना के बीच फर्रुखाबाद लाइन पर एलिवेटेड रेल ट्रैक में जरीब चौकी पर कुछ अड़चन हैं, जिसे दूर किया जा रहा है। यह बात गुरुवार को उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने रेलवे स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए कही।

मानचित्र देखते महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी और डीआरएम हिमांशु बडोनी।

एनसीआर के महाप्रबंधक ने कहा कि नई दिल्ली से दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की तरह कानपुर-लखनऊ रूट भी साल के अंत तक सेमी हाई स्पीड ट्रैक हो जाएगा। इसके बाद इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। अभी इस रूट पर स्वर्ण शताब्दी अधिकतम 110 किमी की गति से चलती है। गति बढ़ने पर कानपुर से लखनऊ का सफर 50-55 मिनट में पूरी होगा। इसके अलावा महाप्रबंधक ने सेंट्रल स्टेशन के बाद अमृत भारत योजना के तहत गोविंदपुरी, पनकीधाम, अनवरगंज स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया और सभी काम समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

- **एलिवेटेड रेल ट्रैक के निर्माण में जरीब चौकी पर अड़चन दूर करने में लगा है नार्थ ईस्ट रेलवे**
- **उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर विकास कार्य समय से पूरे करने का दिया निर्देश**

गोविंदपुरी व पनकीधाम स्टेशन से अतिरिक्त ट्रेनें

फतेहपुर से ट्रैक का विंडो निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक सीधे पनकीधाम स्टेशन फिर गोविंदपुरी स्टेशन पहुंचे। उन्होंने कहा कि काम पूरा होते ही गोविंदपुरी और पनकीधाम स्टेशन को एक दर्जन से ज्यादा अतिरिक्त ट्रेनें मिलेंगी। गोविंदपुरी से सेंट्रल स्टेशन आने के बाद महाप्रबंधक सड़क मार्ग से अनवरगंज स्टेशन का निरीक्षण करने गए। इस दौरान अनवरगंज से मंधना के बीच फर्रुखाबाद लाइन पर बनने वाले एलिवेटेड रेल ट्रैक के बारे में उन्होंने कहा कि इसमें जरीब चौकी रेलवे क्रासिंग पर कुछ अड़चन हैं, जिस पर नार्थ ईस्ट रेलवे काम कर रहा है। निरीक्षण में डीआरएम हिमांशु बडोनी, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह रहे।

सड़कें सुधारना, जलभराव दूर करना होगी प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर के नगर आयुक्त बनाये गये सुधीर कुमार गहलोत ने गुरुवार को नगर निगम पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया। नगर आयुक्त ने कहा कि बारिश के दौरान जगह-जगह सड़कें खराब हो गई हैं। सड़कों का सर्वे कराकर उन्हें गड्ढामुक्त करेंगे। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में जलभराव हो रहा है। सोसाइटी क्षेत्रों में होने वाले जलभराव का भी सर्वे कराएंगे। इस समस्या को दूर कराना प्राथमिकता होगी। नगर आयुक्त ने चार्ज लेने के बाद महापौर प्रमिला पांडेय के कार्यालय जाकर मुलाकात की।

सीडीओ रहे सुधीर कुमार को नया नगर आयुक्त बनाया गया है। वह गुरुवार दोपहर नगर निगम पहुंचे और चार्ज संभालते ही अधिकारियों और महापौर के साथ संक्षिप्त बैठक की। नगर निगम के कार्यों और विकास कार्यों को समझा। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कहा कि शहर में राजस्व वसूली, सफाई और अतिक्रमण पर भी उनका फोकस रहेगा। गृहकर बिल की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। हर जोन और वार्ड में कैंप लगाए जाएंगे। नगर आयुक्त ने कहा कि उनका लक्ष्य शासन की ओर से दिये गये टारगेट को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि 500 करोड़ के रेवेन्यू को बढ़ाकर 700 करोड़ तक ले जाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि सूरत जैसे छोटे शहर में राजस्व वसूली काफी बेहतर है। कानपुर को भी नंबर एक बनाना है। सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा।

महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर आयुक्त का स्वागत किया। अमृत विचार

- **नए नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने संभाला चार्ज, गिनाईं प्राथमिकताएं**
- **गृहकर के बिलों की समस्याओं को दूर करने के लिये लगेंगे कैंप**

एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग होगी

नगर आयुक्त ने कहाकि बारिश को देखते हुए जलभराव की समस्या का त्वरित निदान और एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग का कार्य भी तेज किया जाएगा। अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि कानपुर में जाम और अतिक्रमण बड़ी समस्या है। जिसे चिह्नित करने के साथ ही अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सही तरीके से चलाने के निर्देश दिये।

अवैध तरीके से हुए बैनामे रद कराएगा प्रशासन

अमृत विचार प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सपई गांव में मेगा लेदर क्लस्टर के लिए अनुसूचित जाति के किसानों से सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना खरीदी गई भूमि का बैनामा रद होगा। बैनामा रद करने के लिए राजस्व विभाग सिविल कोर्ट में वाद दायर करेगा। कड़रीचंपतपुर और सपई गांव में ग्राम समाज, ऊसर और बंजर भूमि का हुआ बैनामा भी रद होगा। इसके लिए भी राजस्व विभाग को सिविल कोर्ट में वाद दायर करना होगा। एडीएम वित्त एवं राजस्व की ओर से इस संबंध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने एसडीएम सदर से रिपोर्ट मंगा ली है।

अमृत विचार ने भूमि के बैनामे में हुए फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने इसका संज्ञान लिया। ग्राम समाज, ऊसर और बंजर भूमि का बैनामा करने वाले किसानों पर वैसे तो धोखाधड़ी की एफआईआर होनी चाहिए पर यह कार्रवाई नहीं होगी। इस बात के संकेत अधिकारियों ने दिए हैं। कुरौना बहादुर नगर, सेन पूरब पारा, मगरासा गांव में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना होनी है। इसके लिए वहां 102 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। उद्यमियों ने वहां 22 हेक्टेयर भूमि खरीद ली है और 42 हेक्टेयर भूमि का पुनर्ग्रहण कराया है। 35 हेक्टेयर से अधिक भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की है। इस भूमि के बदले में ही मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लि. को भूमि देनी है। कंपनी ने इसीलिए कड़री चंपतपुर और सपई गांव में भूमि खरीदी है। हालांकि यहां कंपनी के निदेशक धोखाधड़ी के शिकार हो गए। 9 हेक्टेयर से अधिक भूमि उन्होंने ऐसी खरीद ली जो ग्राम समाज, ऊसर,बंजर और जलौनी लकड़ी के लिए सुरक्षित है। ये भूमि पहले किसानों को पट्टे पर दी गई थी। बाद में पट्टा रद हो गया था। उन्हीं किसानों ने जानबूझकर यह भूमि कंपनी को रजिस्ट्री कर दी। परिणाम स्वरूप कंपनी के नाम भूमि का दाखिल खारिज नहीं हुआ और भूमि अब ग्राम समाज में निहित होगी।

लेदर क्लस्टर के लिए बेच दी ग्राम समाज की जमीन

भूमि के आवंटन के अभिलेख भी गायब, फंसा दाखिल-खारिज

अमृत विचार ने किया था खुलासा। क्लस्टर विवादों में फंसने की जानकारी दी थी।

- **सिविल कोर्ट में वाद दायर करेगा राजस्व विभाग**

रनवे पर मरम्मत के बाद लगाया गया आईएलएस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कई दिनों से खराब चल रहा था आईएलएस**

अमृत विचार। चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर अब विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेकआफ सुनिश्चित हो गई है। दरअसल यहां कई दिनों से खराब चल रहा आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) मरम्मत के बाद रनवे पर फिर से लगा दिया गया है।

आईएलएस पायलट को यह दिशा देता है कि उन्हें विमान को कैसे लैंडिंग या टेकआफ कराना है। बीते दिनों यह सिस्टम खराब हो गया था। एयरपोर्ट पर आईएलएस के बिना विमान सेवाओं का संचालन इस कारण संभव हो रहा था, क्योंकि यहां से दिल्ली और मुंबई के विमान दिन में ही आते -जाते हैं। बेंगलुरू की फ्लाइट भी सप्ताह में तीन बार दिन में ही संचालित होती है। अभी एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग में आ रही अड़चन का समाधान नहीं हो सका है।

कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार ने बताया कि नया टर्मिनल बनने पर नया आईएलएस लगाया गया था, इसकी देखरेख का काम एयरफोर्स के माध्यम से होता है। विमानों के टेकआफ और लैंडिंग में कोई दिक्कत नहीं आ रही है।

बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में 'ट्रैफिक दोस्त' को बताएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने 'ट्रैफिक दोस्त' की लांचिंग कर सुझाव मांगे हैं। शहरवासी ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी की गई सोशल साइट्स व हेल्पलाइन पर यातायात व्यवस्था के संबंध में अपने सुझाव दे सकते हैं। 15 दिन बाद सुझावों पर अमल करने का कार्य किया जाएगा।

शहर के लिए सबसे बड़ा नासूर यहां की ट्रैफिक व्यवस्था है। प्रमुख चौराहों से लेकर गलियों तक में लोगों को रोज जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने 'ट्रैफिक दोस्त' की लांचिंग की। इस मौके पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर व डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि शहरवासी फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, ई-मेल व हेल्पलाइन नंबर पर अपने-अपने सुझाव दे सकते हैं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मोहल्ले की गलियों, चौराहों, स्टेट हाईवे, हाईवे पर ट्रैफिक से संबंधी समस्या शहरवासी सोशल साइट्स पर बता सकते हैं। साथ ही अतिक्रमण, जर्जर सड़क, वन-वे लागू करने व हटाने, फुटओवर ब्रिज बनवाने वाले स्थानों पर भी सुझाव दे सकते हैं। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि यह अभियान 15 दिनों तक चलेगा। शहरवासियों की समस्याओं व उनके निराकरण का एक डोजियर तैयार किया जाएगा। जिससे आगे आने वाले अधिकारियों को भी इसके बारे में पूरी जानकारी हो सकेगी। इसके अगले चरण में समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। सुझावों को अधिकारियों व शासन तक पहुंचाया जाएगा।

लांचिंग करते एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर व डीसीपी आरती सिंह।

- **15 दिन चलाया जाएगा अभियान, गलियों से लेकर हाईवे तक की सुनी जाएंगी समस्याएं**
- **ट्रैफिक पुलिस ने सोशल साइट्स पर मांगी जानकारी, हेल्पलाइन नंबर जारी**

इन साइट्स पर दे सकते हैं सुझाव

- x.com/kanpurtraffic
- www.facebook.com/kanpurnagartrafficpolice
- www.instagram.com/kanpurnagartraffic/
- kanpurtraffic@gmail.com
- हेल्पलाइन नंबर-9305104387

अंतरिक्ष की बात | आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. प्रशांत पाठक खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल

खगोलविदों ने खोजा नया ग्रह, नाम दिया 'सुपर जुपिटर'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आईआईटी कानपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रशांत पाठक सहित खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए डायरेक्ट इमेजिंग तकनीक के माध्यम से एक नए विशालकाय ग्रह की खोज की है। इसे 'सुपर-जुपिटर' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इप्सिलोन इंडी एबी नामक यह ग्रह पृथ्वी के निकट पहला प्रत्यक्ष रूप से चित्रित परिपक्व बाह्य ग्रह है। यह बृहस्पति से द्रव्यमान के मामले में कम से कम छह गुना बड़ा है। यह नया ग्रह पृथ्वी से 12 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और काफी ठंडा है।

कानपुर आईआईटी में डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस, प्लैनिटेरी एंड ऐस्ट्रनामिकल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग (स्पेस) के सहायक प्रोफेसर डॉ.प्रशांत पाठक के अनुसार सूर्य के समान एक नजदीकी तारे की परिक्रमा करने वाला यह विशाल ग्रह प्रत्यक्ष इमेजिंग तकनीक का उपयोग कर खोजा जाने वाला पहला परिपक्व एक्सोप्लैनेट (सौर मंडल से परे एक ग्रह) है। इस खोज और अनुसंधान का पूरा ब्यौरा विश्व की अग्रणी विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित किया गया है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के मिड-इंफ्रारेड उपकरण का उपयोग करते हुए खगोलविदों की टीम ने के 5वी प्रकार के तारे इप्सिलोन इंडी ए की परिक्रमा कर रहे नए बाह्य ग्रह का प्रत्यक्ष चित्र लिया है। यह सफलता अंतरिक्ष का अन्वेषण कर रहस्यों को उजागर करने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

खगोलविदों के अनुसार नया ग्रह पृथ्वी से 12 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसकी कक्षा काफी बड़ी है। यह अपने तारे की परिक्रमा हमारी पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से 28 गुना अधिक दूरी पर करता है। खोज के संबंध में जर्मनी के हीडलबर्ग स्थित मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोनॉमी की शोधकर्ता एलिजाबेथ मैथ्यूज के मुताबिक पिछले अध्ययनों ने ग्रह की सही पहचान की थी, लेकिन इसके द्रव्यमान और कक्षीय पृथक्करण को कम करके आंका गया था। जब हमें अहसास हुआ कि हमने नए ग्रह की तस्वीर ले ली है, तो हम बेहद उत्साहित हो गए। जेडब्ल्यूएसटी की मदद से टीम सही रिकार्ड स्थापित करने में सफल रही। आईआईटी के सहायक प्रोफेसर डॉ. पाठक ने बताया कि यह खोज काफी रोमांचक रही, इससे ऐसे ग्रहों के बारे में और अधिक जानने का मौका मिला, जो हमारे अपने ग्रहों से बहुत अलग हैं। इस ग्रह के वायुमंडल में एक असामान्य संरचना प्रतीत होती है, जो हमारे अपने सौर मंडल के ग्रहों की तुलना में उच्च धातु सामग्री और एक अलग कार्बन-से-ऑक्सीजन अनुपात को इंगित करती है। अब अगला लक्ष्य स्पेक्ट्रा प्राप्त करना है।



जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के मिड-इंफ्रारेड उपकरण से ली गईं नए ग्रह की तस्वीरें।

- **पृथ्वी से 12 प्रकाश वर्ष दूर स्थित नया ग्रह द्रव्यमान में बृहस्पति से छह गुना बड़ा और काफी ठंडा**
- **जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के मिड-इंफ्रारेड उपकरण का इस्तेमाल कर लीं तस्वीरें**

> यह खोज एक्सोप्लैनेट शोध में मील का पत्थर है। इससे आने वाले समय में हमें नए ग्रहों की खोज करने में काफी मदद मिलेगी। यह अनुसंधान अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ मिलकर अंतरिक्ष के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में आईआईटी कानपुर के वैश्विक योगदान को उजागर करता है।
>
> **-प्रो. मणींद्र अग्रवाल, निदेशक, आईआईटी कानपुर**

शोध टीम में यूएसए, यूके और चीन भी रहे शामिल

शोधकर्ताओं की टीम में कानपुर आईआईटी के डॉ.प्रशांत पाठक के साथ जर्मनी से एलिजाबेथ मैथ्यूज व लेइंडर्ट बूगार्ड, यूएसए से आर्यन कार्टर, साई कृष्ण पुलकेसी मन्नान व जेनिफर बर्ट, यूके से कैरोलीन मोर्ले, चीन से फैबो फेंग, स्विटजरलैंड से मार्कस बोन्स समेत कई देशों के विशेषज्ञ शामिल रहे।

11 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल, रिजवान और तीन परिजन अभी भी जेल में हैं

बांग्लादेशी डॉ. रिजवान की पत्नी जेल से रिहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मूलगंज के बांग्लादेशी डॉक्टर रिजवान की पत्नी हिना खालिद को 19 महीने बाद जमानत मिलने के बाद कानपुर जेल से रिहा कर दिया गया है। डॉक्टर रिजवान और उसके परिजनों को दो वर्ष पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उन लोगों पर अवैध तरीके से देश में रहने के आरोप में कार्रवाई की गई थी। डॉ. रिजवान अभी भी कानपुर जेल में बंद है।

मूलगंज पुलिस ने 11 दिसंबर 2022 को कूटचरित भारतीय आधार कार्ड और अन्य फर्जी दस्तावेजों के साथ बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिजवान मोहम्मद और उसके परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। आईपीसी की धारा 471 व 14 विषयक विदेशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। 29 वर्ष पहले बांग्लादेशी नागरिक डॉ रिजवान ने मूलगंज में रहने वाले मोहम्मद खालिद की बेटी हिना से शादी की थी, जिससे उसे दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस ने डॉ रिजवान के अलावा उसकी पत्नी, ससुर और दोनों बेटे व बेटी को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार रिजवान बांग्लादेशी है, इसकी जानकारी कमिश्नरेट पुलिस को 2018 से थी। इंपीरियल अपार्टमेंट में रिजवान मोहम्मद चार वर्ष से रह रहा था। रिजवान की पत्नी हिना खालिद कुछ महिलाओं के साथ मिलकर किटी पार्टी करती थी। इस दौरान उसने महिला मित्रों को अपनी प्रेम कहानी सुनाई कि किस तरह से एक बांग्लादेशी उसके प्रेम में पड़ा। कैसे दिल्ली के फाइव स्टार होटल मैरिएट में 29 साल पहले दोनों की शादी हुई। उनके घर पर एक पुलिस अधिकारी का भी आना जाना था। जिसकी बाद में जांच भी की गई थी तो बांग्लादेशी नागरिक के रहने का खुलासा हुआ था।

एक नेपाली भी रिहा, कई विदेशी हैं बंद

जेल में लंबे समय से बंद नेपाली नागरिक अमन थापा भी गुरुवार को जमानत पर रिहा किया गया है। वर्तमान में कानपुर जेल में नाइजीरिया के एकवार आवेकूटा निवासी मोसिस, नाइजीरिया के अकपासो इलेमा निवासी मोसिस, बांग्लादेशी निवासी डॉक्टर रिजवान मोहम्मद, नेपाल के लहुआरवा निवासी नन्द किशोर, नेपाल के भुटवल निवासी संदीप प्रसाद, बांग्लादेश निवासी अखी और नजमा उर्फ पूजा आदि बंद हैं।

सुप्रीम कोर्ट जा सकती है शहर पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के हस्ताक्षर मेल न खाने का मामला

अमृत विचार। सीसामऊ से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के लेटरहेड पर जारी किए गए फर्जी निवास प्रमाण पत्र को आधार बनाकर बांग्लादेशी डॉ रिजवान मोहम्मद के परिवार को भारत की नागरिकता मिलने के मामले में इरफान के हस्ताक्षर नहीं पाए गए हैं। झांसी फोरेंसिक लैब से आई हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। जिसके बाद अब पुलिस सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। इस मामले में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर का कहना है कि कानूनी एक्सपर्ट से सलाह ली जा रही है।

10 दिसंबर 2022 को मूलगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर नागरिकता हासिल कर अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक डॉ. रिजवान, उसकी पत्नी हिना खालिद, बड़ी बेटी रुखसार व दो नाबालिग बेटों और ससुर खालिद को पकड़ा था। पुलिस ने रिजवान के पास से आधार कार्ड, बांग्लादेश के पते वाले चार पासपोर्ट, नकदी, डॉलर व लाखों रुपये कीमत के जेवर बरामद किए थे। पुलिस का दावा है कि पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी और पार्षद मन्नू रहमान के लेटर पैड पर बने निवास प्रमाण पत्र के जरिये रिजवान ने आधार कार्ड बनवाए। इसी लेटरहेड के आधार पर पुलिस ने डॉ रिजवान, हिना, तीनों बच्चो, ससुर के अलावा इरफान सोलंकी व मन्नू रहमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। 50 पन्नों में इरफान से 1350 बार हस्ताक्षर लिए गए और जांच के लिए झांसी लैब भेज दिए गए, ताकि इनका मिलान लेटरहेड पर हुए हस्ताक्षरों से कराया जा सके। झांसी लैब की रिपोर्ट में हस्ताक्षर इरफान के नहीं पाए गए हैं।

हाईकोर्ट ने 14 दिन में सरकार से मांगा जवाब

- इरफान सोलंकी ने सजा के खिलाफ दाखिल की है याचिका
- मामले में सुनवाई की तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई

कानपुर। इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो हफ्ते में प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। गुरुवार को मामले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 8 अगस्त निर्धारित की है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद पूर्व विधायक इरफान सोलंकी ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। नजीर फातिमा की झोपड़ी जलाने के मामले में पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाला को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट 7 साल की सजा सुनाई थी। इरफान सोलंकी ने अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने व जमानत पर रिहा करने की हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजीव मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनवाई की। न्यायाधीश ने 14 दिनों के भीतर प्रदेश सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है।

आपत्तिजनक नारे लगाने में चार आरोपी भेजे गए जेल

कानपुर। रावतपुर थानाक्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस के दौरान मंदिर के सामने आपत्तिजनक नारे लगाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को जेल भेजा है। इस मामले में पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच कर 51 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि मोहर्रम पर अलम जुलूस के दौरान शीतला माता मंदिर रामशाला मैदान में पिछले बुधवार देर रात अराजकतत्वों ने आपत्तिजनक नारेबाजी की थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच और लोगों से पूछताछ की थी। इसके आधार पर जुलूस के आयोजक आसिफ शाह उर्फ टीटू और 50 अज्ञात के विरुद्ध धार्मिक भावनाएं आहत करने व साइबर अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के बाद से आरोपी आयोजक फरार है। गुरुवार को पुलिस ने मामले में रावतपुर गांव निवासी फहीम अली, मोहम्मद अनस, मुन्ना प्लंबर और अली वारिस को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया है। एसीपी के अनुसार विवेचना के दौरान दोषी पाए गए अन्य व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमिका को वीडियो कॉल कर जान दे दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हनुमंत विहार थानाक्षेत्र की घटना, पुलिस ने जब्त किया मोबाइल
- कई दिनों से चल रहा था दो बच्चों की मां से प्रेम प्रसंग, जांच शुरू

अमृत विचार। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने प्रेम प्रसंग में प्रेमिका को वीडियो कॉल कर पहले ब्लेड से हाथ की नस काटी इसके बाद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने उसके मोबाइल को जांच के लिए जब्त कर लिया।



खाड़ेपुर नई बस्ती निवासी 20 वर्षीय करन वर्मा दादा नगर स्थित प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करता था। मौसा सीताराम ने बताया कि उसका प्रेम प्रसंग दो बच्चों की मां से चल रहा था।

बुधवार देर रात करन ने महिला को वीडियो कॉल की, इसके बाद किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो उसने पहले अपने हाथ की कलाई को ब्लेड से काटा इसके बाद दुपट्टे से फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह उसका शव देखकर मां रामकुमारी व शादीशुदा बहन कोमल अचेत हो गई। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप के अनुसार युवक के मोबाइल में एक महिला की फोटो मिली है। फोन को जब्त कर जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

महिला का शव फंदे से लटका मिला

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से जिला फतेहपुर के थाना गाजीपुर व हाल पता सुजातगंज रेलबाजार निवासी रुस्तम ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी 20 वर्षीय पुत्री अलीशा का निकाह दो वर्ष पूर्व गिरजा नगर नई बस्ती निवासी सुफयान से किया था। पिता और भाई मोहम्मद जीशान का आरोप है कि पति आए दिन दहेज की मांग पूरी न करने पर नशे में धुत होकर उसे पीटता था। प्रताड़ना से तंग आकर बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता के अनुसार घटना के बाद से पति फरार है। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बांग्लादेशी युवती अखीमुंशी का खंगाला जा रहा इंदौर कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर पुलिस ने दो युवतियों को गिरफ्तार कर बरामद किए थे दस्तावेज
- एक महिला ने इंदौर के पते पर बनवाया था अपना फर्जी आधार कार्ड

अमृत विचार। कल्याणपुर पुलिस बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी के बाद लगातार उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तार की गई बांग्लादेशी महिला अखीमुंशी का इंदौर कनेक्शन खंगाला जा रहा है। पुलिस को जानकारी मिली है कि गिरफ्तार हुई नजमा उर्फ पूजा और अखीमुंशी ने एक साथ कोलकाता में काफी समय बिताया था। उसके बाद नजमा लखनऊ गई और वहां से कानपुर पहुंची।

रविवार को कल्याणपुर पुलिस ने बांग्लादेशी महिला नजमा उर्फ पूजा को गिरफ्तार किया था। उसी से पूछताछ के आधार पर बुधवार को अखीमुंशी उर्फ मधु सिंह को गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि अखीमुंशी 20 वर्ष पहले भारत आ गई थी। वह और नजमा एक ही मोहल्ले की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि अखीमुंशी भी पहले कोलकाता में ही रही। नजमा अक्तूबर 2023 में कोलकाता आ चुकी थी तब इन दोनों ने दुर्गा पूजा का समय एक साथ कोलकाता में बिताया। इसी दौरान नजमा की मुलाकात रीना और ज्योति से हुई थी। यह चारों एक साथ पहले लखनऊ गई। नजमा, रीना और ज्योति वहां से कानपुर आ गईं थीं। इस मामले में एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर के अनुसार आईबी और एटीएस लगातार इस मामले में काम कर रही हैं। जैसे इनपुट हमसे साझा करेंगी। उसके आधार पर आगे की रणनीति बनाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी आधार और पैन कार्ड के लिए किया जाएगा संपर्क

पुलिस के अनुसार अखीमुंशी ने इंदौर के पते पर आधार बनवाया था। पैनकार्ड के अलावा उसका एसबीआई में खाता है। इसके सत्यापन के लिए यूआईएआई और पैनकार्ड के लिए आयकर विभाग से संपर्क किया जाएगा। यह भी पता लगाया जाएगा कि अखीमुंशी का इंदौर में क्या कनेक्शन है। डीसीपी ने कहा एक टीम सारी जानकारियों को सत्यापित करने के लिए कोलकाता भेजी जाएगी।

असिस्टेंट मैनेजर के घर चोरी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीआईएसएफ का जवान बताकर बर्रा सात निवासी एलआईसी के असिस्टेंट मैनेजर के घर से 13 लाख का माल पार करने वाले आरोपी व चोरी के जेवरात खरीदने वाले सर्राफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। 12 जुलाई की रात आरोपी ने असिस्टेंट मैनेजर को नशीला पदार्थ खिलाकर घटना को अंजाम दिया था।

बर्रा सात निवासी सत्येंद्र सिंह भदौरिया रतनलाल नगर स्थित एलआईसी कार्यालय में असिस्टेंट मैनेजर हैं। 12 जुलाई को उनके पास एक कॉल आई थी, जिसमें युवक ने खुद को उनकी पत्नी के गांव का बताते हुए सीआईएसएफ का जवान बता कर एलआईसी की पॉलिसी लेने की बात कही थी। सत्येंद्र की पत्नी शालिनी अपने मायके गई हुई थी। झांसे में आकर सत्येंद्र ने युवक को घर बुला लिया। बातचीत के दौरान रात होने पर युवक ने सवारी न मिलने की बात कहते हुए घर में रुकने का आग्रह किया, जिस पर सत्येंद्र ने सहमति जता दी। आरोपी ने रात में सत्येंद्र के खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया और 10 लाख के जेवरात व 3 लाख नकदी लेकर भाग गया था। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने अपना नाम उरई जनपद निवासी दिलीप सिंह चौहान बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने जेवरात उरई निवासी सर्राफ सनी शिंदे को बेचे थे। सर्राफ को भी गिरफ्तार किया गया।

आरोपी दिलीप, सनी। अमृत विचार

- पॉलिसी कराने का झांसा देकर घर आया था आरोपी

फजलगंज में फिर फटी पेयजल लाइन, घरों में नहीं पहुंचा पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जलकल ने गुरुवार देर शाम लाइन की मरम्मत करा दी
- आज बेनाझाबर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सप्लाई रहेगी बंद

अमृत विचार। फजलगंज में मरियमपुर शनिदेव मंदिर के सामने गुरुवार को फिर पेयजल लाइन में लीकेज हो गया। इससे आस-पास के कई क्षेत्रों में शाम को पानी नहीं पहुंच सका। जलकल ने देर शाम लाइन की मरम्मत कर ली है। वहीं, शहर के उत्तरी इलाके में शुक्रवार की शाम बेनाझाबर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से 26 जोनल पंपिंग स्टेशनों को जलापूर्ति ठप रहेगी। जलकल के महाप्रबंधक आनंद कुमार त्रिपाठी ने लोगों से अपील की है कि जलकल मुख्यालय में बिजली का पैनल संबंधी कार्य किया जाएगा, इसलिए शुक्रवार की सुबह ही पीने का पानी स्टोर कर लें।

शनिदेव मंदिर के सामने बुधवार रात पेयजल लाइन फटने की वजह से सड़क पर पानी बहने लगा। इसके साथ ही कई घरों में लो प्रेशर से पानी की सप्लाई हुई। जलकल ने गुरुवार सुबह खोदाई शुरू की और लाइन की मरम्मत की। दूसरी ओर जलकल के महाप्रबंधक आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार शाम को स्वरूप नगर, चुन्नीगंज, सिविल लाइन, पी रोड, फीलखाना, कर्नलगंज, हरबंश मोहाल, हालसी रोड, बांसमंडी, बेकनगंज, नवाबगंज, काकादेव, मछरिया, रेलबाजार, गोविन्द नगर, जूही निराला नगर, बाल निकुंज, लेनिन पार्क, फूलबाग, आचार्य नगर, कैनाल पटरी, बृजेन्द्र स्वरूप पार्क और बेनाझाबर जोनल पंपिंग स्टेशनों से जलापूर्ति बंद रहेगी। इन पंपिग स्टेशनों से जुड़ी 20 लाख की आबादी को पानी की सप्लाई नहीं होगी।

मरियमपुर शनिदेव चौराहे के पास पाइप लाइन की मरम्मत की गई। अमृत विचार

एमपी में पुलिस ने लगाई कुर्की नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में दर्ज है मुकदमा

अमृत विचार। कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी करने के दो वर्ष पुराने मामले में कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश जाकर दो आरोपितों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। इस मामले में कल्याणपुर बारासिरोही निवासी प्रताप सिंह ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर छह मार्च 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूर्व पार्षद, उनके परिजन और अन्य लोग भी नामजद हैं।

कोतवाली पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी के मामले में मध्य प्रदेश के देवास भौरासा सुमरीखेड़ा निवासी दिव्यांश गोयल उर्फ रवि पटेल और देवास के आदर्श नगर पुलिस लाइन निवासी आशीष गोयल उर्फ राजकुमार डाबी के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किया। इस मामले में कल्याणपुर बारासिरोही निवासी भाजपा के पूर्व पार्षद प्रदीप मिश्रा, भाई अवधेश इनकी पत्नी अल्का, चचेरे भाई विपिन मिश्रा इनकी पत्नी दीपा, बेटी ईशा समेत आठ नामजद और 12 अज्ञात सहित 20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मुकदमे में जांच के दौरान दिव्यांश गोयल उर्फ रवि पटेल और आशीष गोयल उर्फ राजकुमार डाबी के नाम प्रकाश में आए थे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मध्य प्रदेश में दोनों आरोपी घर से फरार थे। उनकी गैरमौजूदगी में गवाहों के सामने कुर्की नोटिस चस्पा किया गया है। नियमावली के अनुसार आगे कुर्की की जाएगी।

सांसद ने शहर से मांगीं 7 उड़ानें

कानपुर। सांसद रमेश अवस्थी ने कानपुर से सात उड़ानों के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मांग की है। सांसद अवस्थी ने गुरुवार को कानपुर से हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, जम्मू आदि शहरों के लिए फ्लाइट की मांग की है। सांसद का कहना है कानपुर से दिल्ली के लिए सुबह जहाज जाना चाहिए और शाम को आना चाहिए। कानपुर से बेंगलुरू की उड़ान को प्रतिदिन किया जाना चाहिए। उन्होंने अयोध्या के लिए भी फ्लाइट मांगी।

बंगाल में बैठा ठगों का आका, पंजाब गई पुलिस

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नकदी के बीच में कागज की गड्डी रखकर चूना लगाया था
- नयागंज के सर्राफ से 26 लाख की टप्पेबाजी का मामला

अमृत विचार। नजीराबाद थानाक्षेत्र में कमला नेहरू पार्क के पास नयागंज के सर्राफ से 26 लाख रुपये की टप्पेबाजी के मामले में नया मोड़ आ गया है। नजीराबाद पुलिस की एक टीम गिरफ्तार किए जा चुके टप्पेबाजों की निशानदेही पर पंजाब पहुंच गई है। पुलिस को बंगाल में बैठे आका का भी सुराग मिल गया है। पुलिस को वहां की स्थानीय पुलिस की मदद नहीं मिल रही है। पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके ठगों की ट्रांजिट रिमांड लेने के लिए बात चल रही है।

नयागंज के सर्राफ अजीत ओमर के पास तीन सप्ताह पूर्व वाट्सएप पर कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को अहमदाबाद के नवकार ज्वैलर्स का मालिक बताया और कुछ जेवर पसंद करके पैकिंग करा ली। कहा कि उनका कर्मचारी बिरहाना रोड पर खड़ा है, उसे जेवर देकर रुपये ले लो। बाद में वह कर्मचारी कमला नेहरु पार्क के सामने मिला और अजीत के कर्मचारी ने उसे जेवर देकर रुपये ले लिए। बाद में दुकान पहुंचने पर पता चला कि नोटों की गड्डी के बीच कागज लगे हुए हैं।

इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल के पास के करीब 100 सीसीटीवी खंगाले थे। जिसमें दो आरोपी कैद हुए थे। इस मामले में पुलिस लुधियाना से अशोक नाम के टप्पेबाज को गिरफ्तार कर चुकी है।

इस संबंध में नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि एक टीम पंजाब गई है, कुछ संकेत मिले हैं। ठगों के आका और उसका बंगाल में ठिकाने का पता लग गया है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

अभ्यास | गंगा में डूबते युवक को बचाकर पहुंचाया अस्पताल

मॉक ड्रिल में गैस रिसाव पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बाढ़ की स्थिति में राहत व बचाव के लिए गुरुवार को पांच स्थानों पर मॉक एक्सरसाइज की गई। आपदा प्रबंधन के कर्मियों ने राहत कार्य का अभ्यास किया। सरसैया घाट पर गंगा में डूबते दो व्यक्तियों को बचाया गया। इंडेन बॉटलिंग प्लांट पनकी में आग लगने पर चार लोगों को बचाकर आग पर काबू पाया गया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जिला आपदा प्रबंधन ने नगर में पांच स्थानों पर मॉक एक्सरसाइज कराई। जिसकी शुरूआत राज्य आपदा प्रबंधन के इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर से अलर्ट जारी होने से हुई। पांचों स्थानों पर फंसे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए काम शुरू हुआ। मॉक एक्सरसाइज के तहत सरसैया घाट पर गंगा में डूबते दो लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया। इसी तरह मर्चेंट चैंबर के सामने मकरबर्टगंज अस्पताल में बारिश का पानी भरने पर मरीजों व डॉक्टरों को बचाकर उर्सला में भर्ती कराया गया। इंडेन बॉटलिंग प्लांट में गैस रिसाव व आग पर काबू पाया गया। महाराजपुर के चंदनपुर गांव में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर गांव खाली कराकर लोगों को राहत शिविर में ठहराने का अभ्यास किया गया। मॉक एक्सरसाइज में राजस्व, गोताखोर, नाविक, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, जलकल, पीडब्ल्यूडी, सिविल डिफेंस, सिंचाई, होमगार्ड आदि के कर्मचारी शामिल रहे।

- पांच जगहों पर आपदा टीम ने किया अभ्यास

इंडेन बाटलिंग प्लांट में आग बुझाने का अभ्यास करते दमकल कर्मी। अमृत विचार

बिजली चोरी में दो पर रिपोर्ट

कानपुर। रायपुरवा में बिजली चोरों को समर्थन देकर रुपये वसूलने वाले दो युवकों के खिलाफ अधिशासी अभियंता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सकेरा स्टेट में 19 जुलाई को केस्को प्रवर्तन दल ने छापेमारी की थी। 20 लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए थे। अधिशासी अभियंता ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। विभाग ने जांच की तो पता चला वहां रहने वाले मुकीम कुरैशी और अबू बकर बिजली चोरी कराते थे। परिसर में रहने वाले बिल्डर ने अधिकारियों को जानकारी दी की दोनों आरोपी लगभग 10 लाख रुपये की वसूली कर चुके हैं। दोनों जरीब चौकी खंड से जुड़े इलाकों में बिजली की चोरी करवा रहे हैं। रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया अधिशासी अभियंता अरुण कुमार की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

13.17 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी दवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 14 को होगा मॉप अप राउंड

अमृत विचार। 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीमें एक से 19 साल तक के 13.17 लाख बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की 'एल्बेंडाजोल' दवा खिलाएंगी। जिलाधिकारी ने सीएमओ को अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग सरकारी और निजी स्कूलों के साथ मदरसों की भी मदद लेगा। दवा उन बच्चों को भी खिलाई जानी है, जो स्कूल नहीं जाते हैं। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि 10 अगस्त के अभियान में जो बच्चे छूट जाएंगे, उनको 14 अगस्त को मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश हैं।

हल्का प्रतिकूल प्रभाव होने पर डॉक्टर से संपर्क करें

जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं, उन्हें कई बार दवा देने पर हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। इससे घबराना नहीं है। आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से डॉक्टर से संपर्क करें। दवा खाली पेट नहीं खानी है। 2 साल तक के बच्चों को आधी गोली पीस कर पानी में मिलाकर खिलानी है। 2 से 3 साल के बच्चों को एक गोली पीसकर पानी के साथ दी जाएगी। इससे अधिक उम्र के बच्चों को एक गोली चबाकर खानी होगी। कृमि मुक्ति दवा से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी।

500 रुपये के विवाद में चले चापड़

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में 500 रुपये के विवाद में आरोपियों ने एक युवक पर चापड़ से हमला कर दिया। बीच बचाव कर रहे दो लोगों पर भी चापड़ से वार कर घायल कर दिया। भाग रहे बाइक सवार तीनों आरोपियों को पब्लिक ने पकड़कर पीटा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

मतैयापुरवा निवासी 18 वर्षीय अरुण राजपूत ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार शाम शास्त्री नगर स्थित ज्योति गारमेंट में नितिन विश्वकर्मा के यहां कपड़े खरीदने गए थे। शास्त्री नगर निवासी तुषार से उसका 500 रुपये का लेनदेन है। तुषार अपने दो दोस्त शिवम और वरुण के साथ एक बाइक पर आए और चापड़ निकालकर वार करना शुरू कर दिया।

चापड़ अरुण की जांघ पर लग गया वहीं बीच बचाव करने आए नितिन के पेट में घाव हो गया। सूरज के हाथ में चापड़ लगा।

एक नजर

पौधे रोपकर किन्नरों ने लगाया जयकारा

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील पर कानपुर के किन्नरों ने मसवानपुर से पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया और धरती मां की जय का जयकारा लगाया। पौधे लगाने के बाद अखिल भारत किन्नर महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां ने कहा कि शीघ्र ही घरों में जाकर लोगों को पौधा देंगे। पौधे बांटने का सिलसिला मार्च 2025 तक प्रतीकात्मक रूप से चलाएंगे। इसके अलावा 'सेव वाटर' के लिए जागरूकता आंदोलन चलाएंगे। मसवानपुर में हुए पौधरोपण कार्यक्रम में मन्नत के साथ तमन्ना रानी, रवीना, सारिका, चांदनी, माधुरी, नन्दिनी, मुस्कान, रामू, प्रियांशु, भीमसेन, राजू आदि लोग थे।

प्रो.नीरज एंटी रैगिंग टीम के चेयरमैन

कानपुर। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को रैगिंग से बचाने और परिसर को रैगिंग निषेध बनाने के लिए एंटी रैगिंग स्क्वाड का गठन किया है। स्क्वाड के चेयरमैन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीरज कुमार सिंह हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों से रैगिंग के संबंध में समन्वय स्थापित करने के लिए एक मॉनिटरिंग सेल आन रैगिंग का भी गठन हुआ है। इसके चेयरमैन महाविद्यालय विकास परिषद के निदेशक प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी और को-चेयरमैन एडमिनिस्ट्रेशन डीन प्रो. सुधांशु पाण्डिया को बनाया गया है। सदस्य के रूप में स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के निदेशक प्रो.अंशु यादव, स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की डॉ. पुष्पा ममोरिया और कंवेनर कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार बनाए गए हैं।

चित्रकूट एक्सप्रेस में की चेन पुलिंग, गिरफ्तार

कानपुर। गोविंदपुरी स्टेशन पर उतरने के लिए यात्री ने चित्रकूट एक्सप्रेस में चेन पुलिंग कर दी। जिससे ट्रेन पांच मिनट स्टेशन पर खड़ी रही। आरपीएफ टीम ने आरोपी को दबोच लिया। आरपीएफ जीएमसी पोस्ट प्रभारी निरीक्षक सुरुचि शर्मा ने बताया कि लखनऊ से जबलपुर जा रही चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव गोविंदपुरी पर नहीं है। ट्रेन में यात्रा कर रहे व्यक्ति ने स्टेशन पर उतरने के लिए चेन पुलिंग कर दी थी। उसे पकड़ लिया गया। ट्रेन करीब पांच मिनट स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं, रेलवे की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत झांसी से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के पार्सल कोच में 11 लोग यात्रा करते मिले। सभी पर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

प्रतापगढ़, चित्रकूट, संगम इंटरसिटी में बढ़े कोच

कानपुर। सेंट्रल से चलने वाली 4123, 14124 प्रतापगढ़ इंटरसिटी में शुक्रवार से एक जनरल बढ़ गया है। कानपुर-चित्रकूटधाम इंटरसिटी में 27 जुलाई से व कानपुर-प्रयागराज संगम इंटरसिटी में 27 जुलाई से और कानपुर-चित्रकूटधाम इंटरसिटी में 28 जुलाई से एक-एक जनरल कोच बढ़ाए जाएंगे।

सी बालकनी जर्जर, टीम भीतर ही नहीं गई

फटी बीम, छज्जों में दरारें और छत से सरिया निकली देखकर कहा, रिस्क नहीं ले सकते, अब आईआईटी करेगी जांच

बदहाल ग्रीनपार्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम की दर्शक क्षमता का आकलन करने पहुंची पीडब्ल्यूडी की टीम सी बालकनी की हालत देखकर अंदर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। उन्होंने कहा कि सरिया छत से बाहर निकली है, बीम फट चुकी है, छज्जों में दरारें हैं। किसी तरह का जोखिम नहीं ले सकते, पूरी बिल्डिंग मरम्मत मांग रही है। इसका निरीक्षण आईआईटी से ही कराया जाएगा। टीम को सी बालकनी के अलावा कई अन्य दीर्घाएं भी खस्ताहाल मिलीं। पवेलियन-ए में बरसात का पानी टपक रहा था।

लखनऊ में प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार की बैठक के बाद कमिश्नर अमित गुप्ता के आदेश पर गुरुवार को पीडब्ल्यूडी की टीम ग्रीनपार्क में निरीक्षण करने पहुंची थी। यहां 27 सितंबर से भारत-बांग्लादेश के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच होना है। पीडब्ल्यूडी की टीम ने स्टेडियम में सबसे पहले पवेलियन-ए और बालकनी का निरीक्षण किया, जहां बारिश का पानी टपकता मिला। यहां दर्शक क्षमता 2300 के सापेक्ष 70 प्रतिशत क्षमता ही उचित मानी गई। बी-जनरल मंक टीम को कुछ सीढ़ियां खराब मिलीं। डी-चेयर दीर्घा में 30 प्रतिशत सीटें खराब थीं। ई- पब्लिक की दशा 30 प्रतिशत ठीक पाई गयी। डायरेक्टर पवेलियन के बॉक्स व कुर्सियां खराब थीं। यहां दरवाजे व पंखे टूटे थे। बी-गर्ल्स बालकनी, बी-इनविटेशन निरीक्षण में ठीक मिले। वीआईपी पवेलियन की व्यवस्थाएं दुरुस्त और बॉक्स ठीक नजर आए। निरीक्षण में सहायक अभियंता राहुल सिंह के साथ अवर अभियंता अखिलेश कुमार, श्याम सुंदर, सुरजीत सिंह और खेल विभाग के उप क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अमित पाल मौजूद रहे। टीम अब अपनी रिपोर्ट कमिश्नर को सौंपेगी।

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में रंग-रोगन हो रहा है। अमृत विचार

स्टूडेंट गैलरी बदहाल है। अमृत विचार

यूपीसीए को नहीं पता मौजूदा दर्शक क्षमता

पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता राहुल सिंह सुबह 11 बजे ग्रीनपार्क स्थित यूपीसीए कार्यालय पहुंचे। उन्होंने स्टेडियम की मौजूदा दर्शक क्षमता पूछी तो कोई जवाब नहीं दे पाया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों से फोन पर बात की, लेकिन वह भी सही उत्तर नहीं दे पाए। इसके बाद क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अमित पाल, बाबू मनोज कुमार से मिले दस्तावेजों के आधार पर पता चला कि दर्शक क्षमता 30,200 है, जबकि पीडब्ल्यूडी ने इससे पूर्व निरीक्षण में 22,230 दर्शक क्षमता बताई थी।

- पवेलियन-ए और बालकनी में बारिश का पानी टपकता मिला, कहीं सीढ़ियां तो कहीं सीटें थीं खराब, दरवाजे और पंखे टूटे मिले

शाम को पहुंचे यूपीसीए पदाधिकारी

- पीडब्ल्यूडी के निरीक्षण के बाद शाम को यूपीसीए के सचिव अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव रियाकत अली, ग्रीनपार्क के नोडल अधिकारी प्रदीप श्रीवास्तव और जीएम फाइनेंस विनीत ग्रीन पार्क पहुंचे। पदाधिकारियों ने मरम्मत वाले कामों की सूची तैयार कराई।

आज से कचहरी में लागू होगा ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हडर्ड चौराहे से कचहरी रोड पर जाम खत्म होगा

अमृत विचार। कचहरी के आसपास जाम से छुटकारा दिलाने के लिए एक बार फिर शुक्रवार से डायवर्जन व्यवस्था लागू की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने फोर्स की कमी के कारण यह व्यवस्था कुछ समय पूर्व खत्म कर दी थी जिसे दोबारा लागू किया जा रहा है।

हडर्ड चौराहे से कचहरी की ओर जाने वाली रोड पर लगने वाले जाम से छुटकारे के लिए कुछ समय पूर्व डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में जाने के कारण यह व्यवस्था ज्यादा समय तक लागू नहीं रह पाई थी। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि अब फिर डायवर्जन लागू होगा। इसके तहत चेतना चौराहा से कचहरी, पुलिस ऑफिस की ओर जाने के लिए डीएवी तिराहा से मधुवन तिराहा होते हुए जाएंगे। बड़ा चौराहा की ओर कचहरी, पुलिस ऑफिस की तरफ आने वाले वाहन परेड चौराहा से एमजी कॉलेज होते हुए पुलिस ऑफिस जाएंगे। डायवर्जन व्यवस्था लागू करने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। समय-समय पर इसकी समीक्षा कर और सुधार किए जाएंगे।

उद्यमिता विकास केंद्र में मेडिकल नर्सिंग प्रशिक्षण

कानपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में पिछड़ा वर्ग के युवक व युवतियों के लिए ट्रेड मेडिकल नर्सिंग में चार माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास और उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उद्योग उपायुक्त सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जो अभ्यर्थी ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं, वह 10 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए घोषणा पत्र, आवेदन पत्र, शैक्षिक योग्यता, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन www.diupmsme.upsdc.gov.in पर किये जा सकते हैं।

व्यापारियों ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह को श्रीअन्न संबंधी विवरण दिया।

एमएसपी कानून पर केंद्रीय कृषि मंत्री से चर्चा की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार का प्रतिनिधिमंडल मिला

अमृत विचार। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र की अगुवाई में गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से लोकसभा स्थित उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने प्रधानमंत्री के श्रीअन्न अभियान को चलाए रखने की बात कही। एमएसपी पर कानून बनाने की मांग, कृषि उत्पाद के व्यापारियों व उद्यमियों पर मुकदमा व सजा के दायरे में आने के प्रावधानों पर चर्चा की।

प्रतिनिधि मंडल ने वर्ष 2023 में श्रीअन्न वर्ष के तहत प्रमुख आयोजनों की तस्वीर केंद्रीय कृषि मंत्री को भेट की और कहा कि प्रधानमंत्री के इस अभियान को मजबूती से चलाया जाए। किसानों के एमएसपी पर कानून बनाने की मांग, कृषि उत्पाद के व्यापारियों व उद्यमियों पर मुकदमा व सजा के दायरे में आने के बिंदु पर मंडियों के व्यापारियों व उद्यमियों के साथ विस्तार से चर्चा करने का समय मांगा। ज्ञानेश मिश्र ने शहर में श्रीअन्न वितरण व महा जागरूकता अभियान की केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी।

4.7 करोड़ से शहर में होंगे विकास कार्य

कानपुर। नगर निगम में 27 जुलाई को 4.7 करोड़ रुपये से होने वाले कार्यों के लिये टेंडर खोले जाएंगे। नगर निगम शहर में सड़क, सामुदायिक केंद्र, नाली, फुटपाथ के 64 कार्यों को करने जा रहा है। इसके लिये निविदा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

नगर निगम उद्योग बंधु, नगर निगम निधि के प्रस्तावित कार्यों को करने जा रहा है। इसके कई कार्य हॉट मिक्स प्लांट से होंगे। नगर निगम के मुताबिक जोन 5 में इंडस्ट्रियल एरिया फैक्ट्री नंबर 79 होते हुये सड़क, साइट पटरी एवं नाली सुधार कार्य होगा। यह काम 58 लाख से होगा। इसके साथ ही पनकी साइट नंबर-3, वार्ड 50 गंगागंज, विष्णुपुरी, काशीराम कॉलोनी डबल पुलिया, बगिया क्रासिंग, आजाद नगर, रायपुरवा, जनरलगंज, कल्याणपुर, आंबेडकरपुरम, खलासी लाइन में सड़क, नाली, फुटपाथ का कार्य होगा। मुख्य अभियंता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने बताया कि कार्यों को लेकर टेंडर जारी कर दिये हैं। 27 को टेंडर खुलने के बाद वर्कआर्डर जारी कर दिये जायेंगे।

पनकी पड़ाव डायमेंशन पुल फिर कार्ययोजना में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रूट पर स्थित पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग पर फोरलेन मल्टीडायमेंशन पुल निर्माण को सेतु निगम ने वर्ष 2024-25

की कार्य योजना में शामिल किया है। पुल की लागत लगभग 300 करोड़ के आसपास आंकी गई है, जिसमें पीडब्ल्यूडी का 255.84 करोड़ का अंशदान रहेगा।

पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग रोज 200 से अधिक बार बंद होती है। जिससे पनकी, कल्याणपुर, महावीरपुरम, रतनपुर, सुन्दर नगर, शताब्दी नगर, गंगागंज कॉलोनी समेत 30 से अधिक मोहल्लों में रहने वाले दो लाख से अधिक लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। समस्या को देखते हुए रेलवे क्रॉसिंग पर पुल निर्माण के लिए गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री व रेल मंत्री से सहमति ली थी। जिसके बाद सेतु निगम ने डिजाइन तैयार की थी। यह गंगागंज से शुरू होकर क्रॉसिंग पार करने के बाद टू लेन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया और टू लेन हिस्सा ट्रांसपोर्ट नगर की ओर जाना था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुल की लागत 292.95 करोड़ आंकी गई थी। कार्ययोजना को पिछले वित्तीय वर्ष में शामिल करने के भेजा गया था, लेकिन बजट के अभाव में पुल अधर में लटक गया था। अब सेतु निगम ने पुल निर्माण में लगभग 8 करोड़ का इजाफा करते हुए प्रस्ताव को फिर कार्ययोजना में शामिल कर शासन को भेजा है।

- वर्ष 2023-24 की कार्य योजना में नहीं किया था शामिल

> पनकी पड़ाव मल्टीडायमेंशन पुल का लगभग 300 करोड़ का एस्टीमेट तैयार कर वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में शामिल किया गया है। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद पुल निर्माण शुरू कराया जाएगा।
>
> **डीके यादव, परियोजना निदेशक, सेतु निगम**

सार-संक्षेप

सावन पर महादेव के 51 हजार टैटू निशुल्क बनाएंगे फराज

कानपुर। नवीन मार्केट स्थित एक्सपोज टैटू रिमोवेल ट्रेनिंग के मालिक फराज जावेद ने हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर एक नई इबारत लिखने की ठानी है। उन्होंने पिछली बार प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर जय श्री राम के 51 हजार टैटू निशुल्क बनाए थे। फराज जावेद ने बताया कि अब वह सावन के पवित्र माह पर महादेव के 51 हजार टैटू निशुल्क बनाएंगे। जिसकी लागत करीब सात करोड़ रुपये है। इसके अलावा अन्य शिव टैटू पर 50 फीसदी छूट भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम रख समाज में यह संदेश पहुंचाना है कि हम सब भाई-भाई हैं और हमेशा साथ मिलकर रहेंगे। हर मजहब जोड़ना सिखाता है तोड़ना नहीं।

टैटू बनाते फराज जावेद। अमृत विचार

आलोक मिश्र का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ायेंगे: आलोक

कानपुर। तिलक हाल में शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर नगर ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आलोक मिश्रा का जन्मदिन मनाया। उन्हें बधाई दी गई। आलोक ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ायेंगे। इस मौके पर नौशाद आलम मंसूरी, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पवन गुप्ता, पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह आदि थे।

विवि में स्पॉट काउंसलिंग से प्रवेश पाने का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के विभिन्न विभागों के पाठ्यक्रमों में खाली सीटों पर सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश के लिए गुरुवार से स्पॉट काउंसलिंग शुरू की गई है। इसके तहत उन छात्रों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है या किसी कारण प्रवेश नहीं ले सके थे।

विश्वविद्यालय में गुरुवार से 30 जुलाई तक स्पॉट काउंसलिंग चलेगी। काउंसलिंग का आयोजन उन विभागों में किया जा रहा है, जिनमें सीटें खाली रह गईं हैं। विश्वविद्यालय की एकेडमिक डीन डॉ.बृष्टि मित्रा ने बताया कि यह प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर है। एमए पब्लिक हेल्थ, बी-फार्मा, एमए फाइन आर्ट्स, बीएससी साइंस, एमबीए, एमए इन फिल्ममेकिंग, बी लिब, एम लिब, डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस आदि विभागों में स्पॉट काउंसलिंग के जरिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिन विभागों में सीटें खाली हैं, उनकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

रॉकेट लर्निंग ऑर्गनाइजेशन में दो युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीएसजेएमयू के कला, मानविकी एवं समाज विज्ञान संस्थान के अंतर्गत संचालित एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में दो छात्रों का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान रॉकेट लर्निंग ऑर्गनाइजेशन में हुआ है। सीएसजेएमयू के अंकिता चौधरी व रितिक शर्मा का सालाना पैकेज 3.5 लाख रुपये है।

पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. एपी सिंह ने बताया कि छात्रों के अधिकतम प्लेसमेंट के प्रोत्साहन के लिए विभाग ने नई रणनीति बनाई है, जिसमें उनके अंदर उद्यमिता विकास, कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास व अन्य विभिन्न प्रकार की निपुणताओं को समाहित करने के लिए फील्ड वर्क पर अधिक फोकस किया जा रहा है। पाठ्यक्रम से 50 फीसदी से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त संस्थानों में हो चुका है। रॉकेट लर्निंग देश में प्रारंभिक बचपन विकास (ईसीडी) को बढ़ावा देने वाला एक अग्रणी गैर-लाभकारी संगठन है। कोर्स प्रभारी डॉ.सत्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि एमएसडब्ल्यू में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र जिनके किसी भी स्ट्रीम में न्यूनतम 40 फीसदी अंक हैं, वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन समर्थ पोर्टल से कर सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2024 है।

रितिक शर्मा।

अंकिता चौधरी।

- सीएसजेएमयू के दो छात्रों ने स्थान पाकर संस्थान का नाम रोशन किया

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

यौमे विसाल पर फातिहा

कानपुर। कर्बला के मैदान में शहीद हुये हजरत इमाम हुसैन के बीमार बेटे जैनुल आब्दीन इकलौते ऐसे मर्द थे जो कर्बला में बच गये थे। उन्हें जहर देकर मोहर्रम की 18 तारीख को शहीद कर दिया गया था।

गुरुवार को तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत की जानिब से चमनगंज में इमाम जैनुल आब्दीन के यौमे विसाल (शहादत दिवस) पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर फातिहा कराई गई। तंजीम के अध्यक्ष हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने कहा कि कर्बला मैदान की ओर जाने वाले काफिले में इमाम जैनुल आब्दीन भी शामिल थे।

बम-बम भोले

वनखंडेश्वर महादेव मंदिर पी रोड से कांवड़ियों का जत्था बाबा वैद्यनाथ धाम, झारखंड के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों ने पहले वनखंडेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया। बाबा वनखंडेश्वर का अभिषेक किया गया। इस दौरान हर- हर महादेव के जयकारे से वातावरण गूंज उठा।

जनसमस्या कल्याणपुर के व्यापारियों ने कहा, अब सामूहिक रूप से व्यापार बंद कर जताएंगे विरोध

आटो और ई रिक्शा बने मुसीबत, बाजार-कारोबार हो रहा चौपट

कल्याणपुर, संवाददाता

अमृत विचार। कल्याणपुर बाजार में आटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी व्यापारियों का सिरदर्द बनी है। जाम से कारोबार चौपट हो रहा है। दुकान के सामने वाहन खड़ा करके चालक सवारियां बैठाते हैं। जिससे ग्राहकों को परेशानी होती है। व्यापारियों का कहना है कि सुनवाई न होने पर अब सामूहिक रूप से व्यापार बंद कर विरोध करेंगे।

व्यापारियों का कहना है कि सभी अधिकारियों से अपनी पीड़ा बता चुके हैं, लेकिन हल कोई नहीं निकला। समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। कल्याणपुर क्रासिंग और बाजार में आटो और ई-रिक्शा चालक दुकान के सामने वाहन खड़े करके पनकी और बारासिरोही के लिए सवारियां भरते हैं। दुकान आने वाले ग्राहकों को परेशानी होती है। कई बार तो ग्राहक दूसरी दुकान पर चले जाते हैं। बाजार में दिनभर जाम के कारण अब ग्राहक दूसरे बाजारों में खरीदारी करने जाने लगे हैं। अधिकारियों ने अभियान चलाया, लेकिन एक-दो दिन में फिर व्यवस्था चौपट हो गई। क्षेत्रीय दुकानदारों ने बताया कि अब दुकानें बंद कर आंदोलन किया जाएगा।

सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते आटो चालक। अमृत विचार

> कई बार ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से अभियान चलाकर जाम हटवाया गया, लेकिन कुछ दिनों बाद आटो व ई-रिक्शा चालक फिर अराजकता शुरू कर देते हैं। चालकों की मनमानी से व्यापारी परेशान हैं।
>
> **-आनंद शुक्ला, भाजपा पार्षद, वार्ड 35**

> दुकानों के बाहर रोड पर आटो व ई-रिक्शा चालक खड़े होकर सवारियां भरते हैं। इस कारण वाहनों से आने वाले ग्राहक दूसरी दुकानों पर या दूसरी बाजारों में खरीदारी करने चले जाते हैं। कारोबार चौपट हो रहा है। दुकान में बहुत कम ग्राहक आ रहे हैं।
>
> **सम्राट सौरभ गुप्ता, कारोबारी**

> दर्जनों ई-रिक्शा व आटो रोड फर्राटा भरते हैं। एक ही रोड पर इतने ईरिक्शा और आटो और कहीं नहीं होंगे। इसी कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार पार करने में लोगों को एक घंटा समय लग जाता है। इसलिए लोग बाजार आते नहीं हैं।
>
> **अर्पित द्विवेदी, कारोबारी**

डॉक्टरों ने मकसूदाबाद गांव जाकर लोगों की जांच की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्देशित फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने मकसूदाबाद में स्वास्थ्य शिविर लगाया व फैमिली सर्वे किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के निर्देश पर मेडिसिन, सर्जरी, गायनी, नाक, कान व गला समेत अन्य विभागों के डॉक्टरों ने करीब 150 मरीजों की जांच व इलाज किया।

डॉ. संतोष बर्मन, डॉ.तनु मिड्ढा, डॉ.समरजीत कौर समेत सीनियर व जूनियर रेजिडेंट व इंटर्न चिकित्सकों ने गांव के पांच-पांच परिवारों के सदस्यों की जांच की। लोगों को डायबिटीज, हाइपरटेंशन, महिलाओं व बच्चों में होने वाली खून की कमी, इसके दुष्प्रभाव व रोकथाम और गर्भवतियों को सही पोषण व देखभाल के प्रति जागरूक किया। गंदगी, जलजमाव, मच्छरों से होने वाली बीमारी व बचाव की जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष डॉ.संतोष बर्मन ने बताया कि प्रोग्राम के तहत सभी एमबीबीएस छात्रों को अध्ययन की अवधि में गांव के पांच परिवारों को गोद लेकर स्वास्थ्य संबंधी देखभाल करेंगे।

इलाज में गर्भवती की मौत, अस्पताल में हंगामा

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार: गुरुवार को कस्बे के जेएस हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से गुस्साए परिवार वालों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मामले को शांत कराया।

क्षेत्र के कंठी निवादा गांव निवासी बाबूराम ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री शांति (36) गर्भवती थी। उसकी तबीयत खराब होने पर कस्बे के जेएस अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई और उसके गर्भ में पल रहे 5 महीने के शिशु की भी जान चली गई। पिता बाबूराम ने बताया कि शांति का विवाह कन्नौज जिले के देवहा गांव में गुड्डू के साथ हुआ था। उसका एक 10 वर्ष का बेटा है।

पति गुड्डू काम-धंधे के सिलसिले में बाहर रहता है। लगभग एक महीने पहले शांति मायके आई थी। अचानक तबीयत बिगड़ने पर मायके वाले उसे कस्बे के जेएस हॉस्पिटल लेकर आए थे, जहां दोपहर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर पर सही इलाज न करने से मौत होने का आरोप लगाया। मौत होने के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा काटा और अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पताल

- शिवराजपुर क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के एक दर्जन से अधिक अस्पताल चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी के चलते इन पर कार्रवाई नहीं होती। खुलेआम संचालित इन अस्पतालों में आए दिन मौतें होती हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनजान बने हैं। हालांकि पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी की थी।

कार्रवाई का आश्वासन

- शिवराजपुर के जेएस हॉस्पिटल में परिजनों का भड़का गुस्सा
- हंगामा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस, कार्रवाई का भरोसा

तबीयत खराब होने पर गर्भवती को भर्ती कराया गया था। अमृत विचार

> हंगामे की सूचना पर अस्पताल पहुंचकर मामला शांत कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> –सुबोध कुमार, थानाध्यक्ष

> परिजनों की ओर से सूचना मिली है। उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> डॉ. अनुज दीक्षित, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

सांप के डसने से बुजुर्ग की मौत

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के केवड़िया गांव निवासी 60 वर्षीय हरीलाल मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार देर शाम वह खेत से घर लौटकर खाना खाने के बाद चारपाई पर लेटा था, तभी सांप ने डस लिया।

हालत खराब होते देखकर परिजन उसके पास पहुंचे तो मुंह से झाग निकल रहा था। हाथ की कलाई में किसी जहरीले कीड़े के काटने के निशान थे। परिजन फौरन बुजुर्ग को लेकर पतारा सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मचा गया। परिजनों ने फोन पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शिवा विहार के बिजली बिलों में खासी गड़बड़ी

संवाददाता, बिठूर

- कुछ उपभोक्ताओं को तीन माह का एक साथ बिल
- कई उपभोक्ताओं के बिल में बकाया भी जोड़कर भेजा

अमृत विचार। चौबपुर उपखण्ड के मंधना सब स्टेशन के शिवा बिहार कोठी में मीटर रीडरों ने पिछले तीन माह से बिल नहीं निकाला, जिससे उपभोक्ता खासे परेशान हैं।

शिवा विहार के लोगों का कहना है कि विभाग की तरफ से रीडिंग नहीं ली गई, लेकिन मोबाइल पर बिल का मैसेज मिलने पर उपभोक्ताओं ने बिल जमा कर दिया। मगर जब तीन महीने बाद बिल आया तो उसमें जमा राशि भी बकाया में जुड़ी है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि अब इसे सही करवाने के लिए उपभोक्ता उपखण्ड कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है। अजय चौहान ने बताया कि तीन माह से बिल नहीं आया। अब एक साथ बिल आ जाने से बजट बिगड़ गया है। वहीं प्रदीप बाजपेई का कहना है कि पिछला बिल जमा करने के बाद भी नए बिल में पुराना बिल जुड़कर आ रहा है।

एचएल एग्रो ने देहात में किया 500 करोड़ रुपये का निवेश

लखनऊ। वैश्विक खाद्य एवं पेय उद्योगों के लिए संयंत्र आधारित कच्चे माल के उत्पादन, विपणन और आपूर्ति करने वाली एचएल एग्रो प्रोडक्ट्स प्रा.लि. ने कानपुर देहात में अपनी इकाई के विस्तार में 499.99 करोड़ का नियोजित निवेश किया है। इस निवेश से कंपनी उत्तर प्रदेश में अपनी मक्का स्टार्च एवं तरल ग्लूकोज इकाई को विस्तार दे रही है।

एचएल एग्रो के प्रवक्ता एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी अतुल रस्तोगी ने एक मजबूत व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में राज्य की दूरदर्शी नीतियों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एचएल ग्रुप ऑफ़ कंपनीज का मुख्यालय कानपुर में है एवं इसका हिस्सा एचएल एग्रो मुख्य रूप से घरेलू बिक्री तथा भारत से देशी स्टार्च/तरल ग्लूकोज एवं इसके डेरिवेटिव्स के निर्यात में लगा हुआ है। वर्तमान में, कंपनी के पास रनिया, कानपुर देहात में मक्का पीसने की इकाई है, जिसकी पेराई क्षमता लगभग 300 टन प्रतिदिन (टीपीडी) है, जिसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 1,200 टन प्रतिदिन (टीपीडी) करने की योजना है।

पतारा में निर्माण रोकने पहुंचे दरोगा व सिपाहियों की पिटाई

विवादित जमीन पर बन रहा मकान, शिकायत पर पहुंची थी चौकी की पुलिस

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: दबंगों पर घाटमपुर पुलिस का कोई खौफ नहीं है। पिछले रविवार को जमीन चिह्नित कराने गई महिला दरोगा के साथ मारपीट के बाद बुधवार रात पतारा चौकी की पुलिस पिट गई। चौकी के दरोगा और सिपाही विवादित जमीन पर मकान का निर्माण रोकवाने पहुंचे तो दबंगों ने जमकर धुनाई कर दी। पिटी पुलिस ने अपनी किरकिरी होने से बचाने के लिए शिकायतकर्ता की तहरीर पर 8 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

बताते हैं कि पतारा कस्बा निवासी रामलखन तिवारी का कस्बे के ही बेरिया से जमीन का कई साल से मुकदमा चल रहा था। उस दौरान जमीन की खतौनी बेरिया के नाम निकलती थी। बेरिया ने लगभग 20 वर्ष पहले केवड़िया गांव के ओमप्रकाश यादव को एक प्लाट का बैनामा कर दिया था, जिसमें ओमप्रकाश ने डीपीसी भरवाने के साथ बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया था। एक महीने से उस प्लाट पर निर्माण चल रहा है।

निर्माण को लेकर रामलखन तिवारी ने 19 जुलाई को पुलिस के अधिकारियों से की थी। इसके बाद पतारा चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी बुलाया। ओमप्रकाश ने पुलिस को 20 साल पुराना जमीन का बैनामा दिखाया, लेकिन पुलिस ने ओमप्रकाश को फिलहाल प्लाट पर निर्माण कार्य बंद करने के लिए कहा था, मगर बुधवार देर रात ओमप्रकाश ने प्लाट पर लेंटर डलवाना शुरू कर दिया।

मकान पर छत की ढलाई देख रामलखन तिवारी ने घाटमपुर थाने पहुंचकर फिर प्रार्थना पत्र दिया और बताया कि उसने मौके पर जाकर निर्माण कार्य रोकवाने का प्रयास किया तो ओमप्रकाश ने धमकी देकर भगा दिया। इस शिकायत पर पतारा चौकी के दरोगा और सिपाही निर्माण कार्य रोकने पहुंचे। पुलिस ने निर्माण रोकने का प्रयास किया तो पुलिस के साथ अभद्रता शुरू हो गई और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। लोगों ने दरोगा और सिपाहियों की पिटाई की, जिसके बाद पुलिस जान बचाकर लौट गई। पुलिस ने रामलखन तिवारी की तहरीर पर 8 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ मारपीट, बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

इसी मकान का निर्माण रोकने पुलिस पहुंची थी। अमृत विचार

कार्रवाई

- 8 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया, दबिशें हुईं तेज

सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर ले गई पुलिस

- खुद की पिटाई छिपाने के लिए पुलिस निर्माणाधीन मकान में लगा सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर अपने साथ उठा ले गई। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मारपीट करने वालों की पहचान करना चाहती है ताकि उन्हें गिरफ्तार करने में कामयाबी मिल सके। बताते हैं कि पहचान के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर 11 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि अभी पिछले रविवार को एक जमीन की पैमाइश कराने पहुंची एक महिला दरोगा के साथ भी अभद्रता की गई थी।

पुलिस से अभद्रता, जेल जाएंगे आरोपी: एसीपी

- घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि विवादित जमीन पर निर्माण कार्य रोकवाने के लिए पतारा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस के साथ अभद्रता की है। शिकायतकर्ता रामलखन तिवारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रिंग रोड के निर्माण में ध्वस्त सड़कों को अफसरों ने देखा

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: कानपुर के ड्रीम प्रोजेक्ट रिंग रोड के निर्माण में लगी कंपनियों की लापरवाही के चलते बिल्हौर तहसील क्षेत्र के कानपुर शहर से सटे कई गांवों के मार्गों की हालत खराब हो गई है। गुरुवार को एसडीएम और सहायक अभियंता ने इस सड़कों की हालत देखी और जिलाधिकारी को अपनी निरीक्षण रिपोर्ट भेजी है।

रिंग रोड के निर्माण में कार्यदायी संस्था के वाहनों की आवाजाही से सड़कों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी आरके सिंह ने दो सदस्यीय टीम बनाकर सड़कों की वस्तुस्थिति की जांच करने के आदेश दिए थे। गुरुवार को बिल्हौर उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा और लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जीपी शर्मा ने सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों की दुर्दशा का दंश झेल रहे ग्रामीणों ने दोनों अफसरों को खुलकर अपनी समस्याएं बताईं। एसडीएम और सहायक अभियंता ने बिल्हौर तहसील के कुरसौली से हंसपुर-पूरा-जसू मार्ग, कुरसौली से डम्बरपुरवा मार्ग इटरा से कजरिया मार्ग, बसंठी से बहरामपुर हुल्कापुर मार्ग, चौबेपुर मालौं-सहज्योरा मार्ग के अलावा तातियागंज-महाराजगंज मार्ग की जर्जर हालत देखी। उप जिला अधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने माना कि सड़कों की स्थिति वाकई बहुत खराब है।

एसडीएम और सहायक अभियंता ने सड़क का निरीक्षण किया। अमृत विचार

- जिलाधिकारी को भेजी जाएगी निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट

ज्वैलरी शॉप में टप्पेबाजी पर दो महिलाएं गिरफ्तार

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: पुलिस ने पतारा कस्बे में पिछले दिनों ज्वेलर्स की दुकान पर टप्पेबाजी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से तीन में से दो टप्पेबाज महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके पास से 30,000 नकद और पायल के साथ सोने के लॉकेट बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों महिलाओं को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बे में एक ज्वेलर्स की दुकान से तीन महिलाओं ने टप्पेबाजी कर सोने के लॉकेट के साथ अन्य जेवरात पार किए थे। इस टप्पेबाजी की घटना के बाद से पुलिस लगातार महिलाओं की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, जिसमें तीनों महिलाएं कैद हुई थीं।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिलाओं की पहचान की। इंसपेक्टर ने बताया कि ज्वैलरी शॉप में टप्पेबाजी को लेकर घाटमपुर थाना क्षेत्र के सिमौर गांव निवासी नीलू पत्नी नंदकिशोर, विमला पत्नी रामस्वरूप को गिरफ्तार किया गया है। इन महिलाओं के पास से पुलिस ने 30,000 की नकदी, चांदी की पायल और सोने के लॉकेट बरामद किए हैं। अब पुलिस टप्पेबाजी में शामिल रही तीसरी महिला की तलाश में जुट गई है। उसके बारे में पूछताछ की गई है।

माल बरामद

- महिलाओं के पास से 30,000 नकदी, पायल और सोने का लॉकेट बरामद
- सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से पहचान कर टप्पेबाज महिलाओं तक पहुंच सकी पुलिस

कार्यालय ग्राम पंचायत कुरेह वि. खंड, ककवन , कानपुर नगर

पत्रांक/मेमो/एसबीएम/निविदा/2024–25 दिनांक: 25.07.2023

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना केन्द्रीय वित्त आयोग /राज्य वित्त आयोग /एसबीएम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरेह विकास खंड, ककवन कानपुर नगर में स्वीकृत निम्न लिखित कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29/0/2024 को निविदा बॉक्स मे डाली जाएगी । तथा उसी दिन आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष (उपस्थिति) तथा ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत	निविदा मूल्य	धरोहर राशि	टेंडर स्वीकृत	कार्य अवधि
1	प्रा0 विद्यालय मे मेन रोड़ तक इण्टरलाकिंग मरम्मत कार्य	उपरोक्त	(2.0) लाख	500	2%	-	एक माह
2	आर आर सी सेन्टर पर इण्टरलाकिंग कार्य	उपरोक्त	(3.0) लाख	500	2%	-	एक माह
3	आर आर सी सेन्टर मे फेन्सिंग कार्य	उपरोक्त	(3.0) लाख	500	2%	-	एक माह
4	आर आर सी सेन्टर निर्माण कार्य	ईट, रोड़ी, गिट्टी, सीमेंट, मौरंग इत्यादि	(2.0) लाख	500	2%	-	एक माह
5	लेखपाल के घर से शैलेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	ईट, रोड़ी, गिट्टी, सीमेंट, मौरंग ,ईण्टरलाकिंग ईट इत्यादि	(4.0) लाख	500	2%	-	एक माह
6	शैलेन्द्र के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य	ईट, रोड़ी, गिट्टी, सीमेंट, मौरंग , इत्यादि	(3.0) लाख	500	2%	-	एक माह
7	सामुदायिक शौचालय के सामने पुलिया निर्माण कार्य	ईट, रोड़ी, गिट्टी, सीमेंट, मौरंग , इत्यादि	(1.20) लाख	500	2%	-	एक माह

नियम व शर्तें

1. कार्य धनराशि की उपलब्धता के आधार पर एक–एक कार्य कराये जाये
2. निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए।
3. बिना टिन नंबर व पैन नंबर के निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
4. दिनांक 29/07/2024 को यदि किन्हीं कारण निविदा का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस को कार्य सम्पन्न होगा।
5. निविदा स्वीकार करने / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6.. कार्य की मात्रा, लागत एवं परिस्थित के अनुसार घट–बढ़ सकती है।
7. दिनांक 28/07/2024 तक निविदा सम्बंधित जानकारी कार्यालय तक प्राप्त कर सकते है।

ग्राम प्रधान /अध्यक्ष समिति
ग्रा.पो. कुरेह
वि. खंड, (ककवन)
कानपुर नगर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा.पो. कुरेह
वि. खंड, (ककवन)
कानपुर नगर

कार्यक्रम | एनयूपीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष सीएस बोले, सभी यूनिट जल्द चालू करने का प्रयास

अगस्त से पहली यूनिट में शुरू होगा बिजली उत्पादन

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: एनयूपीपीएल के सीईओ संतोष सीएस ने कहा कि पहली यूनिट पूरी तरह तैयार हो चुकी है। 20 दिन बाद पहली यूनिट से बिजली का उत्पादन चालू हो जाएगा। इसके साथ ही सभी यूनिटों को जल्द चालू करने के प्रयास जारी हैं। यह बात उन्होंने गुरुवार को एनयूपीपीएल में पौधरोपण अभियान के तहत एक पौधा मां के नाम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। डिजिटल माध्यम से केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस मौके पर घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि वृक्ष जीवन दाता है। वृक्ष लगाना आसान है, लेकिन उन्हें बचाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करना अहम है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से ट्री गार्ड बनाकर पेड़ों की सुरक्षा करने का प्रयास किया जा रहा है। वृक्ष एक है, मगर उसके लाभ अनेक हैं। इस दौरान सीईओ संतोष सीएस ने कहा कि एनयूपीपीएल ने 2 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। पर्यावरण को बचाने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। पौधों को हरा भरा रखने के लिए बरसात का पानी रोककर पौधों को दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रखरखाव के लिए एक एजेंसी से देखरेख कर पांच वर्ष में पौधों को तैयार करने का समझौता हुआ है।

कार्यक्रम में सीएफओ अशोक माली, महाप्रबंधक धुलिपाल अरुण कुमार, इलेक्ट्रिकल महाप्रबंधक अरुत प्रकाशम, डीजीएम पर्यावरण संतोष कुमार आर, कौशिक बहर, एसीएम बिनू केपी, प्रशांत कुमार, सुब्रत आचार्य, राकेश मीना, जितेंद्र कुमार, कंकन लिगिरा सहित अधिकारी और उनके परिवार शामिल थे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे और शिक्षक भी शामिल हुए। विधायक ने स्कूल बच्चों को 50 पौधे वितरित किए।

पौधे बांटे

- एनयूपीपीएल ने दो लाख पौधे लगाने का रखा लक्ष्य
- पौधों के संरक्षण के लिए एजेंसी से किया गया करार

गुरुवार को नेयवेली पॉवर प्लांट में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत विधायक ने पौधों का वितरण किया। अमृत विचार

एक नजर

पंखे में उतरे करंट से युवक की गई जान

पुखरायां। भोगनीपुर थना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी एक बुधवार की देर रात को पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गया। परिजन रात में ही उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गोपालपुर निवासी राधेश्याम (30) बुधवार की रात में सोने के लिए पंखा चालू कर रहे थे। इसी बीच पंखे में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गया। किसी तरह उसे अलग करने के बाद भाई दीपेंद्र व गौरव उन्हें जिला अस्पताल लाए, जहां डॉ. निशांत पाठक ने मृत घोषित कर दिया। पति की मौत से पत्नी पूनम बदहवाश हो गई, जबकि मां विमला व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से विक्षिप्त महिला की मौत

सिकंदरा। क्षेत्र के मूड़ादेव गांव के समीप वाहन की टक्कर से मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध महिला घायल हो गई। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। रसधान चैकी प्रभारी गजेंद्र पाल सिंह ने बताया 70 वर्षीय महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। उसका नाम क्या था और कहां की रहने वाली थी? किसी को नहीं पता। रसधान कस्बा के आसपास हाईवे पर घूमा करती थी। शुक्रवार भोर पहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर अनीता शुक्ला ने इलाज शुरू किया, तभी उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मर्च्युरी भेज दिया गया है।

दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

रूरा। मैथा के चैथियाई निवासी विपिन सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की मई माह में वह अपनी बाइक से रूरा की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह गेल इंडिया के पास पहुंचा, तभी पीछे एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी रीता गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

युवती से छेड़छाड़ का आरोप, रिपार्ट दर्ज

रूरा। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती अपनी सहेली के साथ शौच के लिए गई थी, तभी रास्ते में गांव के अनुवेद ने उसके साथ अभद्रता की। जब युवती की सहेली ने बीचबचाव किया तो उसने युवती का मुंह दबा दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

ट्रांसफार्मर के करंट से राष्टीय पक्षी की मौत

राजपुर। सट्टी थाना क्षेत्र के नौबादपुर में गुरुवार को ट्रांसफार्मर के करंट से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ट्रांसफार्मर में चिपके मोर को देखकर ग्रामीणों ने वन विभाग और लाईनमैन शिवम कटियार को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने आपूर्ति बंद कराकर राष्ट्रीय पक्षी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भोगनीपुर ले गए। वन रेंजर स्वामीदीन ने बताया कि करंट से मोर की मौत हुई है।

वाहन की टक्कर से युवक घायल, रेफर

पुखरांया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलासा गांव निवासी शनि पुत्र महेंद्र सिंह डीघ गांव के समीप खड़ा था, तभी वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उपचार के लिये सीएचसी देवीपुर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर मांगा राज्य कर्मचारी का दर्जा

ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन कर उठाई आवाज

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति ने मांगों को लेकर गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय में प्रदर्शन किया। सीडीओ के नाम संबोधित आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पाल ने कहा कि लखनऊ में मुख्यमंत्री की ओर से ग्राम रोजगार सेवकों के लिए कई घोषणाएं की गई थी, लेकिन अभी तक उन पर अमल नहीं हुआ है। उन घोषणाओं पर अमल किया जाए और अन्य प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश के रोजगार सेवकों का मानदेय बढ़ाया जाए। जिन ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय रुका है, उसे शीघ्र दिलाया जाए। मूल ग्राम पंचायत के साथ साथ रिक्त पंचायतों में भी कार्य लिया जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित रखा जाए। ग्राम रोजगार सेवकों को मनरेगा की यूजर आईडी व पासवर्ड दिया जाए। दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित को सेवा में समायोजित किया जाए। ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के खातों में भेजी जाए। मंडल सदस्य अजेंद्र सिंह चैहान ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

ग्राम रोजगार सेवकों को विभागीय कर्मी घोषित कर पृथक बजट दिया जाए। माह अप्रैल, मई एवं जून 2024 का भुगतान रक्षाबंधन पर्व से पूर्व किया जाए। भुगतान नही होने पर परिवार सहित ब्लॉक कार्यालय में आमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान आशीष कुमार, दारा शिकोह, प्रियंका कटियार, मुकेश बाबू, संगीता देवी, संजय सिंह, नीरज कुमार, विमलकांत , प्रमोद कुमार, ममता देवी, मुलायम सिंह, कृष्ण मुरारी, शामिल रहे।

ब्लॉक परिसर में ब्लॉक अधिकारी को मांग पत्र सौंपते रोजगार सेवक। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अमल करने की उठाई गई मांग
- रक्षाबंधन के पहले बकाया मानदेय का भुगतान किया जाए

गौशालाओं के संचालन को लेकर ग्राम प्रधानों में गुस्सा

राजपुर। गौशालाओं में भूसा, चूनी-चोकर की सप्लाई संस्थाओं के माध्यम से कराए जाने को लेकर ग्राम प्रधानों ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि यदि संस्थाओं से ही कार्य कराना है तो गौशालाओं को भी संस्थाओं के माध्यम से संचालित कराया जाए। राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय व प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने कहा कि संगठन का एक मंत्रिमंडल उच्चाधिकारियों से मिलकर समस्याएं रखेगा और मौजूदा व्यवस्था का विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों पर काम न करने का आरोप लगता है। उन्होंने कहा कि गौआश्रय स्थलों को भी किसी फर्म की ओर से ही संचालित करने का आदेश पारित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भेंट कर प्रधानों की आवाज उठाई जाएगी। संगठन के जिलाध्यक्ष बब्बन दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष रामबली सिंह, संजय गुप्ता, अर्जुन सिंह, मनोज पासवान, राकेश यादव, पप्पू यादव, सुभाष तिवारी, गुलाब सिंह, सैय्यद जमाल अहमद, अंशु कुमार आदि मौजूद रहे।

एसओजी प्रभारी ने ही बलवंत को उठाया था

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- शिवली एसओ और मैथा चौकी इंचार्ज मौजूद नहीं थे

अमृत विचार। बलवंत हत्याकांड मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। गुरुवार को मामले में अभियोजन गवाह विवेचक ने अदालत हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराए। गवाह ने बताया कि जब बलवंत को उठाया गया था, उस समय एसओजी प्रभारी और उनकी टीम थी। तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी और मैथा चौकी इंचार्ज मौजूद नहीं थे। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तिथि नियत की है।

शिवली के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया था, जिस पर एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। गुरुवार को मामले में सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा ने अभियोजन गवाह विवेचक शिव प्रताप सिंह के अदालत में बयान दर्ज कराए जिससे बचाव पक्ष की ओर से जिरह की गई। वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि गवाह ने जिरह दौरान बताया कि वादी अंगद सिंह ने विवेचना दौरान बताया था कि उसे बलबीर सिंह(मृतक) के चाचा ने फोन करके बताया था कि एसओजी प्रभारी व उसके साथी लाठी डंडों से बलवंत को मारपीट कर रहे हैं और जब बलबीर उन्हें रोकने गए तो आरोपियों ने डांट कर उसे भगा दिया। वहीं गवाह ने यह भी बताया कि जब मृतक बलवंत को उठाया गया था तो एसओजी प्रभारी व उनकी टीम थी, शिवली थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह व मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय वहां मौजूद नहीं थे। अब अदालत ने बचाव पक्ष की जिरह के लिए 31 जुलाई की तिथि नियत की है।

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर निकाली तिरंगा रैली

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पुखरायां में शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा में माल्यापर्ण करके मशाल जुलूस व तिरंगा रैली निकाली घई।

भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष परवेश कटियार के नेतृत्व में भोगनीपुर से पुखरायां तक मशाल जूलूस निकाला गया। उन्होने कहा कि कारगिल युद्ध में वीर सैनिकों ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सैनिकों को नेस्तनाबूत कर विजय हासिल की। इस युद्ध में 527 सैनिकों ने अपनी शहादत दी, जिसे भूल पाना नामुमकिन है। ब्लाक प्रमुख ऋषि सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री सेना को सशक्त व मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि थल सेना, वायुसेना और सेनाओं को हर रूप से मजबूत करने का काम किया गया है। यही कारण है कि आज भारत का लोहा संपूर्ण विश्व मान रहा है। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री मनीष बाजपेयी, कार्यक्रम संयोजक त्रिपुरेश त्रिपाठी, जिला मंत्री हेमंत त्रिपाठी, राज अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी सुमित कटियार, आशीष चैरसिया, मोहित तिवारी, वैष्णवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

फुटपाथ पर अतिक्रमण, जाम से राहगीर परेशान

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। कस्बा में मुख्यमार्गों के दोनों ओर पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए बना फुटपाथ अतिक्रमण कर दुकानों से सजा हुआ हैं, जिसके कारण फुटपाथ पर राहगीरों का चलना मुश्किल है।

आलाधिकारियों के नेतृत्व में हर वर्ष बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों सहित फुटपाथ से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है, लेकिन उसके बाद भी कस्बा का फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में है। फुटपाथ पर कब्जा होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर कब्जे के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है। पुलिस और नगर पंचायत कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

कस्बा के नहर पुल, स्टेशन रोड, डेरापुर रोड, अकबरपुर रोड पर फुटपाथ पर अतिक्रमण है, जहां दुकानदारों ने अपना-अपना सामान जमा कर रखा हुआ है। दुकानों के बोर्ड लगाए हुए हैं। ऐसे में आम लोगों को फुटपाथ पर पैदल चलना भी दूभर हैं। थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा ने बताया कि जाम की स्थिति में पुलिस को भेजा जाता है। दिन में पीआरडी व होमगाड्र्स के जवान रहते हैं, यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल निस्तारित किया जाएगा।

डेरापुर रोड पर फुटपाथ पर सजीं दुकानें। अमृत विचार

सड़क पर संचालित होता टेंपो स्टैंड

कस्बा में नगर पंचायत की ओर से चिह्नित वाहन स्टैंड पर वाहन न खड़ा कर सड़क व फुटपाथ पर खड़ा करते हैं, जिसके कारण पल-पल में जाम लगता है। पैदल चलने वाले राहगीरों को फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण सड़क पर मजबूरी में चलना पड़ता है।

स्कूल जाने वाले बच्चों को सताता डर

फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण पैदल स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भी सड़क पर मजबूरी में चलना पड़ता है। तेज रफ्तार से सड़कों पर चल रहे वाहनों की चपेट में आने का डर सताता रहता है।



आरोपी के घर में नोटिस चस्पा करते इंस्पेक्टर। अमृत विचार

फरार आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा

रूरा। थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में फावड़ा मारकर किसान की हत्या के मामले में नामजद अरविंद, मिथलेश के विरुद्ध न्यायालय के आदेश के बाद भी अभियुक्त हाजिर नहीं हुए। थानाध्यक्ष ने उनके घर पर नोटिस चस्पा कर न्यायालय में हाजिर होने का अंतिम अवसर दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि गांव में मुनादी कराकर निश्चित समय पर पेश होने की अंतिम सूचना की नोटिस आरोपियों के घर पर चस्पा की गई है। इस दौरान पर थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्रा, विवेक, पुष्पेंद्र, रविशंकर व हल्का प्रभारी देवेंद्र मौजूद रहे।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में लटका ताला

संवाददाता, संदलपुर

अमृत विचार। विकासखंड संदलपुर की ग्राम पंचायत सुरासी में बना स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तो खोले गए हैं। लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। लोगों को इलाज के लिए निजी चिकित्सालय क्लीनिकों पर जाना पड़ता है।

ग्राम पंचायत सुरासी में शासकीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पिछले कई दिनों से ताला लटका हुआ हैं।जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराना महज दिखावा बनकर रह गया है।यहां पदस्थ जिम्मेदार से अगर कोई पूछ ले कि आप कहां हैं,तो इनके द्वारा मीटिंग के साथ भ्रमण बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया जाता है।

ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को बने कुछ माह हुआ है लेकिन देख रेख न होने कि वजह से हमेशा ताला लटकता रहता है। सीएससी अधीक्षक डॉक्टर मनीष ने बताया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी और संबंधित के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी होगा।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर लटकता ताला। अमृत विचार

- ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

एनडीपीएस में दोषी को पांच माह का कारावास

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। अकबरपुर क्षेत्र में तीन साल पहले पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई कर आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे पांच माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार ने बताया कि अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने 18 सितंबर 2011को गश्त के दौरान फतेहपुर के औंग बड़ाहार निवासी धर्मेन्द्र उर्फ टोपी को अवैध मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार किया था। तत्कालीन थानाप्रभारी दिनेश त्रिपाठी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया था। विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे पांच माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही 15 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह के अतरिक्त कारावास काटना होगा।

संस्कृति का क्षरण | आधुनिक परिवेश में खत्म हो गया झूलों का उमंग, अब नहीं सुनाई देते सावन के गीत

समय के साथ विलुप्त हो रहे सावन के झूले

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। भारत की संस्कृति व परंपराएं ही विश्व में अलग पहचान रखती हैं। यहां के सभी त्योहार कोई न कोई संदेश देते हैं। 21वीं सदी में भले ही तरक्की व नई ऊचांईयों को छूने की बात हो रही है, लेकिन आधुनिकता की इस चकाचैंध में प्राचीन परंपराओं और संस्कृति को लोग भूलते जा रहे हैं। अब सावन के गीत व सार्वजनिक झूलों को लोग भूल चुके हैं। गांवों में सिर्फ बुजुर्ग महिलाएं बच्चों के जरिए ही झूलों की परंपरा को बचाए हुए हैं।

एक समय था, जब सावन माह शुरू होते ही घर के आंगन में लगे पेड़ों पर झूले पड़ जाते थे और महिलाएं गीतों के साथ झूलों का आनंद उठाती थीं। समय के साथ पेड़ गायब होते गए। आंगन का अस्तित्व भी लगभग समाप्त होने की कगार पर है। ऐसे में सावन के झूले भी इतिहास बनकर हमारी परंपरा से गायब हो रहे है। उत्साह और उमंग देने वाला सवान का महीना बदलते हुए समय के साथ अपनी पहचान खो चुका है। सिर्फ रक्षाबंधन के मौके पर सिकंदरा तहसील क्षेत्र के रसधान कस्बे में ही सार्वजनिक झूले की पंरपरा का अभी निर्वहन हो रहा है।

बुंदेलखंड की सीमा से जुड़े यमुना तटवर्ती गांवों में सावन के गीत अब नहीं सुनाई देते है। गांव के बुजुर्ग महिलाओं की माने तो बदलते सामाजिक परिवेश में परंपराएं दम तोड़ रही हैं। पहले सवान आते ही बहन-बेटियों को ससुराल से बुला लिया जाता था। वह अपनी सहेलियों के साथ झूला झूलती और मस्ती भरी उमंग में नाचती-गाती थीं। प्रकृति के खुशनुमा वातावरण में एक अजीब सी मस्ती होती थी। मौसम का लुफ्त लेने के लिए हरे व लाल रंग के परिधान में सोलह श्रंगार कर मस्ती व उमंग में झूलों का आनंद लेती और मस्ती में झूम उठती थी। अब बदले माहौल में यह सब खत्म हो चुका है। वैसे ही गांवों में अब बगीचे नाम मात्र ही रह गए हैं, जबकि कीटनाशक के प्रभाव से पंक्षियों का विचरण भी कम हो गया है।

सावन के महीने में झूला झूल रहा बच्चा। अमृत विचार

- इक्का-दुक्का गांवों में झूला झूलते नजर आते बच्चे

रूरा से अलीगढ़ के लिए मेमू एक अगस्त से

रूरा। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए रेल प्रशासन की ओर से पहली अगस्त से गाड़ी संख्या 04189 कानपुर सेंट्रल से अलीगढ़ जाने के लिए मेमू स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह गाड़ी कानपुर सेंट्रल से सुबह 7:15 बजे चलेगी और रूरा रेलवे स्टेशन पर सुबह 7:54 पर पहुंचकर 7:55 बजे रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04190 अलीगढ़ से दोपहर 1:40 बजे रवाना होगी और रूरा शाम 6 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव कानपुर से अलीगढ़ के बीच पनकी, रूरा, झीझक, फफूंद, भरथना, इटावा, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, टूंडला, हाथरस में होगा। यह जानकारी स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार ने दी।

समय से बांटा जाए पोषाहार: प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की और बच्चों व गर्भवती महिलाओं को समय से पोषाहार का वितरण करने के निर्देश दिए।

महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सीडीपीओ से कुपोषित बच्चों की संख्या, आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति, नये आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रगति व भौतिक संसाधनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीडीपीओ को अपने ब्लाक में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों को सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए।

सर्किट हाउस में योजनाओं की समीक्षा करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

- राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने योजनाओ की समीक्षा की
- गर्भवती महिलाओं को समय से पुष्टाहार बांटने के दिए निर्देश

राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पीएमकेयर, वन स्टॉप सेन्टर, निराश्रित महिला पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अधिक से अधिक प्रचार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने लोगों से अपील की कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, ब्लाक समन्वयक, बाल संरक्षण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

आक्रुश्मानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षत:।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

संपादकीय

परीक्षाओं की शुचिता

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले उजागर होने से स्वाभाविक है कि परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं पर सवाल उठते हैं। साथ ही परीक्षार्थियों को निराशा और तनाव का भी सामना करना पड़ता है। क्योंकि पेपर लीक होने से उनके करियर की उम्मीदों को आघात पहुंचता है। हाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पेपर लीक से देश के लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को धक्का पहुंचा है। देश में पेपर लीक की घटनाओं को रोकना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी। नीट-यूजी के मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं। नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बनाया है। बुधवार को बिहार सरकार ने भी प्रदेश लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 विधानसभा में पारित किया है। दरअसल बिहार सरकार ने इसकी तात्कालिक जरूरत इसलिए समझी, क्योंकि नीट-यूजी मामले के तार वहां से भी जुड़े थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि ज्यादातर पेपर लीक मामले के तार बिहार से जुड़े रहते हैं।

अब कुछ अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में प्रवेश व प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पर्चा लीक के दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। अब सवाल यह भी उठता है कि क्या हर राज्य में अलग-अलग कानून बना देने से पेपर लीक मामलों पर अंकुश लग पाएगा? क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? हमें समझना होगा यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। सुनिश्चित करना होगा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन हो और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाए। हर महत्वपूर्ण संस्थान और एजेंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

आर्थिक और स्वास्थ्य सर्वेक्षणों का स्रोत है जनगणना

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है।

आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर केंद्र सरकार ने बजट संसद में प्रस्तुत कर दिया है,किंतु 2011 के बाद अभी भी विलंबित जनसंख्या सर्वे के कारण तमाम संकेतकों का सही निर्धारण इसलिए संभव नहीं है कि सरकार के पास इनके लिए अद्यावधि आंकड़े नहीं हैं। सांख्यिकीविदों का कहना है कि इनके अभाव में जनन, प्रवास और स्वास्थ्य परिणामों पर अध्ययन अविश्वसनीय हो गए हैं। इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट अभी विगत 18 जुलाई,24 को मशहूर ब्रितानी जर्नल नेचर में छपी है। एक उदाहरण हौज खास दक्षिणी दिल्ली का दिया गया है,जो आज तो एक आकर्षक जगह है और अमीर शहरी लोगों के वहां आवास हैं, किंतु 2011 में जब भारत की आखिरी जनगणना हुई थी, तब इस इलाके के कुछ हिस्सों को ग्रामीण इलाके में वर्गीकृत किया गया था।

शोधकर्ताओं का कहना है कि नवीनतम राष्ट्रीय जनगणना आयोजित करने में देरी, जिसे 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था, समय का अभी तक पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है। जाहिर है कई महत्वपूर्ण डेटा सेट पुराने हो गए हैं। जनसंख्या और सांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि अपडेट की गई जनगणना के बिना,उम्र बढ़ने से लेकर शहरी प्रवास तक हर चीज पर उनके विश्लेषण अब अविश्वसनीय हो गए हैं।

दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं,"जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है,अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है। सरकारें टीकों से लेकर स्कूलों और अनाज राशन तक की योजना बनाने और संसाधनों को आबंटित करने के लिए इसी डेटा भंडार का उपयोग करती हैं। यह आर्थिक और स्वास्थ्य रुझानों पर कई अन्य सर्वेक्षणों और विश्लेषणों के लिए सत्यापन का स्रोत भी है। यू.के. के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के जनसांख्यिकीविद् आशीष गुप्ता के अनुसार यदि समय से जनगणना नहीं होती है तो इससे सामाजिक विज्ञान और भारतीय समाज को समझने की हमारी क्षमता बुनियादी तौर पर प्रभावित होगी। हालांकि 1.4 अरब लोगों की जनगणना करना एक बहुत बड़ा काम है और इसके शुरू होने से पहले, एक आवासीय जनगणना होती है,जिसमें जनगणना करने के लिए प्रशिक्षित लोग,जिन्हें गणनाकर्ता कहा जाता है, हर घर को मानचित्र पर चिह्नित करते हैं। वे प्रत्येक आवास के प्रकार और उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में विवरण एकत्र करते हैं। घरों की सूची जनसंख्या जनगणना के लिए एक आधार तैयार करती है,जिसमें गणनाकर्ता हर घर में जाते हैं और प्रत्येक सदस्य की आयु, शिक्षा के स्तर और क्या वे हाशिए पर पड़े समूह से संबंधित हैं या नहीं, सहित विवरण एकत्र करते हैं। वे क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विवरण भी दर्ज करते हैं,जैसे कि पेयजल आपूर्ति और विद्युतीकरण की स्थिति।

> दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं,"जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है,अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है।

2011 की जनगणना को पूरा करने के लिए लगभग 27 लाख गणनाकर्ताओं ने कई हफ्तों के दौरान 24 करोड़ घरों में लोगों के साथ आमने-सामने साक्षात्कार किए थे। फिर एकत्रित अद्यावधि आंकड़ों को समुचित अध्ययन मनन के कुछ साल बाद प्रकाशित किया जाता है। 2021 की प्रस्तावित जनगणना कागज आधारित फॉर्म के बदले मोबाइल ऐप से होने वाली पहली जनगणना होती,लेकिन सितंबर 2020 में,सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण जनगणना को स्थगित कर दिया और अभी भी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। नई जनगणना के लिए पर्याप्त समय बीत चुका है। इसी वर्ष की शुरुआत में दिल्ली में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय, जो जनगणना की देखरेख करता है, द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के इंतजाम को स्थगित कर दिया,जो वस्तुतः जनगणना होने से पहले होने चाहिए। विगत अप्रैल से जून 2024 तक राष्ट्रीय चुनाव के बाद यह स्थगन समाप्त हो जाना चाहिए था। नेचर जर्नल की न्यूज टीम ने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय से इस बारे में टिप्पणी के लिए संपर्क किया कि जनगणना क्यों नहीं हुई,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

शोधकर्ताओं का कहना है कि वे अद्यतन जनगणना आंकड़ों के बिना भी अनेक मानदंडों के 'राष्ट्रीय रुझानों' के अनुमान लगा सकते हैं, लेकिन क्षेत्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर ये अनुमान कम विश्वसनीय हो जाते हैं। दरअसल इस बात का ठीक-ठाक अंदाजा तो है कि भारत में कितने लोग हैं,लेकिन यह पता नहीं कि वे कहां हैं। जनगणना आंकड़े जन्म और मृत्यु के साथ-साथ आर्थिक संकेतकों,जैसे कि बेरोजगारी से लेकर गरीबी और खपत, स्वास्थ्य और जनन क्षमता से लेकर बाल मृत्यु दर और कुपोषण पर अधिक विस्तृत और नियमित सरकारी सर्वेक्षणों के लिए आधार तैयार करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अद्यतन जनगणना डेटा के बिना, इन सभी गतिविधियों पर विश्वसनीय रणनीति नहीं बन पाएगी,जिससे पूर्वाग्रह पैदा होंगे। उदाहरण के लिए जिन क्षेत्रों में जनसंख्या बढ़ी है, उनका प्रतिनिधित्व कम होगा और जिन क्षेत्रों में जनसंख्या घटी है,उनका प्रतिनिधित्व अधिक हो सकता है।

न्यू ऑर्लीन्स के टुलेन विश्वविद्यालय में विजिटिंग स्कॉलर तथा भारत के मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक,जनसांख्यिकीविद् के.एस.जेम्स, जो देश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण का संचालन करते हैं,कहते हैं कि भारत एक बहुत अधिक सर्वेक्षण निर्भर देश है। क्योंकि इसकी प्रशासनिक डेटा प्रणाली की गुणवत्ता बहुत खराब है। जनगणना के आंकड़ों पर आधारित इन सर्वेक्षणों की गुणवत्ता यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि क्या देश ने विभिन्न संकेतकों पर प्रगति की है-उदाहरण के लिए, क्या शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल नीतियों ने हाशिए के समुदायों के लिए अंतर को पाटा है या युवा लड़कियों में मृत्यु दर को कम किया है,जो अध्ययनों में युवा लड़कों की तुलना में अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है। साथ ही महामारी के दौरान शहरी प्रवासियों की ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वापसी हुई है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि अभी भारतीय आबादी का कितना हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रह रहा है। पुराने जनगणना आंकड़ों का उपयोग करने का मतलब है कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में 10 करोड़ से अधिक लोग सरकारी खाद्य सब्सिडी से बाहर हैं। शोधकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए भी जनगणना का उपयोग करते हैं कि उनके अपने छोटे सर्वेक्षण और सैंपल साइज बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को राज्य या राष्ट्रीय चुनाव से पहले अनिवार्यतः अपडेट किया जाता है। आईआईटी दिल्ली में सार्वजनिक नीति शोधकर्ता और पीएचडी छात्र कृष्ण चक्रवर्ती का मंतव्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना की अनुपस्थिति में यह वास्तव में एक बहुत अच्छा नमूना फ्रेम है,लेकिन यह व्यक्तियों की नहीं, बल्कि घरों की पहचान करने की प्राथमिकता तक सीमित है। चक्रवर्ती उन तकनीकों का भी आकलन कर रहे हैं,जो किसी दिए गए क्षेत्र में इमारतों और अन्य भू-स्थानिक सूचनाओं का मिलान करने और आबादी के आकार और घनत्व को निर्धारित करने के लिए उपग्रह मानचित्रों पर निर्भर हो सकती है,लेकिन अपडेट किए गए जनगणना डेटा के बिना, उन डेटा सेटों की सटीकता की पुष्टि करना मुश्किल है।

प्रसंगवश

गठबंधन धर्म की मजबूरी

बीते दिना भारत का बजट संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया,जिसे प्रधानमंत्री द्वारा विकास को नई उंचाई देने तथा समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बताया गया है। सत्ता पक्ष ने इस पर हर्ष और विपक्ष ने आक्रोश व्यक्त कर बजट की परंपरा बरकरार रखी है।

मुझे आर्थिक नीतियों की समझ अधिक नहीं है,इस बजट से देश की आर्थिक प्रगति होगी भी या नहीं, मुझे ज्ञात नहीं,मैं देशवासियों पर लगने वाले आयकर की बात करता हूं। पहले 3 लाख तक की आय कर मुक्त थी,अब भी है तथा 10 लाख से ऊपर की आय पर पुराना ही आयकर है। तीन से 10 लाख तक की आय के कर में निम्न बदलाव है। पहले 3-6 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत। अब 3-7 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत, 6-9 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत। 7-10 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत,10 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत। इसे यदि हम जोड़े तो आयकर दाताओं को इस बजट से मात्र 10 हजार रुपये की वार्षिक बचत होगी। इस एक वर्ष में बढ़ी महंगाई का हिसाब रखें तो आमदनी कहां बढ़ी? इस 10 हजार रुपये के लिए ही आम कर दाताओं को वित्तमंत्री जी को बधाई देने तथा वर्षभर थाली बजानी पड़ेगी। मनमोहन सिंह के शासन में भाजपा 5 लाख तक की आय को कर मुक्त किए जाने का शोर करती थी,उनके जाने के 10 वर्ष बाद भी शून्य आयकर का खूंटा 3 लाख पर ही गड़ा है। सेवानिवृत्त होकर गांव में कृषि कार्य करता हूं। वर्ष 2022 तक किसान की आय दुगुना करने की बात कही गई थी,जो नहीं हुई और आज इस बजट में भी कृषकों की आय बढ़ने के सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इंदिरा गांधी जी के प्रधानमंत्रित्व में बजट पेश किए जाने पर तत्कालीन सांसद तारकेश्वरी सिन्हा द्वारा संसद में कहे गए एक शेर को दोहरा रहा हूं। "बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो कतरा-ए-खूं भी न निकला।" बजट में भाजपा शासित राज्यों को तो कोई खास लाभ नहीं मिला,लेकिन गठबंधन वाले दल के राज्य आंध्र प्रदेश और बिहार को अच्छा पैकेज देकर प्रसन्न करने का प्रयास किया गया है,जो गठबंधन धर्म की मजबूरी भी है।

जानवरों का कब्रगाह बना काजीरंगा

एक सींग के गैंडे और रायल बंगाल टाइगर यानी बाघ के सुरक्षित ठिकानों के लिए मशहूर यूनेस्को द्वारा संरक्षित घोषित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के लगभग 90 फीसदी हिस्से में इस समय पानी भर गया है। जानवर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में गहरे पानी में हरसंभव थककर हताश होने की हद तक तैरते हैं, दौड़ते हैं, दलदली जमीन पर थककर लस्त हो जाते हैं। या तो पानी उन्हें अपने आगोश में ले लेता है या फिर भूख। कुछ बचकर बस्ती की तरफ दौड़ते हैं तो सड़क पर तेज गति वाहनों की चपेट में आ जाते हैं तो हॉग हिरण (पाढ़ा) जैसे पशु शिकारियों के हाथों मारे जाते हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक 10 एक सींग वाले दुर्लभ गैंडों सहित 200 वन्य प्राणियों की मौत हो गई है। इनमें 179 हॉग हिरण, 3 दलदल हिरण, 1 मकाक, 2 ऊदबिलाव, 1 स्कोप्स उल्लू और 2 सांभर हिरण शामिल हैं। दो हॉग हिरणों की मौत राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने की कोशिश करते समय वाहनों की चपेट में आने से हो गई। यह आंकड़े तो उन इलाकों से हैं, जहां पानी नीचे उतरा है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यहां की जैव विविधता विलक्षण है। 41 फीसदी इलाके में ऊंची घास है, जो हाथी, हिरण के लिए मुफीद आसरा है। 29 फीसदी पेड़,11 प्रतिशत छोटी झाड़ियां हैं। आठ फीसदी इलाके में नदियां व अन्य जल निधियां व चार प्रतिशत में दलदली जमीन। अर्थात हर तरह के जानवर के लिए उपयुक्त भोजन और परिवेश। इस बार बरसात सामान्य ही है फिर भी विशाल नदी ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी बाढ़ प्रभावित इलाके में बसे कांजीरंगा के जानवरों के लिए काल बनकर आई है। वैसे यहां सन् 2016 में कोई डेढ़ हैक्टर क्षेत्रफल वाले 140 ऐसे ऊंचे टीले बनाए गए थे, जहां वे पानी भरने के हालात में सुरक्षित आसरा पा सकें। ये टीले चार से पांच मीटर ऊंचाई के हैं। पार्क के भीतर स्थापित 183 सुरक्षित ठिकानों में से 70 जलमग्न हो चुके हैं। बाढ़ के कारण विभिन्न वनांचलों में स्थित 233 फॉरेस्ट कैंपों में से 56 कैंप अभी भी बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। बोकाहाट व विश्वनाथ वन मंडल के आगरटोली, कोहोरा, बागोरी, बूरा पहाड़ क्षेत्र में कई-कई फुट गहरा पानी है। यहां सबसे बड़ी समस्या है कि पानी से बचने के लिए जानवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते हैं और वहां तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने वाहनों की गति सीमा की चेतावनी जारी करता है, लेकिन मूसलाधार बारिश में उनको नियंत्रित करना कठिन होता है। वैसे इस संरक्षित पार्क में जानवरों के विचरण के आठ पारंपरिक मार्गों को संरक्षित रखा गया है, लेकिन बाढ़ के पानी ने सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस संरक्षित वन के दूसरे छोर पर कार्बी आंगलांग का पठार है। सदियों से जानवर ब्रह्मपुत्र के कोप से बचने के लिए यहां शरण लेते रहे हैं और इस बार भी जिन्हें रास्ता मिला वे वहीं भाग रहे हैं। असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है, जो पलक झपकते ही सरकार व समाज की सालभर की मेहनत को चाट जाता है। जिन जानवरों को बड़े होने, सुरक्षित पर्यावास बनाने में सालों लगते हैं उनका संरक्षण थोड़ी सी बरसात में लाचार नजर आता है। वैसे तो यह नदी सदियों से बह रही है। बाढ़ से निर्मित क्षेत्र ने ही इसे काजीरंगा नेशनल पार्क के लायक मुफीद बनाया है, लेकिन बीते कुछ सालों से इसकी तबाही का विकराल रूप सामने आ रहा है। इसका बड़ा कारण प्राकृतिक जंगल में विकास और प्रबंधन के नाम पर इंसान के प्रयोग भी हैं।

> पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है,वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं।

पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं। बाढ़ का पानी काजीरंगा के जंगलों में ज्यादा दिन ठहरने का ही परिणाम है कि सन 1915 से अभी तक इस जंगल की कोई 150 वर्ग किलोमीटर जमीन कटकर नदी में उदरस्थ हो चुकी है। कभी काजीरंगा का गौरव कहे जाने वाले अरीमोरा फारेस्ट इंस्पेकशन बंगले को तो अभी छह साल पहले ही नदी अपने साथ बहाकर ले गई थी। जंगल की जमीन का सबसे तेज व खतरनाक कटाव आगरटोली रेंज में है। सरकार भले ही इस वन के परिक्षेत्र को बढ़ाने के लिए नए इलाके शामिल कर रही हो, लेकिन हकीकत यही है कि वहां की जमीन साल दर साल कम हो रही है। आज जरूरत है कि नदी तट के लगभग 20 किलोमीटर इलाके में पक्के मजबूज तटबंद या अन्य व्यवसथा लागू कर भूक्षरण को रोका जाए। कई बार जमीन खिसकने से भी जंगली जानवरों को असामयिक काल के गाल में समाना पड़ता है।

सोशल फोरम

यात्रा व्रत के नियम

उत्तराखंड में कांग्रेस को अपनी प्राण रक्षा के लिए पद यात्रा की सूझी है और उचित ही सूझी है। उसके सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने पद यात्रा के जरिए ही अपनी पार्टी में आंशिक प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस को एक एनजीओ से बदल कर क्रांतिकारी स्वरुप देने वाले राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भी दांडी पद यात्रा के जरिए ब्रिटिश हुकूमत की बुनियाद हिला दी थी।

राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

विश्व में अब तक जितने भी धर्म युद्ध और सत्ता युद्ध जीते गए हैं, सब पद यात्रा के जरिए जीते गए। सिकंदर से लेकर माओत्शे तुंग और शंकराचार्य से लेकर विनोबा भावे तक की पद यात्रा याद कीजिए। यहां तक कि इस परमाणु युग में भी निर्णायक जीत तभी होती है, जब थल सेना की कोई टुकड़ी पैदल जाकर अपना झंडा फहराती है। कोई भी मिसाइल या विमान यह कार्य नहीं कर सकते। कब्जा पैदल चल कर ही लिया जाता है। सत्ता युद्ध में पद यात्रा का आज भी कोई विकल्प नहीं है,लेकिन आज प्रथम दिन के चित्रों के हवाले से मैं पा रहा हूं कि सभी कांग्रेस पद यात्री खाली हाथ चल रहे हैं। मानो मस्ती करने जा रहा कांवड़ियों का दल हो। उनके झोले अथवा पिट्ठू कहां हैं? दांडी यात्रा के चित्र देखिए। उनमें गांधी समेत हर पद यात्री के कंधे पर झोला है,जिसमे उनके दैनंदिन आवश्यकता का सामान है। मेरे दो निश्चित निष्कर्ष हैं। प्रथम कि कांग्रेस पद यात्रियों के साथ उनका सामान लेकर अन्य वाहन चल रहे हैं। अगर ऐसा है, तो यह अनैतिक और चीटिंग है।

दूसरा यह है कि कांग्रेसी सिर्फ एक दो दिन के लिए बारी-बारी पद यात्रा का ड्रामा कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इससे उनकी पोल खुलेगी। यात्रा का फल नहीं मिलेगा। अब स्वयं को झोंक देने का वक्त है। भूल जाइए,जब आप सुबह भरपूर नाश्ता करने के बाद 24 घंटे के आमरन अनशन पर बैठते थे और लंच के समय तक उठ जाते थे। आपको यात्रा में शहर की बजाय गांव में ठहरना है। वहीं भोजन करना है। इसके एवज में जहां रुकते हैं,वहां प्रतिदिन दो घंटा श्रम दान, वृक्षारोपण, पाखना सफाई और बर्तन मांजने का काम करना है। जिस कमरे में रुको, वहां झाड़ू पोछा लगाकर जाना है। तभी फल मिलेगा। अन्यथा यज्ञ विध्वंस हो जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

रियल पर हावी वर्चुअल

इक्कीसवीं सदी में जी रहे हम सभी आजकल आभासी तकनीक से सिक्त "हवा" में जी रहे हैं। ये हवा, जो पक्षियों के उड़ने और सभी जीवों के सांस लेने के लिए आरक्षित थी। आज उसमें विद्यमान संचार तंत्र की तरंगों के परिणामतः "कड़वी हवा" में परिवर्तित होती जा रही है। इन तरंगों का घातक असर पक्षियों के जीनोम और मानव के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

आज के मनुष्य के हवा में चलने, सोंचने और बढ़ने के नतीजे ये हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की सुविधा से लैस मोबाइल और इंटरनेट सेवा ने व्यक्ति की व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह से क्षत-विक्षत कर दिया है। पूरी तरह से आभासी दुनिया के आभामंडल की चकाचौंध से भ्रमित होने के कारण जमीनी वास्तविकताओं से आम आदमी और सरकारों का कोई सरोकार नहीं रहा। आम आदमी महाभारतकाल में दुर्योधन की ही भांति पांडवों के इन्द्रप्रस्थ महल में उत्पन्न मतिभ्रम की स्थिति में है और तकनीक की बागडोर को हाथ में संभाले पांचाली निरंतर उपहास कर रही है। थल को जल और जल को थल मानता आज का मानव वायव्य अदृश्य संचारीय तारों के चंगुल में फंसता जा रहा है। हाल में माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर के डाउन होने के उपरांत हुई असुविधाओं ने मानवीय रियल जीवन की बेचारगी संबंधी इस बात को दावे के साथ सत्यापित भी किया है। रियल पर वर्चुअल की मार के संबंध में ख्यात कवि एवं पत्रकार प्रमोद तिवारी की पंक्तियां आप सबकी नजर-"जिस बात हमें था, उम्र भर गुमान। कुछ और नहीं, बस-हवा का दबाव था।" कभी घर के कोने में रखा काले रंग का चोंगे वाला फोन सामूहिकता का विश्वास दिलाता था।

अरविन्द त्रिपाठी
लखनऊ

> आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है।

हम सभी को बहुत से उदाहरण याद होंगे जब एक ही लैंडलाइन फोन पूरे मोहल्ले के लिए संचार का माध्यम हुआ करता था, जिस प्रकार एक टेलीविजन पूरे मोहल्ले के मनोरंजन का साधन था। लैंडलाइन फोन ही नहीं बटन वाले छोटे मोबाइल फोन अब गुजरे जमाने की चीज बन चुके हैं। रंगीन स्क्रीन के इंटरनेट सुविधायुक्त मोबाइल फोन आज प्रतिष्ठा के परिचायक नहीं रहे, बल्कि आज की तेज भागमभाग भरी जिंदगी में अनिवार्य उपकरण बन गए हैं। आज सबकी जेब में औसतन एक मोबाइल फोन निजता और व्यक्तिगत सोंच को बढ़ावा देता है। हजारों नाम और सैकड़ों फोन नंबर याद रखने की क्षमता वाले लोग भी केवल फोन मेमोरी में सेव किए गए नाम और नंबरों पर आश्रित होते चले गए। हमारी याददाश्त में इन नामों और नंबरों के लिए कोई आलमारी नहीं रही। यह सहूलियत नहीं हमारी इस तकनीकी व्यवस्था पर बढ़ती आश्रितता है। मोबाइल के बाद कम्प्यूटर ने हमें अपना आदी बना दिया है। कोरोना ने विद्यालयी शिक्षा के लिए मोबाइल, लैपटॉप और टेबलेट को घर-घर पहुंचा दिया है। इन तकनीकी साधनों के साथ ही पहुंचने वाले अनचाहे गेम, वयस्क वेबसाइटों पर पसरा नीला प्रतिबंधित मैटेरियल, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्क फिल्मों और वेब सीरीजों ने बच्चों और किशोरों की सौम्यता और भारतीय परिवारों की संस्कार शिक्षा को क्षत-विक्षत कर दिया है।

आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है। परंतु अपने जीवन संघर्ष में व्यस्त अभिभावक यह नहीं ध्यान दे पा रहे हैं कि दूषित भाषा और अश्लील दृश्य के माध्यम से परोसा गया अनचाहा मैटेरियल बाल-सुलभ मनोमस्तिष्क में क्रूर, हिंसक और कामुक मनोवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। बच्चों को संस्कार शिक्षा प्रदान करने के स्थान पर बच्चों की वीडियो गेम के लिए मोबाइल की जिद को पूरा करना अभिभावकों की बाध्यता "परिवार" संस्था को अपूर्व क्षति पहुंचा रही है। बच्चों में किशोरावस्था तक आते-आते पढ़ने-याद रखने की प्रवृत्ति, बिना वजह गुस्सा और छोटी असफलता पर भी आत्मघाती रवैया अपनाने, बड़े-छोटे का मान रखने जैसी नैतिकता का लोप हो रहा है।

आज देश की बहुत बड़ी जनता विभिन्न सोशल मीडिया साइटों पर रील और स्टोरी बनाने में व्यस्त है। आम व्यक्ति की ढेरों सूचनाएं आसानी से उपलब्ध हो जा रही हैं। आने वाले समय में विदेशी ध्वंसक शक्तियों के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित ऐप हमारे परिवारों की निजता पर बड़ा हमला कर सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ठगी की घटनाएं अब आम होने लगी हैं। साइबर क्राइम रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। एक ऐसा स्वदेशी और त्रुटिरहित आपरेटिंग सिस्टम, जिसका नियंत्रण और संतुलन पूरी तरह अभेद्य हो, अत्यंत आवश्यक है ताकि उपरोक्त समस्याओं से बचा जा सके। अन्यथा उधार के सिस्टम का यही हश्र होगा कि जहाज भी हवा में उड़ता रहेगा और जमीन में बैठे परिजन व हवा में उड़ते यात्रियों के साथ ही, सरकार की भी हवाइयां उड़ती ही रहेंगी।

पासपोर्ट की रैंकिंग में फिसलता भारत

बजट आते ही पक्ष और विपक्ष के आरोप और प्रत्यारोप जारी हैं। देश के अखबार वित्तमंत्री की सराहना कर रहे हैं। महिला उद्यमियों के लिए नए अवसर, आयात शुल्क कम होने से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट, संसेक्स की गिरावट, और बजट से नाराज कर्मचारियों और किसानों, व्यापारियों और युवाओं की प्रतिक्रियाएं भी स्थानीय अखबारों में स्थान पा रही हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बजट की खूबियों और कमियों की चर्चा के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बड़ी खबर निकल कर आ रही है। हालांकि इसे हाशिए की खबर ही बनाया गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों की 2024 की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर चला गया है, जो पिछले वर्ष 80 वे स्थान पर था। यह नई रैंकिंग में 2 अंकों की गिरावट दर्शाता है।

> विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

यह रैंकिंग भारत को 58 देशों की फ्री इंट्री की अनुमति देगी। सिंगापुर ने 2024 की रैंकिंग में दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के रूप में अपना खिताब फिर से हासिल कर लिया है, जो अपने नागरिकों को प्रभावशाली 195 देशों में बीजा मुक्त या आगमन पर बीजा की सुविधा प्रदान करता है। इनके बाद फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और जापान है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

एक नजर

विपिन व ब्रजेश बनाये गये मुख्यमंत्री के विशेष सचिव

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने गुरुवार को दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। दो अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव पद पर तैनाती दी गई है। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के एसीईओ विपिन कुमार जैन व अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल ब्रजेश कुमार शामिल हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रहे प्रथमेश कुमार को हाल ही में लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिसके चलते मुख्यमंत्री कार्यालय के कई कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही थी, तैनाती के बाद कार्य सुगमता से होंगे।

नकल विहीन परीक्षा कराना पहली प्राथमिकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सिपाही भर्ती परीक्षा

- पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुल 1161 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं

अमृत विचार: मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सिपाही पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुल 1161 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। परीक्षा केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से इन सभी परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा और परीक्षार्थियों के बैठने के लिये फर्नीचर एवं पीने के पानी आदि की व्यवस्था की जांच कराएं, कोई अव्यवस्था होने पर संबंधित केन्द्र के प्रमुख से संपर्क कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जाएं।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से बात करते मुख्य सचिव व डीजीपी।

उन्होंने भर्ती परीक्षा की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पूरी सतर्कता बरती जाए। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। सभी जिलाधिकारियों से कहा कि ईवीएम मशीनों की भांति परीक्षा प्रश्न पत्रों की निगरानी व सुरक्षा सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड पर भारी मात्रा में अभ्यर्थियों का आवागमन रहेगा, जिसके लिए समुचित व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली जाए। आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए भी पर्याप्त तैयारी रखी जाए तथा परीक्षा केन्द्रों के आस-पास एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की जाए।

नकल माफिया सक्रिय न हो

पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस भर्ती परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। परीक्षा में नकल माफिया सक्रिय न हो, इस पर विशेष तौर पर नजर रखी जाए। वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी नाम के स्थान पर पदनाम से लगाई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो।

अनपरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उमस भरी गर्मी में कटौती होने से परेशान हैं लोग

अमृत विचार : भारी उमस के बीच प्रदेश में बिजली उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को अनपरा की दो इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे बिजली संकट गहरा गया, जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादतर इलाके बिजली संकट की चपेट में रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार दोपहर में अनपरा की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। अपरान्ह करीब तीन बजे अनपरा की ही 210 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई भी ठप हो गई। सूत्रों ने बताया कि दोनों इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। इन इकाइयों के देर रात तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सिंगरौली की दो सौ मेगावाट की इकाई 20 जुलाई से बंद चल रही है। सूत्रों का कहना है कि गर्मी व उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ी हुई है। बिजली आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सारिणी के तहत गांवों में छह घंटे, नगर पंचायतों-तहसील मुख्यालयों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती जारी रही।

प्रमाण के साथ करें शिकायत अफसरों पर होगी कार्रवाई

मेरठ व प्रयागराज के सांसदों-विधायकों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

प्रयागराज मंडल के सांसदों व विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सांसदों व विधायकों को मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिकायत न सुने जाने पर जनप्रतिनिधि प्रमाण के साथ शिकायत करें, ऐसे अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे मेरठ व प्रयागराज मंडल के सांसदों व विधायकों को मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के नतीजों वोट प्रतिशत समेत कई बिन्दुओं पर जानकारी ली। पार्टी के वोट प्रतिशत में कमी आने के कारणों के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद-विधायक कार्यकर्ताओं से बेहतर तालमेल बनाए रखें, ताकि पार्टी और मजबूत हो सके। जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा रहें। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने वाले प्रत्याशी लोकसभा चुनाव हारे हैं। मुलाकात के दौरान कई विधायकों ने अधिकारियों की मनमानी व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। विधायकों की अधिकारी सुनते नहीं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में मेरठ के सांसद अरुण गोविल, राज्यमंत्री केपी मलिक, दिनेश खटीक व सोमेंद्र तोमर, विधायक विजयपाल आढ़ती, एमएलसी अश्वनी त्यागी आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण में उत्तम मिलीं स्वास्थ्य इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय टीम को झांसी जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में पूरे मिले मानक
- एनक्वास प्रमाणित 10 फीसदी स्वास्थ्य इकाइयों का हर वर्ष किया जाता है औचक निरीक्षण

अमृत विचार। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की जांच करने के लिए केन्द्रीय टीम ने नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र प्राप्त झांसी जिला अस्पताल का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया जहां पर टीम को सेवाएं उत्तम मिली।

एनक्वास प्राप्त हर प्रदेश की 10 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों का केंद्र सरकार हर साल मानकों की पुष्टि के लिए औचक निरीक्षण करती है। जिसमें देखा जाता है कि मरीजों का मानकों के अनुरूप इलाज हो रहा है या नहीं। इसके लिए स्वास्थ्य इकाई को 72 घंटे पहले ही निरीक्षण की सूचना दी जाती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के महाप्रबंधक डॉ.निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एनक्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाई में जो मानक होने चाहिए वह सब झांसी जिला अस्पताल में थे। एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने बताया कि प्रदेश में अब तक 281 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिल चुका है। एनक्वास प्रमाणित होने से प्रदेश के मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा।

पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्वास

महाप्रबंधक डॉ. जायसवाल ने बताया कि बीते दिनों पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास प्रमाण पत्र मिला है। इसमें लखनऊ का छितवापुर, संत रविदास नगर का पिपरगऊ और वाराणसी के कोरौताई, थाथारा वअमीनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। इनको मिलाकर राज्य में अब तक 281 स्वास्थ्य इकाइयां एनक्वास प्रमाणित हो गई हैं।

प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाली डॉक्टर की वेतन वृद्धि रुकी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई के दिए निर्देश
- गलत मेडिकोलीगल किए जाने को लेकर ईएमओ को दिया आरोप पत्र

अमृत विचार। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को दिए गए निर्देशों में, प्राइवेट प्रैक्टिस करने वालों की वेतनवृद्धि रोकी गई, गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट देने वालों को आरोप पत्र सौंपने के निर्देशदिए।

उप मुख्यमंत्री द्वारा गुरुवार को चिकित्सकों पर लगे आरोपों की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों में, सोनभद्र के जिला संयुक्त चिकित्सालय में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाली डॉ. माधुरी सिंह की वेतनवृद्धि रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है। वहीं, गोरखपुर के सीएचसी, पिपरौली में तैनात डॉ. नीतू कुमारी,सीएचसी कौड़िया के डॉ. मनीष कुमार चौरसिया द्वारा रोगियों से अभद्र व्यवहार करने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने एवं नौकरी में लापरवाही बरतने के आरोप में विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा फर्रुखाबाद में डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में गलत तरीके से मेडिकोलीगल किए जाने का मामले में आपातकालीन चिकित्साधिकारी (ईएमओ) डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी को तत्काल आरोप पत्र दिए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को दिए गए हैं।

बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन के पत्र पर शुरू हुआ विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: नई बिजली दरों पर पावर कारपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखे जाने पर गुरुवार को विवाद शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पर सख्त आपत्ति करते हुए कार्रवाई की मांग की।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने अनुसार कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से आयोग को पत्र लिखा गया है, जिसमें नई बिजली दरें शीघ्र घोषित किये जाने की मांग की गई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आयोग बिजली दरें निर्धारण प्रक्रिया में है। इसको लेकर आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक होनी है, इसके बाद आयोग दरें निर्धारित करेगा। उन्होंने कहा कि वार्षिक राजस्व आवश्यकता संबंधी याचिका स्वीकार करने के 120 दिन के अंदर जनता व हित धारकों से प्राप्त सुझाव व आपत्तियों को विचार करने के बाद आयोग टैरिफ आदेश जारी करेगा।

पुरानी व्यवस्था अपनाएं

अमृत विचार,लखनऊ: एमबीबीएस में प्रवेश के लिए संपन्न आल इंडिया नीट-यूजी मेडिकल परीक्षा की सुचिता को लेकर उपजे विवाद को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने केन्द्र सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने परीक्षार्थियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पुराने तरीके से मेडिकल की परीक्षाएं कराने की मांग की है।

नए अस्पताल शुरू करने के लिए 198 पद सृजित

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर नवनिर्मित चिकित्सालयों को मिली वित्तीय स्वीकृति

अमृत विचार। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर नए अस्पतालों के साथ ही मौजूदा सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। नवनिर्मित चिकित्सालयों में 198 नए पदों पर भर्ती और नए उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

गाजियाबाद में नवनिर्मित 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय, विजय नगर (डूडूहेडा), गोरखपुर के बांसगांव में और सिद्धार्थनगर के बांसी में नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय को क्रियाशील किए जाने हेतु हर अस्पताल में 38 पदों के हिसाब से कुल 114 पदों का सृजन किया गया है। इसके अलावा राजधानी में गोसाईंगंज एवं काकोरी की नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त एमसीएच विंग की स्थापना के लिए प्रति अस्पताल 42 पदों के हिसाब से कुल 84 पद सृजित किए जाने का अनुमोदन किया गया है।

वहीं, आधुनिक उपकरण व संयत्र स्थापित करने के लिए राजधानी स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान को 150 करोड़, देवरिया मेडिकल कॉलेज 1.99 करोड़ रुपये एवं प्रतापगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज को दो करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

अधिकारियों को दिया व्यावसायिक प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ: प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों को गुरुवार को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं के सवालों के जवाब दिए और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में प्रशिक्षुओं को नगर विकास की विभिन्न योजनाओं व उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रमुख सचिव ने उन्हें स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह योजनाएं शहरी क्षेत्रों में विकास को गति दे रही हैं और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं।

अनुसूचित जाति के छात्र से अभद्रता पर एससी-एसटी आयोग नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयोग के अध्यक्ष असीम अरुण ने कहा, आरोपी पर होगी सख्त कार्रवाई
- पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से वार्ता कर मामले की जानकारी ली, दिए निर्देश

अमृत विचार: गाजियाबाद के ज्ञानस्थली विद्यापीठ के प्रबंधक द्वारा छात्र से जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने के मामले को अनुसूचित जाति/जनजानति आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग के अध्यक्ष एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से बात कर प्रकरण की जानकारी ली और एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में भेदभाव पूर्ण बर्ताव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

कॉलेज के चेयरमैन हरिओम शर्मा पर आरोप लगा है कि उन्होंने बीएड कर रहे अनुसूचित जाति के छात्र से फीस के लिए अभद्रता की। इसका एक ऑडियो वॉयरल हुआ है। पुलिस ने मामले में प्रबंधक हरिओम शर्मा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

> छात्र की हर संभव मदद भी की जाएगी। सरकार हर युवा को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध है। ऐसे में किसी शिक्षण संस्थान द्वारा इस तरह की हरकत करना निंदनीय है। इसकी जांच कराई जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-असीम अरुण**, अध्यक्ष, एससी/एसटी आयोग एवं समाज कल्याण मंत्री

वर्ग पहेली-142

बाएं से दाएं

2.1. अलक्ष्य, जो दिखायी न पड़े, अदृश्य 2. अगोचर, इंद्रियातीत।
3.1. ऐसी शर्त जिससे किसी काम में बाधा या अड़चन पैदा हो, अड़ंगा, प्रतिबंध, रोक 2. झंझट, झगड़ा, विवाद फ़साद 3. दोष, ऐब।
4. एक प्रसिद्ध नीला खनिज पदार्थ जिसका महीन चूर्ण आंखों में अंजन की तरह लगाते हैं, काजल, अंजन।
5.1. सूर्य 2. बारह आदित्यों में से एक 3. एक वैदिक देवता।
8.1. घर-गृहस्थी का सामान 2. उड़द की दाल 3. मूंग।
9.1. पहुंच 2. बुद्धि आदि से कहीं तक पहुंच सकने की शक्ति।
10. जिसमें कोई गुण न हो, गुणरहित, गुणहीन।

ऊपर से नीचे

1. दबाना, चापना।
2. ईश्वर, भगवान।
4.1. अतिशय सुंदरता, परम शोभा 2. प्राकृतिक सौंदर्य 3. नैसर्गिक शोभा या सुंदरता 4. एक प्रकार का वर्णवृत्त 5. (पुराण) कालचक्र का एक आरा।
6. पशुओं के अगले या पिछले पैर बांधने की रस्सी जिससे वे दौड़ नहीं पाते।
7. राजा।



वर्ग पहेली -141 का हल

1 डि	2 ज़ा	इ	3 न	दा	4 र
■	त	■	ग	■	शी
5 वी	■	6 ना	री	वा	द
7 र	ई	■	क	■	■
सू	■	8 ग	र	री	■
■	9 पा	र	ण	■	10 दि
■	■	चे	■	11 ख	त

सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9					1			
2		1		4			7	
3	7		6			8		
		7	4		8		2	
8		6				1		4
	3		5		9	6		
		8			7		1	3
	4			2		7		8
			8					5

सुडोकू -54 का हल

1	9	7	8	4	3	2	6	5
4	5	6	7	2	9	8	1	3
3	2	8	5	1	6	4	7	9
9	1	4	6	8	5	3	2	7
7	3	5	2	9	4	6	8	1
8	6	2	3	7	1	5	9	4
5	7	3	1	6	8	9	4	2
2	8	9	4	3	7	1	5	6
6	4	1	9	5	2	7	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 23.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 14.30 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज माता की सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। आपको स्वार्थी होने से बचना चाहिए। विधिक मामले लंबित हो सकते हैं। कुछ लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

वृष — आज व्यापार के नए अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। परिवार का माहौल सुकून भरा होगा। संतान की प्रगति से आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार में बदलाव का विचार बना सकते हैं। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित रहेगा।

मिथुन — आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। अपने स्वभाव में विनम्रता का भाव हमेशा रखें। नजदीकी मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में नई गतिविधियों को शुरू करने के लिए उपयुक्त समय है।

कर्क — आज आपकी वाक्शैली के लोग कायल रहेंगे। उच्च शिक्षा के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के भी संकेत बन रहे हैं।

सिंह — आज जीवनसाथी की सलाह से आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रतिद्वंदियों पर आप भारी पड़ेंगे। अपनी योग्यता को लेकर अहंकार का भाव न रखें। आप अपने निजी जीवन में दूसरे व्यक्तियों के हस्तक्षेप से नाराज हो सकते हैं।

कन्या — आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। गूढ़ विद्याओं के प्रति आप रुचि लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ने की संभावना बन रही है। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव कर सकते हैं।

तुला — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। आपको किसी यात्रा में जाना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। पति-पत्नी के मध्य भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे। आय के नए मार्ग खुल सकते हैं। पहले की हुई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

वृश्चिक — आज उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति की चर्चा कर सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में कमी लाने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। किसी सामाजिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं।

धनु — आज छात्रों का मनोबल बढ़ेगा। व्यवसाय में नया लक्ष्य निर्धारित करने के योग बन रहे हैं। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। बेरोजगार लोगों को अपने भविष्य की चिंता रहेगी। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आकस्मिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। जल्दबाजी के बजाय गंभीरता से सोच-समझकर ही निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भोग-विलास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। परिवार के लोगों के कारण थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सहकर्मी पीठ पीछे आपकी चुगली कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव से बचने के लिए आपसी संवाद अच्छा रखें।

मीन — आज आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होने के कारण आपका वर्चस्व बढ़ेगा। कारोबार में उत्तम लाभ के योग बन रहे हैं। नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि. नटवरलाल — सुबह : 10.02
कोहराम — रात : 07.00
सूर्या एस 3 — सुबह : 10.46
इंडियन लॉकडाउन — रात : 08.00

SONY PIX
द वॉटर हॉर्स — सुबह : 11.45
300 — शाम : 07.12

&pictures

ZEE CINEMA
गदर — दोपहर : 12.52
स्पाडर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
गोपीचंद चाणक्य — सुबह : 10.09
डेंजरस खिलाड़ी 3 — शाम : 05.27

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

वकील- माई लार्ड, कानून की किताब के पेज नंबर 15 के अनुसार मेरे मुवक्किल को बा-इज्जत बरी किया जाए।
जज- किताब पेश की जाए।
किताब जज के सामने पेश की गई।
जज ने पेज नंबर 15 खोला, उसमें 2000 के पांच नोट थे।
जज ने मुस्कुरा कर कहा- इस तरह के 2 सबूत और पेश किए जाएं।

सब्जी वाला - भैया, मैडम जी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ी हैं क्या?
पति- आश्चर्यचकित होते हुए - हां लेकिन तुम्हें कैसे पता?
सब्जी वाला- क्योंकि मैडम टमाटर नीचे और कद्दू उसके ऊपर रख रही हैं।

एक नजर

एसडीएम व सीओ ने जांची शराब की दुकानें

पुरवा। एसडीएम उदित नारायण सेंगर व सीओ सोमोनेंद्र विश्वास ने आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह के साथ पुरवा व मौरावां कस्बा स्थित देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने दुकानों में स्टाक रजिस्टर आदि का मिलान किया। एसडीएम को पुरवा कस्बा स्थित बीयर दुकान के बाहर लगे अस्थाई तिरपाल लगा देख सेल्समैन को तत्काल तिरपाल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही आबकारी निरीक्षक को संबंधित ठेकेदार से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए।

विधायक पुत्र ने घायल को पहुंचाया सीएचसी

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव ख्वाजगीपुर हेम्मा निवासी अमित (27) गुरुवार शाम गांव जगत नगर से ई-रिक्शा लेकर बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में बिल्हौर मार्ग पर गांव जमुनिहा बांगर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा पलटने से चालक गंभीर घायल हो गया। तभी वहां से निकल रहे बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार के बेटी अंशुल ने एंबुलेंस से घायल को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

अनियंत्रित बाइक खंती में पलटी, अधिवक्ता गंभीर

बांगरमऊ। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव तमोरिया बुजुर्ग निवासी विपुल बाजपेई उर्फ ललित (27) पुत्र प्रमोद कुमार बांगरमऊ तहसील में अधिवक्ता है। वह गुरुवार सुबह बाइक से तहसील आ रहा था। तभी रास्ते में संडीला मार्ग पर नेवादा गांव के सामने ओवरटेक कर रहे दो वाहनों के कारण अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरी खाईं में जा गिरी और अधिवक्ता उछलकर जमीन पर जा गिरा। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे अन्य अधिवक्ताओं ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

सोहरामऊ। थानाक्षेत्र के जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास बीते बुधवार एक 52 वर्षीय व्यक्ति का क्षतविक्षत शव मिला था। जिसकी शिनाख्त हीरालाल के रूप में हुई है। बता दें कि रेलवे स्टेशन जैतीपुर के पास ट्रेन के लोको पायलट ने सूचना दी थी कि रेलवे ट्रैक के पास एक क्षतविक्षत शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने उसकी शिनाख्त न होने पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी भेजा था। उसकी शिनाख्त हीरालाल पुत्र स्व. विपिन चौधरी निवासी रुकुंदीपुर थाना रतवां जिला मालदा पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे शंकर पुत्र ललित चौधरी ने बताया कि टीवी पर देखकर घटना की सूचना मिली थी।

बाइक लेकर भागे वैन सवार

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के खड़ेहरा गांव निवासी मिथुन बीती बुधवार शाम बाइक से अपने भतीजे संजू को लेने नवाबगंज टेंपो स्टैंड आया था। घर लौटते समय जैतीपुर मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के पास संजू ने शौच करने के लिए कहा तो उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और दोनों शौच के लिए खेत चले गए। आरोप है कि इसी दौरान एक वैन आकर रुकी और उससे उतरा एक व्यक्ति उनकी बाइक लेकर भाग गया। उसके पीछे वैन भी चली गई। जब तक दोनों शोर मचाते हुए सड़क पर आए तब तक वे लोग भाग चुके थे। मिथुन ने बताया कि भूल वस चावी उसकी बाइक में लगी रह गई थी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

6 साल के बेटे को लटकाने के बाद मां ने लगाई फांसी

मायके वालों ने पति व ससुरालियों पर लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत सात पर दर्ज की रिपोर्ट
- ग्रामीणों में सास-बहू में हुई कहासुनी के बाद आत्महत्या करने की रही चर्चा

शांति।

संगम।

जांच करते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मलांव गांव में पारिवारिक कलह से ऊबी महिला ने अपने छह साल के बेटे को फंदे से लटकाने के बाद खुद भी फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस ने जांच के बाद शवों को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। सूचना पर पहुंची मृतका की मां ने दामाद समेत सात व्यक्तियों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं ग्रामीणों में सास बहू में हुई कहासुनी के बाद आत्महत्या करने की चर्चा रही।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मलांव गांव निवासी देशराज की पत्नी शांती (30) व उसके छह साल के बेटे संगम के शव गुरुवार को कमरे में संदिग्ध हालात में पंखे के हुक से एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिले। शौच के लिए गया पति जब घर लौटा तो कमरे का नजारा देख उसकी चीख निकल गई और वह बदहवाश होकर वहीं गिर पड़ा। चीख सुन परिजन व पड़ोसी पहुंचे। सूचना पर अजगैन पुलिस पहुंची ने मौका मुआयना करते हुए जांच पड़ताल शुरू की। ग्रामीणों में चर्चा रहीं कि शांति का उसके पति से अक्सर सास श्यामादेवी की सेवा न करने को लेकर विवाद होता था। देशराज तीन भाई हैं। सब अलग-अलग रहते हैं। मां के साथ पत्नी का व्यवहार देख देशराज अक्सर पत्नी को पीटता था। इससे दोनों में विवाद होता था। घटना की सूचना पर दही थानाक्षेत्र के शिवदीन खेड़ा गांव निवासी मृतका की मां गुड्डी पत्नी सोनेलाल पहुंची। उसने बताया कि उसने बेटी की शादी 25 मई-2017 को की थी।

गुरुवार सुबह बेटी ने फोन कर पति द्वारा पीटे जाने की जानकारी देते हुए यहां से ले जाने की बात कही थी, जबकि दो घंटे बाद बेटी और नाती की हत्या की खबर आई। मृतका की मां की तहरीर पर पति देशराज, ननद माया, उर्मिला, भतीजा अरविंद, धर्मेंद्र, नीरज व भौजाई शिवप्यारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि मां ने बेटे के साथ आत्महत्या की है। मृतका की मां ने हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हैंगिंग से मौत होने की हुई पुष्टि

- **उन्नाव।** महिला व उसके बच्चे के शव का गुरुवार शाम पोस्टमार्टम हुआ। इसमें उनकी मौत हैंगिंग से होने की बात सामने आई है। वहीं बेटी व नाती की मौत से परिजन बेहाल हैं।

फंदे से लटका मिला लोडर चालक का शव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- रात में सभी लोग खाना खाकर सो गए थे
- पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

राजकुमार।

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के निर्मल नगर मोहल्ले में बीती रात एक लोडर चालक का शव फंदे पर लटका देख उसकी पत्नी चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर तमाम लोग मौके पर पहुंच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पोनी रोड ब्रम्ह नगर निवासी रामकुमार वर्मा का 32 वर्षीय बड़ा बेटा राजकुमार वर्मा अपनी पत्नी हिना और दो बेटियां उन्नित (10), अनन्या (7) के साथ सहजनी स्थित निर्मल नगर में महेन्द्र के मकान में किराये पर रहकर लोडर चलाता था, बुधवार रात खाना खाने के बाद वह परिवार के साथ सो रहा था, तभी गुरुवार रात करीब दो बजे बिजली चली गई। जिसपर पत्नी की आंख खुली तो उसने बगले के कमरे में हल्की रस्सी और बनियान से गला कसा पति का शव फंदे पर लटका था, जिस पर उसकी चीख निकल गई।

पत्नी ने ससुराल में फोनकर जानकारी दी। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने जांच पड़ताल की और विधिक कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

सीडीओ ने एई को लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

गौशाला की जांच करते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा। अमृत विचार

- गौशाला के निरीक्षण में अव्यवस्था मिलने पर भड़के

अमृत विचार। पुरवा-उन्नाव मार्ग स्थित तौरा गांव में निर्माणाधीन गौशाला का सीडीओ ने औचक निरीक्षण किया। गौशाला परिसर के चारों ओर जलभराव होने और वहां रैंप न बनने से वे गौशाला नहीं जा सके। जिस पर एई को जमकर फटकार लगाई और सीवीओ को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

गुरुवार दोपहर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें गौशाला परिसर में जाने का कोई मार्ग ही नहीं मिला। क्योंकि गौशाला पूरी तरह जलमग्न थी। इस पर उन्होने संबंधित एई अभिनव सिंह को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि रैंप न बनने का मतलब अंदर खामियां है। उन्होंने पुनः जल्द निरीक्षण करने की भी बात कही और सीवीओ डॉ. महावीर को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार, सरकार ने बड़े बजट से गोवंशों को संरक्षित करने के लिए बनाई जा रही स्थाई गौशाला का कार्य ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। किसानों की मांग पर और क्षेत्रीय नेताओं के प्रयास पर तौरा गांव में करीब डेढ़ करोड़ से गौशाला का निमार्ण कार्य चल रहा है। गौशाला के निमार्ण का कार्य कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएलएफ द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन गौशाला निर्माण में मिट्टी भरान नहीं कराई गई। जिससे गौशाला सड़क से काफी नीचे है और तालाब का रूप ले चुकी है। गौशाला परिसर के चारों ओर बाउंड्री वॉल का निमार्ण भी नहीं है। जिससे वहां कंटीले तारों का प्रयोग किया गया है। निरीक्षण में खंड विकास अधिकारी फहद ख़ान, जेई विद्युत जुगराज सिंह रावत, सचिव ओम शंकर तिवारी, पशु चिकित्साधिकारी मनीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

अवैध रूप से बना विद्यालय का गेट जेसीबी से गिरवाया

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

विद्यालय का गेट गिराती जेसीबी।

अमृत विचार। नगर पंचायत के वार्ड-एक में नगर पंचायत की जमीन एक विद्यालय बना होने को लेकर विधानसभा में हुये प्रश्न पर जांच के लिये पहुंची तहसील टीम ने विद्यालय का गेट ग्रामसभा की जमीन पर लगा पाया। इस पर उसे तत्काल गिरा दिया गया और सभी अभिलेख दिखाने का 10 दिन का समय दिया गया। जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके।

वार्ड-एक में प्रतिभा जागृति नाम से एक विद्यालय बना है। किसी ने इसकी शिकायत विधानसभा में प्रश्न उठाकर की थी। इस पर इसकी जांच के लिये तहसील से नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय के साथ कानूनगो कमलेश, लेखपाल धीरेंद्र शुक्ला, सुनील सिंह, केके शुक्ला व ईओ अनिल कुमार पहुंचे। जहां पर विद्यालय के प्रबंधतंत्र के लोग जमीन संबंधी कोई कागजात नहीं दिखा सके। जिस पर ग्रामसभा की भूमि पर बने विद्यालय के गेट को गिराया गया और 10 दिन में जमीन संबंधी अभिलेख दिखाने की नोटिस दी गई। कहा गया कि जांच में अगर ग्रामसभा की जमीन विद्यालय में निकली तो कार्रवाई की जायेगी।

सार-संक्षेप

चोरी का खुलासा न होने पर एसपी से लगाई गुहार

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव चकपीर नगर निवासी विधवा के घर से पांच दिन पूर्व गांव के ही तीन भाइयों ने अपने बहन-बहनोई के जरिए करीब 65 लाख रुपये का सोना-चांदी चोरी कर लिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक चोर को कोतवाली बुलाया और चोरी का माल बरामद करने के बजाए उसे छोड़ दिया। चकपीर नगर गांव निवासी प्रेमा पत्नी स्व. राजकुमार ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 20 जुलाई की सुबह 3 बजे गांव के रंजीत, मुकेश व दिनेश ने अपनी बहन कांती व बहनोई अच्छे लाल के जरिए उसके घर में रखा 600 ग्राम सोना व 18 किलो चांदी जिसकी कीमत करीब 65 लाख थी चोरी कर ली थी। घटना को लेकर शिकायती पत्र देने पर कोतवाली पुलिस ने चोरी में शामिल रंजीत को थाने बुलाया। लेकिन, पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। तब से सभी चोर उसे जान से मार देने और गांव से भगा देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से चोरों को पकड़कर माल बरामद करने की गुहार लगाई है।

इलाज के दौरान वृद्धा की हालत बिगड़ी, मौत

उन्नाव। दही थानाक्षेत्र के गांव हलबल खेड़ा निवासी वृद्धा को परिजनों ने डायरिया व बुखार आने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार सुबह अचानक हालत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। दही थानाक्षेत्र के गांव दुआ के मजरा हलबल खेड़ा निवासी सीता (70) पत्नी सियाराम की दो दिन पहले तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे। बेटे राजू के मुताबिक मां को बुखार के साथ लगातार दस्त आ रहे थे। गुरुवार को इलाज के दौरान वार्ड के शौचालय से शौच कर लौटते समय उसकी अचानक हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।

सिपाही पर मिठाई के रुपये न देने का आरोप

पुरवा उन्नाव। मिठाई खाने के बाद दुकानदार द्वारा पैसे मांगने पर सिपाही ने गालीगलौज करने के साथ उसे दुकान न चलाने देने की धमकी दी। इस पर पीड़ित दुकानदार ने एसपी से शिकायत कर सिपाही पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा निवासी संतोष की कालूखेड़ा कस्बे में मिठाई की दुकान है। संतोष के अनुसार बीती 23 जुलाई की शाम कालूखेड़ा चौकी में तैनात एक सिपाही उसकी दुकान आया और मिठाई खाई। इसके बाद वह वहां से जाने लगा। इस पर उसने पैसे मांगे तो सिपाही उससे गालीगलौज करने लगा। साथ ही धमकी देते हुए कहा कि तुमको दुकान नहीं चलानी है क्या। दुकानदार ने इसकी थाने में शिकायत की लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर संतोष ने बुधवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर सिपाही पर कार्रवाई की मांग की है। एसओ विमल कांत गोयल ने बताया कि सिपाही वहां खड़ी बाइकें हटवा रहा था। इसी दौरान कुछ बात हो गई थी। रुपये न देने की बात निराधार है।

निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण को आवेदन 5 अगस्त तक

उन्नाव। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अब एक लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवार के इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को ही निःशुल्क ओ-लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण दिलाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से ऑन लाइन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ओ-लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण नियमावली-2007 व 2017 को संशोधित किया गया है, जिसके तहत पात्रता की शर्तों में बदलाव किया गया है। अब शहरी व ग्रामीण लाभार्थी परिवार की आय एक लाख रुपये वार्षिक आय वालों के बच्चों का भी चयन किया जाएगा। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के अभ्यर्थियों को न्यूनतम शैक्षिक आर्हता इंटरमीडिएट की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को किसी जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या निजी इंटरनेट से विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंग का उपयोग करते हुए आवेदन करना चाहिए। ऑन लाइन आवेदन के लिए पांच अगस्त अंतिम तिथि तय की गई है।

आधार आधारित होगा पेंशन का भुगतान

उन्नाव। अब दिव्यांगजनों को भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) व कुष्ठावस्था पेंशन का भुगतान आधार आधारित किया जाएगा। प्रभारी जिला दिव्यांगजन अधिकारी ने पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से अपने बैंक खातों का आधार लिंक कराने की अपील की है। जिससे समय पर चयनितों के खातों में पेंशन की धनराशि सुविधाजनक ढंग से पहुंचाई जा सके। चयनित लाभार्थियों को अपने पेंशन संबंधी बैंक खाते को जल्द से जल्द बैंक शाखा पहुंचकर आधार लिंक करा लेना चाहिए। क्योंकि ऐसा न कराने वालों के खातों में पेंशन नहीं पहुंचाई जा सकेगी।

कार्यशाला में मौजूद लोगों को संबोधित करते वक्ता।

लोगों को बताए व्यायाम के फायदे

बांगरमऊ उन्नाव। नगर के ब्लॉक रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र में गुरुवार को स्वस्थ व स्वर्णिम भारत का निर्माण विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई।

इसमें छत्तीसगढ़ से आए ब्रह्मा कुमार सुभाष भाई ने कहा कि स्वस्थ समाज से ही स्वर्णिम भारत का निर्माण संभव है। इसके लिए युवा वर्ग को मेडीटेशन व व्यायाम के लिए रोज एक घंटे का योगदान देना होगा। ब्रह्मा कुमार सुभाष भाई ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी ख़ुश रहने से आत्मबल बढ़ता है। उत्तम स्वास्थ्य के लिए खुशी जैसी कोई खुराक नहीं है। हापुड़ के ब्रह्मा कुमार मनवीर भाई ने कहा कि परमात्मा ने हमको बुद्धि व बल जैसे तमाम उपहार दिये हैं। अब हमारा फर्ज बनता है कि हम भगवान को उसका रिटर्न दें। सफीपुर केंद्र संचालिका ब्रह्मा कुमारी पुष्पा बहन ने मौजूद राजयोगियों को फरिस्ता की उपाधि से नवाजा। कार्यशाला में पंजाब से आए जगदीश भाई, प्रमुख समाज सेवी अजीत पांडेय, ब्रजेश द्विवेदी, महेश फ़ौजी, अखिल, नरेंद्र यादव, कन्हैया लाल गुप्ता, रमेश कनौजिया, पुष्पा गुप्ता रहीं।

घर-घर जाकर रोगी ढूंढ रही हैं आशा कार्यकर्ता

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

बैठक करते विभिन्न विभागों के अधिकारी। अमृत विचार

- बैठक में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की हुई समीक्षा, दिये निर्देश

अमृत विचार। विभिन्न विभागों के समन्वय से क्षेत्र में चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की समीक्षा हेतु गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन व यूनिसेफ अभियान की लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं।

स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घरों के अंदर व आसपास जलभराव, साफ सफाई, निकासी आदि के बारे में ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ संचारी रोग से बचाव के लिये जागरूक कर रही हैं। घर-घर भ्रमण कर बुखार, आईएलआई (इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस), क्षय रोग व कुष्ठ रोग के लक्षण वाले लोगों व रोगियों समेत कुपोषित बच्चों की सूची भी तैयार कर रही हैं। ईओ अनिल कुमार ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों डेंगू व मलेरिया के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ऐसे क्षेत्रों में साफ-सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव भी किया गया है। इस दौरान एडीओ मनोज कुमार, बीपीएम मलखान सिंह, पर्यवेक्षक प्रशांत दीक्षित, डब्लूएचओ से राजेश कुमार, यूनिसेफ मॉनिटर मो. आसिफ, वीडीओ शैलेन्द्र भारतीय, सुशील कुमार, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर रोहित गुप्ता, हर्षित तिवारी, सरिता राठौर आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन | शर्मा गुट के शिक्षक नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा

शिक्षकों ने लंबित मांगों को जल्द पूरा कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

डीआईओएस एसपी सिंह को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के शिक्षकों ने संगठन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में डीआईओएस कार्यालय पर एक दिवसीय धरने पर बैठकर विभागीय कार्यालय को ज्ञापन दिया। डीआईओएस एसपी सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर शिक्षक नेताओं से ज्ञापन की प्रति प्राप्त करते हुए शिक्षक नेताओं को जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण कराने का भरोसा दिलाया। शिक्षक नेताओं ने ज्ञापन के साथ स्थानीय समस्याओं को पूरा कराने का एक अलग मांग पत्र दिया है।

करीब एक पखवाड़े की तैयारियों के बाद गुरुवार दोपहर से शिक्षक नेताओं का धरने में शामिल होने के लिए कार्यालय परिसर पहुंचना शुरू हो गया। धरने में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शिक्षकों की शासन सहित जिला स्तर पर लंबित मांगों को पूरा किए जाने पर जोर दिया। कहा कि लगातार कोशिशों के बाद भी समस्याओं का निराकरण न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए अधिकारियों को संजीदगी से शिक्षक समस्याओं को लेकर निराकरण को गंभीर प्रयास करने चाहिए। शिक्षक नेताओं ने धरना स्थल पहुंचे डीआईओएस को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सहित स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए भी मांग पत्र सौंपा। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर तैयार ज्ञापन में सीबीएससी बोर्ड के समान पारिश्रमिक देने, शिक्षकों के समायोजन के संबंध में जारी शासनादेश निरस्त करने, राज्यकर्मियों की तरह पेंशन गणना के लिए समानता स्थापित करने व करोना महामारी के दौरान रोके गए महंगाई भत्ते के भुगतान सहित 13 मांगों को शामिल किया गया। वहीं समस्याओं के संबंध में मांग पत्र में व्यवसायिक शिक्षकों की लंबित पत्रावलियां निस्तारित करते हुए सेवा विस्तार देने और अलग-अलग इंटर कालेजों में कार्यरत शिक्षकों के रुके हुए वेतन व अवशेष का भुगतान करने आदि मांगों को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह, दिनेश गुप्ता, उमाशंकर तिवारी, शैलेश पाल, आरपी धारिया, कौशल किशोर मिश्र, हनुमंत सिंह व सतीश चंद्र मिश्र आदि शामिल थे।

विद्यालयों में मनेगी ज्योतिबा फुले जयंती

वक्ता शिक्षक भैया लाल ने संबोधन के दौरान संगठन की ओर से प्रथम शिक्षिका ज्योतिबा फुले की जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में जयंती आयोजित किए जाने की मांग की। वरिष्ठ शिक्षक नेता हनुमंत सिंह ने इस मांग को प्रस्ताव के तौर समर्थन देते हुए संबंधित शिक्षक को ही कार्यक्रम संयोजक बनाए जाने की बात कही, जिसका मौके पर मौजूद सभी शिक्षकों ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

शिक्षक पहुंचे हाईकोर्ट, फंसी अंतः जिला स्थानांतरण प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 19 जुलाई तक शिक्षकों को कार्यमुक्त कर कार्यभार ग्रहण कराने के दिये गए थे निर्देश

अमृत विचार। शासन के निर्देशों के तहत अंतः जिला स्थानांतरण प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उच्चाधिकारियों ने 19 जुलाई तक शिक्षकों को कार्यमुक्त करते हुए नए विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश दिए थे। इधर शिक्षक संगठन विद्यालयों में मानक से अधिक कार्यरत शिक्षकों की सूची न चस्पा करने का आरोप लगाते आ रहे हैं। उधर, जिले के 42 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा रखा है।

विभाग ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों की तैनाती के लिए अंतः जिला स्थानांतरण के निर्देश जारी किए थे। इसके तहत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की सूची तैयार करते हुए मानक से अतिरिक्त अध्यापकों की सूची सार्वजनिक की जानी थी, जिसके आधार पर शिक्षकों को आपत्तियां प्रस्तुत करनी थीं। इधर, विभाग उच्चाधिकारियों के आदेश पर अमल करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त करा नए विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण नहीं करा पाया, आकांक्षा चौधरी सहित 42 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जारी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी है। न्यायमूर्ति ने अगली सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तिथि तय की है।

मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिला किसानों का प्रतिनिधि मंडल

अधिग्रहण के दौरान 2014 में हुये करार की मांगें न पूरी होने को लेकर दिया पत्र

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को समस्या बताते शंकरपुर के किसान। अमृत विचार

अमृत विचार। बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के निर्माण को लेकर आस पास के कई किसानों की भूमि यूपीसीडा ने अधिग्रहित की थी, अधिग्रहण के दौरान हुये करार की मांगे दस साल बीतने के बाद भी पूरी नहीं हुई। जिस पर गुरुवार को किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल लखनऊ के लिये रवाना हुआ, जहां किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र सौंपा। जहां उपमुख्यमंत्री ने यूपीसीडा के एमडी से फोन कर किसानों की समस्या को जल्द दूर करने के निर्देश दिये हैं।

शासन की ओर से गंगा बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी प्रांगण में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं जन अभियान 2024 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम समर्पित कार्यक्रम का वन विभाग की ओर से आयोजन किया गया था। जहां प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे थे। जिस पर किसानों ने उपमुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं को लेकर अवगत कराया था, जहां उपमुख्यमंत्री ने सभी को लखनऊ आवास में बुलाया था।

गुरुवार को किसानों का प्रतिनिधि मंडल लक्ष्मी शंकर अवस्थी, शिवनारायण मिश्रा, अशोक बाजपेयी, पुनीत अवस्थी, राम त्रिवेदी, अतुल अवस्थी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर पहुंचे और पत्र देते हुये बताया कि अधिग्रहण के दौरान वर्ष 2014 में हुये किसानों और यूपीसीडा के बीच करार हुआ था कि 2014 में जमीन अधिग्रहण के तहत यूपीसीडा ने जमीन अधिग्रहण पर 6 प्रतिशत विकसित भूखंड, पुर्नवास के तहत पचास हजार की रकम दिये जाने का करार हुआ था, लेकिन दस साल बीतने पर भी कई किसानों को यह लाभ नहीं मिल सका। किसानों ने ट्रांस गंगा सिटी से गांव की विजली जोड़ने व एक अस्पताल बनाये जाने की मांग भी उप मुख्यमंत्री से की। किसानों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ने यूपीसीडा के एमडी को फोन कर बात की और जल्द किसानों की समस्याओं को निवारण करने के निर्देश दिये।

भाजपा कारगिल तो सपा मनाएगी संविधान स्तंभ दिवस

उन्नाव। भाजपा हर साल की तरह इस बार भी कारगिल विजय दिवस मना रही है। पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों के साथ कारगिल युद्ध की स्मृतियां साझा करेंगे। वहीं पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जिला सपा कार्यालय में संविधान स्तंभ दिवस मनाया जाएगा। भले ही लोकसभा चुनाव अभी कुछ माह पहले ही संपंन हुए हैं। साथ ही प्रदेश विधानसभा के चुनाव दो साल बाद वर्ष 2027 में होना प्रस्तावित है, लेकिन प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल की हैसियत से सपा स्वयं को भाजपा से टक्कर में बराबर बनाए रखना चाहती है। हालांकि जिला भाजपा ने कारगिल विजय दिवस मनाने की शुरुआत पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम से कर दिया है, लेकिन अब सपा शुक्रवार को संविधान स्तंभ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों के बीच पार्टी की एकजुटता का संदेश भेजेगी। सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि कारगिल विजय दिवस से इतर होने वाले कार्यक्रमों में भी इस युद्ध की यादें ताजा करेंगे।

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर जुलूस निकालते भाजपाई। अमृत विचार

भाजपाइयों ने निकाला विजय जुलूस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कारगिल विजय के वीर जाबांजों को किया याद

अमृत विचार। जिला भाजपा ने शाम के समय कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहर में मशाल जुलूस निकाला। आवास विकास कालोनी स्थित सरदार पटेल पार्क में एकत्र हुए भाजपाई जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार कटियार की अगुवाई मशालें लेकर जुलूस की शक्त में रवाना हुए। हरदोई ओवरब्रिज तिराहा स्थित पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री पार्क पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया।

शाम पांच बजे से ही भाजपा नेता और कार्यकर्ता पटेल पार्क में एकत्र होने लगे। कार्यकर्ताओं की संख्या पर्याप्त होते ही युवाओं को पहले से तैयार मशाल पकड़ाई जाने लगीं। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों का यह कारवां भारत माता के जयकारे लगाता हुए गंतव्य के लिए रवाना हुआ।

जुलस में शामिल लोगों की बहुत अधिक संख्या भले नहीं थी, लेकिन पूरी सड़क पर मशालें थामे चलने वालों की वजह से पीछे आने वाले वाहनों को रुकने के बाद काफी धीमी गति से आगे बढ़ना पड़ा, जिससे दूर तक जूलूस दिखाई देता रहा। शास्त्री पार्क पहुंचकर जिलाध्यक्ष सहित अन्य वक्ताओं ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

मशाल जुलूस में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीन मिश्र भानू, कार्यक्रम संयोजक प्रवीण शुक्ला शानू, भाजपा नेता विमल द्विवेदी, बिछिया ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, बालाराव गुप्ता, अंकित यादव, क्षितिज शुक्ला, धीरज सिंह व सिद्धार्थ त्रिपाठी, सीतेश सिंह, उदय सिंह,नमन वाजपेयी, महेश दीक्षित, मनीष जायसवाल व केके वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से भतीजे की मौत, चाचा गंभीर

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- बाजार से सब्जी लेकर बाइक से लौट रहे थे दोनों

अमृत विचार। बाजार से सब्जी लेकर घर आ रहे चाचा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें भतीजे की मौके पर मौत हो गई। जबकि, चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थानाक्षेत्र के गाजीखेड़ा निवासी मनोज (25) पुत्र सत्यदेव अपने 32 वर्षीय पारिवारिक चाचा छल्लू पुत्र जानकी के साथ गुरुवार शाम उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित हफीजाबाद बाजार से सब्जी लेने गया था।

लौटते समय क्षेत्र के गांव मंगली खेड़ा के सामने अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें मनोज की मौके पर मौत हो गई। वहीं छल्लू को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बाइक सवार ने किसान को मारी टक्कर, गंभीर

बिछिया। अंचलगंज थानाक्षेत्र के गांव ईश्वरीय नथई खेड़ा निवासी कौशल बिछिया किसान सम्मान निधि न आने से मुख्यालय जानकारी करने गए थे। घर लौटते समय साइकिल खड़ी कर धूप के वजह से पेड़ के नीचे छाया में रुक गये। तभी नशे में रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें बिछिया सीएचसी भेजा। जहां से रेफर कर दिया गया।

वाहन की टक्कर से पेंटर की गई जान

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के कल्लूपुरवा मोड़ के पास बुधवार देर रात सड़क पार कर रहे पेंटर को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मूलरूप से रायबरेली जनपद के थाना लालगंज के बीजेमऊ निवासी सुकरू (60) पुत्र छंगा जाजमऊ कल्लूपुरवा में किराये के मकान में रहकर पेंटिंग का काम करता था। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे वह कल्लूपुरवा मोड़ के सामने सड़क पार रहा था, तभी लखनऊ से कानपुर जाने वाली अज्ञात बस ने टक्कर मारने के बाद उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद उसकी पहचान कराई और मृतक के परिजनों को फोन पर सूचना दी।

गैर इरादतन हत्या के दोषी मां-बेटे को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पुरानी रंजिश के चलते युवक की पीट-पीटकर हत्या करने की आरोपी महिला व उसके बेटे को डीजे ने सुनवाई के बाद दोषी करार दिया। कोर्ट ने उन्हें 10-10 साल की सजा सुनाई है।

असोहा थानाक्षेत्र के गांव टेडवा बम्हना के मजरा बरौली निवासी केतकी देवी ने गांव के रजनीश, उसकी मां रामरती व बहन रेनू पर अपने पति रामभजन की गैर इरादतन हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि 5 जुलाई-2022 की देरशाम उसके घर के पास एक गुमटी में बैठे थे। तभी गांव का रजनीश उर्फ बहिरा पुत्र स्व. रामप्रसाद ने पति से गालीगलौज शुरू कर दी। पति ने विरोध किया तो रजनीश ने लाठी से पीटना शुरू कर दिया। जानकारी होने पर रजनीश की मां व बहन भी पहुंच गईं और तीनों ने पति को पीट-पीटकर घायल कर दिया। जिसकी भवानीगंज जनसेवा हास्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी की दलीलों व पेश किए गए गवाहों के बयान के आधार पर जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने मां रामरती व उसके बेटे रजनीश को दोषी मानते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई। वहीं रेनू के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर उसे बरी कर दिया।

गैंगस्टर के मामलों में छह दोषियों को सजा

उन्नाव। गैंग बनाकर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर एक्ट के अलग-अलग दो मुकदमों की अंतिम सुनवाई गुरुवार को पूरी हुई। इसमें कोर्ट ने छह आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की सजा के साथ 20-20 हजार का जुर्माना लगाया है। फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस ने 23 जनवरी-2010 को नन्हक्के पुत्र लाऊ निवासी फतेहपुर चौरासी, हनीफ पुत्र अलादीन निवासी नौशहरा थाना मिश्रिख जिला सीतापुर व रमजान पुत्र सत्तार निवासी मवई कला थाना मलिहाबाद लखनऊ पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। वहीं बीघापुर कोतवाली पुलिस ने ने 31 मार्च-2003 को बबलू उर्फ जयंती प्रसाद निवासी कोतवाली सदर, रमेश मिश्रा पुत्र चंद्रभान निवासी राजापुर थाना शिवगढ़ रायबरेली, पंकज पुत्र भगवती प्रसाद पांडेय निवासी परेवा थाना गोसाई लखनऊ के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को दोनों मुकदमों की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे जयवीर सिंह नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलीलों के आधार पर उन्हें दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।

सार-संक्षेप

दो महिलाओं को जहरीले कीड़े ने काटा, गंभीर

बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र के अलग-अलग गावों में बीते एक हफ्ते में ऐसी पांच घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें एक महिला की मौत भी हो चुकी है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर रुल्ल निवासी अरविंद की 32 वर्षीय पत्नी अनीता देवी व बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस निवासी कन्हैयालाल की 60 वर्षीय पत्नी गयावती को गुरुवार को घर में झाड़ू लगाते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस की पकड़ से दूर है दुष्कर्म का आरोपी

औरास। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में दिये प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया था कि लखनऊ जिला के रहीमाबाद थानांतर्गत कैथुलिया गांव निवासी रामविलास ने उससे दुष्कर्म किया था। वहीं पुलिस द्वारा हीलाहवाली करने पर उसने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की थी। इसके बाद बीते सप्ताह औरास पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। लेकिन, करीब एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं सकी है। एसओ अश्वनी मिश्र ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

ब्लॉक लेकर रेलवे पुल पर हुआ मरम्मत का कार्य

शुक्लागंज उन्नाव। कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल पर जर्जर स्लीपर और बदलने का काम कराया जाना है। जिसे देखते हुये गुरुवार को रेल पथ विभाग ने ब्लॉक लेकर मरम्मत कार्य कराया। इस दौरान डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। गुरुवार दोपहर रेल पथ निरीक्षण रेल कर्मियों के साथ रेलवे पुल पर पहुंचे। जहां उन्होंने ब्लॉक की मांग की। जिसपर दोपहर तीन बजे से शाम 04:20 बजे के बीच एक घंटे बीस मिनट का ब्लॉक मिला। ब्लॉक मिलने के बाद रेल कर्मियों ने रेलवे पुल पर मरम्मत का कार्य शुरू कराया। इस दौरान रेल कर्मियों ने जर्जर टर्फ बदले।

वीडीओ पर लगाया धमकाने का आरोप

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। ग्राम पंचायत हयासपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र शंकर लाल ने सोमवार को समाधान दिवस में मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास में धांधली की शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया था कि वह गांव में झोपड़ी बनाकर गुजर-बसर कर रहा है। पीएम आवास स्वीकृत हुआ, किंतु जांच करने पहुंचे वीडीओ शुभम वर्मा ने आवास दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये मांगे थे। मांगी गई रकम न दे पाने पर जिला परियोजना अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में झोपड़ी के बजाए पक्का आवास दिखा दिया था। समाधान दिवस में उठे इस मामले की उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बीडीओ अनिल कुमार ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। भुक्तभोगी ने बताया है कि जांच टीम के साथ संबंधित वीडीओ उसके घर पहुंचे और बयान बदलने का दबाव बनाया। आरोप लगाया कि वीडीओ ने धमकाते हुए किसी भी सूरत में पीएम आवास न आवंटित होने देने की चेतावनी भी दी है।

जान से मारने की धमकी देने पर रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज। अहमद नगर निवासी रीता श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि पड़ोस में रहने वाले विमलेश मिश्रा ने उसे मामूली बात को लेकर गालियां दे रहा था, जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चोरी की सरिया के साथ पुलिस ने एक को पकड़ा

शुक्लागंज उन्नाव। बैराज मार्ग पर आरओबी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, सरैयां गांव में रहने वाला एक युवक आरओबी स्थल से लोहे की सरिया व अन्य सामान सरैयां गांव का रहने वाला एक सख्श ने चुरा कर रखी थी। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्यसेतु निगम की ओर से बैराज मार्ग पर आरओबी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिला मैनपुरी के गांव नगला खुर्दन निवासी राजेश कुमार ने स्टोर से सरिया और लोहे का सामान चोरी होने की तहरीर दी थी। बुधवार को पुलिस ने सरैयां गांव में रहने वाले मुकेश के घर में छापेमारी की। जहां पुलिस ने छोटी बड़ी सरिया के टुकड़े, एंगल, पत्ती, रेलवे का जाल, बड़ी सरिया का जाल, लोहे का रिंग, फ्रेम के अलावा भारी मात्रा में माल बरामद किया।

ट्रक चालक की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर जिले में हुए सड़क हादसे के बाद चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे ट्रक मालिक उसे जिला अस्पताल भिजवाया,जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हादसे के संबंध में ट्रक मालिक व साथ रहे चालक के साले ने भी इसकी खबर तक नहीं दी। इस पर परिजनों ने घटना को लेकर संदेह जताया है।

थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा गांव निवासी सुरेश (32)ट्रक चालक था। पिता के मुताबिक वह इस समय अजगैन कोतवाली क्षेत्र निवासी योगेन्द्र सिंह का ट्रक चला रहा था उसके साथ उसका साला नीरज भी रहता था। मंगलवार को वह साले के साथ मध्य प्रदेश के रामपुर माल लोडिंग के लिए जा रहा था। तभी फतेहपुर के ललौली गांव के पास देर रात ट्रक की डंपर से टक्कर हो गई। इसमें उसके पेट में अंदरूनी चोट आई। बताते हैं कि घटना की सूचना पर मालिक योगेंद्र पहुंचे और सुरेश को पीटने लगे और नीरज का फोन छीन लिया। बुधवार रात वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर वह शव वही छोड़ कर भाग निकला और असोहा थाना क्षेत्र के मोहिनीखेड़ा गांव निवासी राजू को घटना की जानकारी दी। पिता का आरोप है कि वाहन मालिक व हादसे के समय मौजूद साले ने जानकारी तक नहीं दी। पिता ने ट्रांसपोर्टर पर मारने का आरोप लगाया है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सोहरामऊ उन्नाव। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के रुदवारा गांव में पत्नी से हुई कहासुनी के बाद युवक ने गांव में एक पेड़ पर फंदे से लटक कर खुदकशी कर ली। थानाक्षेत्र के रुदवारा गांव निवासी लल्लू पुत्र छोटेलाल की किसी बात को लेकर पत्नी सुषमा से गुरुवार को कहासुनी हो गई। बताते हैं कि इसी से नाराज लल्लू गुस्से में घर से निकला। गांव के बाहर मिश्री रावत की बाग में लगे चिलवल के पेड़ में अपने गमछे का फंदा बनाकर लटक गया। पीछे से पत्नी उसे ढूंढते हुए पहुंची और उसे लटका देख शोर मचाया। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और नवाबगंज सीएचस लाए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित दिया।

उधारी के रुपये मांगने पर युवक को पीटा

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी एक युवक ने उधार के रुपये मांगे तो दबंगों ने उसे पिटाई कर दी। चोटें आने पर पीड़ित ने कार्रवाई को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

आदर्श नगर निवासी जीतेन्द्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसने पड़ोसी को रुपये उधार दिये थे। बुधवार रात उधारी के पैसे मांगे तो गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर उसे पिटाई कर दी। जिससे उसे चोटें आई। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

दो पक्षों के टकराव मामले में पुलिस ने पांच को दबोचा

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

- 2 आरक्षी समेत दोनों पक्षों से 2 दर्जन हुए थे घायल

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ में बीते सोमवार दो पक्षों में टकराव हो गया था। इस दौरान जावेद पक्ष के लोगों ने अलाउद्दीन पक्ष के शख्स के दरवाजे पर खड़ी जेसीबी और कार को डंडों और ईंट-पत्थरों से क्षतिग्रस्त कर दिया था। ईं

ईंट पत्थर बरसने के दौरान शांति व्यवस्था हेतु मौके पर पहुंचे दो आरक्षी सहित दोनों पक्षों से दो दर्जन लोग गंभीर घायल हुए थे। कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष के अलाउद्दीन की तहरीर पर कुल 25 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गोली मारने, घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ तथा माल-जेवर लूटने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को पुलिस ने रिपोर्ट में नामजद सोएब अली, पप्पू उर्फ मतलूब, इमरान, समीर अली व तौसीब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांचों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया। जबकि मामले में वांछित सत्ताधारी नेताओं व पुलिस और तहसील प्रशासन में रसूख रखने वाले शुभम मिश्रा सहित नामजद 20 अभियुक्त अभी भी फरार हैं।

अत्यवस्था | फीडर एक की घंटों बिजली गुल होने से गर्मी और उमस से बिलबिलाये लोग

ट्रांसफार्मर फुंकने से 23 घंटे गुल रही 300 घरों की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार शाम नगर के आनंद नगर मोहल्ले में रखा ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे 23 घंटे तक क्षेत्र की आपूर्ति बंद रही। जिससे गर्मी और उमस में लोग बेहाल हो गये। वहीं फीडर एक में जगह-जगह फाल्ट होने के कारण बुधवार रात से लेकर गुरुवार शाम तक घंटों क्षेत्र की बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

आनंद नगर मोहल्ले में रखा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर बुधवार शाम छह बजे विद्युत आपूर्ति के दौरान खराब हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जानकारी विभाग को दी। बारिश होने के कारण रात में ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो सका। जिसके बाद मध्य रात्रि मरम्मत कर आपूर्ति चालू कराई गई। कुछ देर चलने के बाद दोबारा फुंक गया। पूरी रात तीन सौ घरों की बिजली गुल रही। गुरुवार दोपहर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसके बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं फीडर 1 में अंविका पुरम के पास एलटी दगने से लगभग चार सौ घरों की बिजली बुधवार रात से गुरुवार की देर शाम सात बजे तक गुल रही। इसी तरह गायत्री नगर, कंचन नगर में भी फाल्ट से घंटों सप्लाई बंद रही।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार शाम चार बजे जलस्तर 110.650 मीटर मापा गया था। गुरुवार सुवह छह बजे 110.730 मीटर पहुंच गया। जिसके बाद दोपहर बारह बजे 110.870 मीटर दर्ज किया गया। वहीं दोपहर दो बजे 110.900 मीटर पहुंच गया। जो शाम 4 बजे तक स्थिर बना रहा। आयोग की माने तो पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा के जलस्तर में अब बराबर बढ़ोत्तरी दर्ज की जायेगी। जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को एक बार फिर बाढ़ का खतरा सताने लगा है।

ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

फीडर एक में न के बराबर मिल रही बिजली

- फीडर एक के दर्जनों मोहल्ले में रहने वाले लोगों को चौबीस घंटे में न के बराबर बिजली मिल रही है। जिससे भीषण गर्मी और उमस में यहां के रहने वाले लोग बेहाल हो रहे हैं।

सब स्टेशन में पांच एमवी की कवायद शुरू

- पश्चिमी क्षेत्र को बिजली देने के लिये गुरुवार को गंगाघाट टाउन सब स्टेशन में पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। जेई ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगने के बाद भरपूर बिजली मिलेगी।

तेजी से बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर

- **शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार करने के बाद तेजी से घट रहा था, इधर पश्चिम के बांधों से पानी छोड़ा गया। जिससे जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को एक बार फिर से बाढ़ का खतरा सताने लगा है।

पुलिस ने 8 लोगों पर की कार्रवाई

सफीपुर। कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से चार-चार लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि गांव में बीती मंगलवार शाम दो लोगों की सूखे कुएं में बकरी का बच्चा निकालने के दौरान मौत हो गई थी। जिनके अंतिम संस्कार के लिए दोनों पक्ष गंगाघाट गए थे। घाट पर ही उन लोगों ने शराब पीकर एक-दूसरे की हूटिंग करने लगे। इसके बाद गांव पहुंचते ही दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से पूर्व प्रधान प्रतिनिधि गंगा सागर को चोटें आई हैं। पूर्व प्रधान प्रतिनधि कमलेश व उनके बेटों विवेक, गोलू व कुलदीप और दूसरे पक्ष से संतोष, हरिशंकर, मुलायम व मोनू को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांतिभंग में पाबंद कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

बीएसए ने वेतन रोका और जारी भी कर दिया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शिक्षकों का कहना है कि पिछले साल निरीक्षण में रोका गया वेतन नहीं जारी हो पा रहा

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा कार्यालय में अब अजब-गजब कारमानों की शुरुआत हो चुकी है। एक ओर निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने वाले तमाम शिक्षकों का करीब एक साल बाद भी रोका गया वेतन जारी नहीं सका है। वहीं दूसरी ओर हिलौली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर कंपोजिट में कार्यरत इंचार्ज शिक्षक का 22 जुलाई को रोका गया वेतन बहाली का इसी तिथि पर आदेश जारी हुआ।

खास बात यह है कि वेतन अवरुद्ध आदेश में बीईओ मुख्यालय केएल वर्मा को जांच अधिकारी नामित किया गया था। जबकि वेतन बहाली बीईओ हिलौली की आख्या के आधार पर कर दी गई है। बीएस संगीता सिंह ने बीते सोमवार विद्यालय का निरीक्षण करते हुए इंचार्ज शिक्षक का वेतन रोक दिया था। इस संबंध में जारी आदेश में बीईओ मुख्यालय को जांच अधिकारी नामित करते हुए विभागीय अधिकारी ने आख्या मांगते हुए निरीक्षण में मिली विसंगतियां समाप्त कराने को कहा था। अब 22 जुलाई को ही बीईओ हिलौली की आख्या के आधार पर इंचार्ज शिक्षक का वेतन बहाल किए जाने का आदेश वायरल हो रहा है। शिक्षकों का कहना है कि पिछले साल निरीक्षण में रोका गया वेतन नहीं जारी हो पा रहा है।

वज्रपात से रोपाई कर रहे युवक की मौत, दो झुलसे

ग्राम नगला राम सिंह की घटना, लेखपाल व अधिकारी पहुंचे

संवाददाता एरवा कटरा, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम हिरमी के पास नगला राम सिंह में खेत पर धान की रोपाई का कार्य चल रहा था। गुरुवार दोपहर 2:10 पर तेज बारिश के साथ अचानक आकाशीय बिजली धान रोपाई वाले खेत पर गिरी जिसमें 22 वर्षीय रोहित कुमार पाल पुत्र दरोगा सिंह जमीन पर गिर पड़े। वह पेट व सीने में काफी झुलस गए। साथ में काम कर रहे सत्यवान सविता, निर्मला देवी पत्नी मनोज कुमार झुलस गए। गांव वाले उन्हें सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने रोहित कुमार पाल को मृत घोषित कर दिया। मामूली घायल सत्यवान सविता व निर्मला देवी पत्नी मनोज कुमार को उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया।

रोहित कुमार पाल।

पंचनामा की कार्रवाई करतीं नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा। अमृत विचार

रोहित कुमार का शव घर आया। विधूना नायब तहसीलदार रूचि मिश्रा एवं लेखपाल सौरभ भारती व पुलिस ने शव के पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। रोहित कुमार पाल की शादी ढाई वर्ष पूर्व बेला थाने के कोराई गांव निवासी राजवीर की पुत्री प्रियंका के साथ हुई थी। इनको कोई बच्चे नहीं थे। मृतक की पत्नी प्रियंका का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में रामेश्वर उर्फ रविंद्र,सोनू व सबसे छोटा रोहित कुमार पाल था। उधर ग्राम नगला अतबल में किसान सतवीर उर्फ सत्य राम खेत पर अपनी भैंस चराने ले जा रहे थे। तभी दोपहर में आकाशीय बिजली गिरने से एक लाख की भैंस मर गई तथा किसान सत्यवीर उर्फ सत्य राम बाल बाल बच गए ।

बैंक मैनेजर व कर्मचारी पर धोखाधड़ी का केस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- फर्जी हस्ताक्षर कर 25 हजार रुपये फिक्स डिपोजिट बनाने का आरोप

अमृत विचार। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एचडीएफसी औरैया के बैंक मैनेजर व कर्मचारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला पंजीकृत कर विवेचना कराने का आदेश जारी किया है।

थाना अजीतमल के ग्राम बल्लापुर निवासी हरिओम शुक्ला ने 28 जुलाई 2023 को 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र सीजेएम कोर्ट में दायर किया था। उपभोक्ता ने लिखा कि एचडीएफसी बैंक द्वारा उसके खाते से बिना उसकी जानकारी के 25 हजार रुपये की फिक्स डिपोजिट बना दी गई। खातेदार ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके सूचना दी तो अगले दिन ब्रांच में जाकर संपर्क करने को कहा।

इस पर अगले दिन उसने बैंक को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन उच्चाधिकारियों तक शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। उपभोक्ता का कहना है कि उसने बैंक के एक्स एकाउंट पर रिजर्व बैंक को टैग करके उक्त शिकायत के संबंध में पोस्ट किया तो वहां से प्रार्थी एचडीएफसी बैंक केयर्स नाम के एक्स एकाउंट से साइबर अपराधियों ने काल की व बाद में उसके खाते से 50 हजार, उसके बाद एक लाख रुपये व पुनः 50 हजार रुपये डेबिट हुए।

आरोप है कि बैंक मैनेजर व कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से साजिश करके उसके साथ दो लाख 25 हजार की धोखाधड़ी की गई। इस प्रकीर्ण वाद को पहले दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को इसी कोर्ट द्वारा निरस्त किया गया था। बाद में याची ने सत्र न्यायालय में दंड निगरानी प्रस्तुत की। इसकी सुनवाई करके एडीजे ने उक्त निगरानी स्वीकार कर 18 अक्टूबर 2023 के आदेश को निरस्त कर दिया। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जीवक कुमार सिंह ने हरिओम शुक्ला का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर कोतवाली को आदेशित किया कि प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना कराया जाना सुनिश्चित करें। कोर्ट ने लिखा कि फिक्स डिपोजिट फार्म पर हस्ताक्षर फर्जी हैं ।

बालक के अपहरण का प्रयास युवक को लोगों ने धुन दिया

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। कस्बे के मुख्य चौराहे पर ऑटो का इंतजार कर रहे बालक के अपहरण का प्रयास किया गया। बालक के शोर मचाने पर आरोपी को लोगों ने पकड़कर धुन दिया। इस सारे हंगामे के दौरान पुलिस नदारद दिखी। कोतवाल ने युवक से पूछताछ किए जाने की बात कही है।

बालक अरुण।

मौके पर जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

कस्बे के मुख्य चौराहा पर पीआरडी जवान की ड्यूटी के बाद कोई भी पुलिस कर्मी की मौजूदगी न होने से अपराधियों का दुस्साहस बढ़ गया है। गुरुवार की शाम को एक बड़ी घटना होते बच गई। कोतवाली क्षेत्र के हरई पुर गांव निवासी किशोर अरुण (12) घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक युवक अपने आप को ऑटो चलाक बताकर किशोर को बहला फुसलाकार साथ लेकर जा रहा था। वहां कोई अन्य ऑटो न होने पर युवक पर शक हुआ तो अरुण हंगामा करने लगा। शोर

- मुख्य चौराहे पर सरेशाम हुई घटना, नदारद दिखी पुलिस

शारबा सुन लोगों की भीड़ लग गई और युवक से पूछताछ करने लगे। गोलमोल जवाब सुन लोगों ने आरोपी की धुनाई कर दी। आधे से घंटे से अधिक चल रहे प्रकरण के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को साथ ले गई। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। लोगों का कहना है कि कस्बा का मुख्य चौराहा होने के बावजूद भी कोई भी पुलिस कर्मी मौजूद नही रहता है। कस्बा इंचार्ज के बारे में लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से चौराहे पर दिखाई नही दिए हैं।

दुष्कर्म, आत्महत्या दुष्प्रेरण में दो और गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज। दुष्कर्म के बाद मुकदमे में समझौते के दबाव से परेशान किशोरी के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव में 22 जुलाई मंगलवार दोपहर के समय दुष्कर्म पीड़िता 17 वर्षीय दलित किशोरी ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों के विरोध के बाद पुलिस ने एक आरोपी पुनीत को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज राकेश पटेल आदि ने पुनीत के भाई कुलदीप और भोले पुत्र ओमपाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

भरथना सीएचसी में मांगे तीमारदार से पांच हजार

संवाददाता भरथना, इटावा

- रुपये मांगने वाली महिला स्वास्थकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमृत विचार। भरथना नगर में मोहल्ला महावीर नगर में रहने वाली प्रसूता सोनाली और उसके पति बबलू ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए 21 जुलाई रात आठ बजे भरथना सीएचसी पर पहुंचा। वहां एक महिला स्वास्थ्यकर्मी ने सुरक्षित प्रसव कराने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की।

तीमारदार पति दिखाई नहीं दिया तो उक्त महिला स्वास्थ्यकर्मी ने प्रसूता व उसके जन्मे नवजात शिशु की देखभाल में लापरवाही शुरू कर दी। कुछ देर बाद कुछ धन राशि लेकर पति अस्पताल पहुंचा तब तक स्वास्थ्यकर्मी महिला ने प्रसूता सहित नवजात शिशु की हालत खराब बताकर जिला अस्पताल के लिए रेफर की तैयारी कर दी। इस दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। इस बीच रिश्वत मांगने का बना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जांच समिति गठित

भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अमित दीक्षित ने बताया कि मीडिया कर्मियों से उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी हुई थी। इस पर जिला चिकित्साधिकारी के निर्देश पर उन्होंने एक तीन सदस्यीय टीम का गठन कर जांच करने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट आने पर दोषी स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

खतरे की दहलीज पर गंगा, गांवों में घुसा पानी

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ना लगातार जारी है। जिसका सबसे अधिक प्रभाव तटीय क्षेत्रों में पड़ रहा है। यहां के दर्जनों गांवों और खेत-खलिहानों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। तटीय इलाके समेचीपुर में पानी भरने से कई लोग सड़क पर रह रहे हैं। गंगा किनारे खेतों में फसल डूबने लगी हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। दुर्वासा ऋषि आश्रम के आस-पास पानी भर गया है। वहीं बाढ़ का पानी इटावा-बरेली नेशनल हाईवे के किनारे तक पहुंच गया है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने मॉकड्रिल भी करनी शुरू कर दी है। नरौरा बांध से गंगा नदी में गुरुवार को 40019 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। असर यह हुआ कि गंगा का जलस्तर 20 सेमी बढ़ गया। बुधवार को जलस्तर 136.25 मीटर था। गुरुवार को यह बढ़कर 136.45 मीटर पहुंच गया। वहीं अब चेतावनी बिंदु से गंगा का जलस्तर मात्र 15 सेमी दूर रह गया है। जिससे भयंकर बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। पांचाल घाट के उत्तरी तट पर कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु बनी अस्थाई पुलिस चौकी भी बाढ़ के पानी से घिर गई है।

इटावा-बरेली नेशनल हाईवे के किनारे पश्चिमी तरफ बाढ़ का पानी कई सौ मीटर तक फैला नजर आता है। कई घरों के आस-पास, आश्रमों के आस-पास पानी भर गया है। दुर्वासा ऋषि आश्रम से लेकर विकास खंड राजेपुर के चाचूपुर जटपुरा के पास खेतों में चारा, सहित कई फसलें किसानों की खड़ी हैं। इनमें बाढ़ का पानी भर गया है। खेतों में कई फीट तक पानी होने से किसान भी नहीं जा पा रहे हैं।

हाईवे किनारे बना आशाराम आश्रम भी गंगा की बाढ़ के पानी से घिर गया है। अगर गंगा चेतावनी बिंदु पार करती हैं, तो स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

उधर, गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से प्राथमिक विद्यालय बंधा घटिया घाट जलमग्न हो चुका है। स्कूल की प्रधानाचार्य एक मंदिर में कक्षाओं को लगाकर बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हैं। अगर लगातार गंगा नदी का जलस्तर बढ़ता रहा तो विकास खंड राजेपुर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चाचूपुर जटपुरा में भी बाढ़ का पानी भरने का खतरा बना हुआ है।

समेचीपुर के लोगों ने सड़कों पर डाला डेरा

शमशाबाद गंगा में आई बाढ़ से गांव समैचीपुर में घरों में पानी भरने से ग्रामीण सड़क के किनारे पन्नी डाल कर रहने लगे। गुरुवार को कायमगंज एसडीएम रविन्द सिंह, नायब तहसीलदार पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचकर जिलाधिकारी के निर्देश पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराकर उन्हें बाढ़ चौकी मंडी समिति में पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया। इस क्षेत्र में बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है।

सड़क किनारे रह रहे बाढ़ पीड़ित। अमृत विचार

इन गांवों में घुसा पानी

अमृतपुर फर्रुखाबाद। पिछले चार दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि जारी है, जिससे गंगा नदी का रुख अब गांवों की ओर है। गंगा नदी के तलहटी में बसे गांव हरसिंहपुर कायस्थ, ऊगरपुर, मंझा की मड़ैया, जुगराजपुर, लाइकपुर, सबलपुर, भाउपुर चौरासी, मड़ैया तोफीक, कंचनपुर, सबलपुर, तीसराम की मड़ैया, कछुआ गाढ़ा, माखन नगला, रामप्रसाद नगला आदि गांवों गंगा नदी का पानी घुसने से ग्रामीण परेशान हैं।

डीजीजीआई टीम का छापा तीन फर्मों के गोदाम सील

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- नोटिस किए गए चस्पा तंबाकू के कारोबारियों में मचा रहा हड़कंप

अमृत विचार। महानिदेशालय जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) टीम ने तंबाकू कारोबारियों के गोदामों में छापे मारी की कार्रवाई की। टीम ने यहां के तीन फर्मों के प्रतिष्ठानों के गोदामों को सील कर दिया। टीम के साथ लखनऊ की भी टीम मौजूद रही। इससे तंबाकू से जुड़े कारोबारियों में हडकंप मच गया।

टीम के आने की जानकारी पर कारोबारियों ने अपने-अपने गोदाम बंद कर दिए। टीम कुबेरपुर स्थित बेदिका ट्रेडिंग कंपनी, पितौरा अचरा मार्ग स्थित आरआर अग्रवाल ट्रेडर्स, चिलांका स्थित साबित्री टुबैकों कंपनी के प्रतिष्ठान पर पहुंची। जहां ताला लगा होने पर वह संबंधित कारोबारी के आने का इंतजार करती रही। न आने पर प्रतिष्ठानों के गोदामों को सील कर दिया गया है और नोटिस चस्पा कर दिया गया। देर रात टीम व्यापारी की टोह लेती रही। उसके बाद टीम रवाना हो गई।

नोटिस चस्पा कर सील किया गया गोदाम।

विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर हड़प लिए 1.45 लाख रुपये

संवाददाता फतेहपुर

- दुबई में नौकरी की बात कहकर थमाया टूरिस्ट वीजा कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। नौकरी का झांसा देकर युवक को टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया। फर्जीवाड़े का अहसास विदेश पहुंचने के बाद हुआ। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

राधानगर थाना के गांव रमवां पंथुवा निवासी संदीप ने बताया कि वह विदेश में नौकरी करना चाहता था। गांव के विनोद ने पंजाब प्रांत के अमृतसर गांव फतेहगढ़ रसूलपुर निवासी एजेंट सुखवीर के माध्यम से वीजा बनवाकर विदेश भेजने की बात कही। विनोद ने एजेंट को गांव भी बुलवा लिया। सात अक्तूबर 2022 को सुखवीर के खाते में 24,500 और 25 हजार रुपये दो बार में भेजे गए। इसके पहले वह एप के माध्यम से दो बार 20-20 हजार और एक बार 10 हजार रुपये एजेंट सुखबीर के पास भेजा चुका था। विनोद और सुखबीर सिंह के कहने पर नौ मई 2023 को वह अमृतसर पहुंचा। वहां टिकट व टूरिस्ट वीजा देकर दुबई की फ्लाइट में बैठा दिया। उसे दुबई में कोई काम नहीं मिला। सुखवीर से फोन पर काम न मिलने की बात बताई, तो उसने गाली-गलौज किया।

संदीप ने बताया कि काफी मिन्नतों के बाद उसे वतन वापस बुलाया, लेकिन 1,45,500 रुपये नहीं लौटाए। कई बार मांगने पर पहले टालमटोल किया और अब धमकी दे रहा है। शिकायत पर पुलिस के एफआईआर दर्ज नहीं की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर राधानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

जमीन बैनामा करने के नाम पर तीन लाख की ठगी

थरियांव। खागा थाना क्षेत्र के झरहा मजरे संवत गांव निवासी के राकेश कुमार पुत्र ननकू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गरीब तबके का किसान है। पड़ोस के गांव रामपुर थरियांव निवासी सुमित सिंह व सुनीता देवी पत्नी अर्जुन सिंह एक साल पूर्व युवक के घर आए और डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से रामपुर थरियांव निवासी अरविंद कुमार के सामने 3 लाख रुपए ले लिया। कहा कि जून तक पैसा वापस नहीं करेंगे तो राजापुर की अपने मां के नाम की जमीन तुम्हारे नाम बैनामा कर देंगे। 24 जून को युवक अपना पैसा मांगने सुमित के दरवाजे पहुंचा तो सुमित सिंह व उसकी मां सुनीता देवी युवक को गाली देकर भगा दिया। आरोपी अपने को बीजेपी नेता बता कर ठगी कर रहा है।

पेड़ पर लटका मिला स्कूल गई किशोरी का शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- देर शाम तक घर न आने पर परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

अमृत विचार। कछपुर्वा गांव में घर से स्कूल जाने के लिये निकली किशोरी का शव घर के निकट नीम के पेड़ से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कछपुर्वा निवासी शालिनी (16) पुत्री सतीश चंद्र माडल स्कूल जसोदा की छात्रा थी। बुधवार को घर से स्कूल जाने की बात कह कर सुबह करीब सात बजे निकली थी। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। इधर उधर खोज की पर कोई पता नहीं चला। उसका फोन भी बंद जा रहा था। इससे परिजन पूरी रात परेशान रहे। गुरुवार की सुबह जब गांव के लोग घरों से निकले तो गांव के अंदर नीम के पेड़ पर उसका शव फंदे पर लटका मिला। मामले की जानकारी होते ही गांव के लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मृतक किशोरी की मां संतोषी ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर दरोगा रामजीवन, सिपाही शिवम राठौर, महिला सिपाही रीमा कुमारी व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की।

पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। किशोरी ने जान क्यों दी इसको लेकर परिजनों ने फिलहाल कुछ जानकारी नहीं दी है। इस संबंध में पुलिस जांच में जुट गई है। एसपी अमित आनंद ने बताया कि मां से विवाद के बाद गुस्सा होकर किशोरी घर से चली गई थी।

बिजली चोरी में दोषी को दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बिजली चोरी के करीब 10 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश (ई. सी. एक्ट)/ अपर सत्र न्यायाधीश दोषी पाए जाने पर दो साल की सजा से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक संजीव शुक्ला तथा एहसन जमा खान ने बताया कि प्रवर्तन दल कानपुर जोन के प्रभारपी निरीक्षक गणेश बाजपेयी ने गुरसहायगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी 27 जून 2014 को उन्होंने उप निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी, कांस्टेबल सत्यनारायण सिंह, ब्रज किशोर मिश्रा, आरक्षी विद्याधर प्रवर्तन दल ने एसडीए प्रमोद कुमार कुशवाहा, अवर अभियंता अजय पाल सिंह गौतम,त संजीव प्रभाकर विद्युत वितरण खंड गुरसहायगंज जिला कन्नौज के सहयोग से ग्राम गुगरापुर व आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे विद्युत चेकिंग की। इस दौरान ईश्वर चंद्र दीक्षित पुत्र भैयालाल निवासी-निकोवनपुरवा, थाना गुरसहायगंज एलटी लाइन से सीधे केबल डालकर बिजली चोरी कर उपभोग करते पाए गए। मौके पर ही प्रयुक्त कटिया वाले तार को कब्जे में ले लिया गया। इसके साथ ही देवेश कुमार पुत्र राम आसरे दीक्षित निवासी- गुगरापुर के खिलाफ कटिया केबल से 10 हार्स पावर के मोटर से चक्की व स्पेलर चलाने, सुरेंद्र पुत्र लल्लू निवासी गुगरापुर द्वारा कटिया से बिजली चोरी, सुखवासी पुत्र नंदा निवासी तारापुर तथा शिवनाथ पाल पुत्र कालिका पर भी इसी आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में विवेचना के बाद ईश्वर चंद्र दीक्षित के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया। सुनवाई पूरी होने पर दोष सिद्ध पाया गया। इस पर विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) अजय कुमार श्रीवास्तव ने दोषी को धारा 135 विद्युत अधिनियम के अपराध में दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

पॉक्सो एक्ट में दोषी को तीन साल का कारावास

इटावा। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडे ने पांच साल पुराने किशोरी के साथ घर में घुसकर छेडछाड़ करने के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा के साथ एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि था 10 सितम्बर 2019 को सुबह आठ बजे अपने घर से काम पर निकली थी। तभी मोहल्ले के लोगों ने बताया कि तुम्हारे घर में एक लड़का घुस गया है। वह घर वापस आई तो दरवाजा खोलकर अंदर गई तो देखा तो देखा कि बेरून कटरा साहब खां निवासी कलीम उर्फ कामिल उसकी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। मोहल्ले के लोगों की मदद से वह उसे पकड़ कर कोतवाली ले गई और केस दर्ज कर लिया था।

दंबगों का खौफ | मुख्यमंत्री से दबंगों पर कार्रवाई की मांग

मकान बिकाऊ का पोस्टर चस्पा कर हो रहा पलायन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। दबंगों द्वारा आए दिन छेड़छाड़, मारपीट और अभद्रता से त्रस्त परिवारों ने घर के बाहर मकान बिकाऊ का पोस्टर चस्पा कर पलायन कर गए। आरोप है कि दबंगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से पुलिस भी कार्रवाई नहीं करती। दहशत के बलबूते दबंग ग्रामीणों को खेत और घर बेचने को मजबूर करते हैं। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से घटना का संज्ञान लेकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

गिरवां थाना क्षेत्र के सहेबा गांव निवासी प्रजापति परिवारों ने अपने घर की बाहरी दीवार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित यह मकान बिकाऊ है, योगी जी दबंगों से बचाओ का पोस्टर चस्पा कर पलायन कर गए। पालयन करने वाले परिवार का आरोप है कि दबंगों को पुलिस और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

मकान में चस्पा बिकाऊ का पोस्टर।

आए दिन गांव में दबंग शक्ति प्रदर्शन करते हुए जमीन, खेत और घर बेचने को मजबूर किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पिता-पुत्र दबंगों के खौफ से खेत और मकान बेचकर पलायन कर चुके हैं। अब श्याम सुंदर पुत्र दशरथ प्रजापति को निजी पुश्तैनी आवास छोड़ पलायन कर गया।

रिपोर्ट दर्ज फिर भी पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

- क्षेत्रीय निवासी श्याम सुंदर का कहना है कि देहात कोतवाली क्षेत्र के बिलबई गांव के मजरा निजामत पुरवा में वह परिवार समेत किराए के मकान में रह रहा है। दबंगों के विरुद्ध छेड़छाड़ समेत मारपीट की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोप है कि ताला बंद मकान को दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। उधर, गिरवां थानाध्यक्ष राकेश तिवारी का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज है। न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। पीड़ित फर्जी तरीके से हथकंडे अपना कर पुलिस पर बेजा ही दबाव बना रहे हैं।

राजस्व निरीक्षक 5000 रुपये लेते हुए गिरफ्तार

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

अमृत विचार। क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी राम जी ने बताया कि गांव में मेरी पारिवारिक खेती है। जिसकी हदबंदी का मुकदमा न्यायालय में दाखिल किया था।

न्यायालय का आदेश होने के बावजूद भी राजस्व निरीक्षक अशोक निगम व लेखपाल घनश्याम कमल तथा वीरेंद्र कुशवाहा नाप जोख करने गए थे। रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने के लिए 5000 रुपये की रिश्वत मांग कर रहे थे। लेखपाल घनश्याम कमल द्वारा पहले 10000 रुपये नापजोख के नाम पर ले लिए थे। इसके बाद 5000 रुपये की मांग और कर रहे थे। कहा कि अगर पैसा नहीं दोगे तो नाप की रिपोर्ट न्यायालय में नहीं लगाएंगे । बीते 9 जुलाई को पीड़ित ने एंटी करप्शन के हेल्पलाइन नंबर में घटना की जानकारी दी। जिसके बाद 22 जुलाई को ट्रैप टीम का गठन किया गया। राजस्व निरीक्षक की लोकेशन लेकर जानकारी की तो पता चला कि राजस्व निरीक्षक किसी काम से मिश्रीपुर में है। जहां पीड़ित किसान से राजस्व निरीक्षक अशोक निगम द्वारा 5000 रुपये लेते ही एंटी करप्शन टीम ने दबोच लिया और थाने लेकर पूछताछ करती रही। बाद में थाने में मुकदमा दर्ज कर अपने साथ लखनऊ ले गई।

कालपी में दिसंबर में होगा धीरेन्द्र शास्त्री का कार्यक्रम

कालपी। बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने तीन दिवसीय आयोजन के लिए कालपी आने की अनुमति दी है। वनखंडी शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर महंत जमुनादास ने अपने शिष्यों के साथ आयोजन की चर्चा के लिए बागेश्वर धाम गए थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत अतिराजपुर विकास खण्ड सैफई – इटावा।

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत– अतिराजपुर/निविदा प्रकाशन/2024–25/दिनांक: 25.07.2024

निविदा सूचना

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत अतिराजपुर सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत अतिराजपुर विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 26/07/2024 से 01/08/2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 02/08/2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 26/07/2024 से 01/08/2024 तक ग्राम पंचायत अतिराजपुर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
1	भाऊपुर वाली सड़क से नाला तक नाला सफाई कार्य।	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	187543.00	3750.86	500.00
2	सौरव के घर के सामने अवशेष इण्टरलॉकिंग कार्य।	राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त	128434.00	2568.68	500.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत अतिराजपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (प0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अतिराजपुर विकास खण्ड सैफई, इटावा। ग्राम पंचायत अधिकारी

विधानसभा उप चुनाव के लिए इंडी गठबंधन जल्द तय करेगा सीटें

कांग्रेस के 3 व सपा के 7 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की संभावना, 10 सीटों पर होंगे उप चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने भी तैयारी तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही गठबंधन के पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें सीटें तय होंगी।

लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में खाली हुई 10 सीटों पर उप चुनाव होना है। इनमें अंबेडकरनगर की कटेहरी, मैनपुरी की करहल सीट, अयोध्या की मिल्कीपुर, मीरापुर, गाजियाबाद, मझावां, खैर, फूलपुर, कानपुर की सीसामऊ व मुरादाबाद की कुंदरकी सीट शामिल है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस इन दस सीटों में से तीन सीटें चाह रही है। फिलहाल सीटों को लेकर अभी खुलासा नहीं किया गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की तर्ज पर उप चुनाव में भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों के नेताओं के बातचीत में प्रत्याशियों पर भी चर्चा हो रही है।

उधर, उप चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने भी तेज कर दी है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के साथ बैठक कर उप चुनाव वाली सीटों पर रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिये थे। विधायकों के साथ मुलाकात के दौरान भी मुख्यमंत्री पार्टी नेताओं को क्षेत्र में पकड़ मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। भाजपा संगठन स्तर भी जीत के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया गया है।

चार मंत्री पहुंचे अयोध्या, चुनाव को लेकर मंथन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ने लगी है। उपचुनाव की तैयारियों पर मंथन के लिए चार मंत्री गुरुवार को यहां पहुंचे। सरकिट हाउस में जिले के जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं से फीड बैक लिया।

मिल्कीपुर (सु.) विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे अवधेश प्रसाद सपा से ही सांसद बन गए। सीट रिक्त हो गई। अब उपचुनाव को लेकर सपा और भाजपा दोनों में तैयारी तेज हो गई है। कृषि और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संसदीय कार्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा और खेल मंत्री गिरीश यादव सहित अन्य विधानपरिषद सदस्य यहां पहुंचे थे। मंत्रियों ने पूर्व सांसद लल्लू सिंह के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इसके बाद बैठकों का सिलसिला शुरू हुआ। तीन चरणों में बैठक की। भाजपा कार्यालय में पहली बैठक मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और मिल्कीपुर से जुड़े जिले पदाधिकारी शामिल रहे। दूसरी बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष और संगठन के जिले के महामंत्री शामिल रहे। अंतिम बैठक मंत्रियों ने सरकिट हाउस में जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मंत्रीगण। अमृत विचार

सूत्रों की माने तो बैठक में मंत्रियों में मिल्कीपुर के सियासी हालात की जानकारी ली। यहां के बूथों पर सबसे ज्यादा जोर रहा। संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क करने और बूथों की मजबूती की चर्चा की गई। अब तक की स्थिति का फीड बैक लिया गया। इसी तरह दूसरी बैठक में भी उपचुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सूत्र बतातें हैं कि जनप्रतिनिधियों के साथ सर्किट हाउस की बैठक में उप चुनाव को लेकर गंभीर चिंतन किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान की कमियों को रेखांकित किया गया।

चीनी मिल संघ के पूर्व प्रधान प्रबंधक पर एफआईआर

लखनऊ। उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ के पूर्व प्रधान प्रबन्धक (वित्त एवं शुगर सेल) दिनेश चन्द्र गुप्ता के विरुद्ध सतर्कता अधिष्ठान ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया है। शासन के आदेश पर सतर्कता अधिष्ठान ने तत्कालीन प्रधान प्रबंधक दिनेश चंद्र गुप्ता के खिलाफ जांच की थी। इस दौरान पाया गया कि लोकसेवक के रूप में कार्यरत रहते हुये जांच के लिए निर्धारित की गई अवधि में अपनी आय के समस्त ज्ञात व वैध स्रोतों से कुल 2,61,59,349 की आय अर्जित की गई। परिसम्पत्तियों के अर्जन एवं भरण- पोषण पर किया गया कुल व्यय 3,57,14,886 रु. पाया गया। इस प्रकार जांच के लिए निर्धारित की गई अवधि में दिनेश चन्द्र गुप्ता द्वारा ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित की गई अपनी आय के सापेक्ष 95,55,537 रु का अधिक व्यय किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस अनानुपातिक व्यय तथा परिसम्पत्तियों के अर्जन के संबंध में दिनेश चन्द्र गुप्ता द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। सम्यक जांच से दिनेश चन्द्र गुप्ता अनानुपातिक परिसम्पत्ति अर्जन करने के प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये गये हैं।

एक यात्री अब भी लापता, तलाश में पिकौरा पहुंची रेल अफसरों की 70 सदस्यीय टीम

ट्रेन हादसा

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप 18 जुलाई को हुए रेल हादसे के मामले में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। ट्रेन में सवार एक यात्री अब भी लापता बताया जा रहा है। गोंडा जिले के तरबगंज की रहने वाली एक महिला ने इस मामले में डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज करायी है। डीएम की संस्तुति पर बृहस्पतिवार को रेलवे के अधिकारियों की टीम पिकौरा गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंची और लापता यात्री की तलाश में मौके पर खड़ी बोगियों और आसपास के इलाके को खंगाला।

तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर उदवतनगर निवासी महिला रामा देवी ने डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज करायी थी कि उसका बेटा रामधन भी उस दिन चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ पर सवार हुआ था। लेकिन वह अब तक घर नहीं पहुंचा। डीएम नेहा शर्मा ने महिला की शिकायत पर इसकी जांच के लिए अपनी संस्तुति डीआरएम को भेजी थी और लापता यात्री की तलाश करने की शिफारिश की थी। डीआरएम आदित्य कुमार के निर्देश पर आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त ने एक संयुक्त जांच टीम का गठन कर मौके पर जाने का निर्देश दिया था। बृहस्पतिवार को रेल अधिकारियों, स्थानीय पुलिस, प्रशासनिक अफसरों व एनडीआरएफ की 70 सदस्यीय टीम पिकौरा गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीमों को पांच खंडों में बांटकर लापता यात्री रामधन की तलाश में क्षतिग्रस्त खड़ी बोगियों और आसपास के इलाके को खंगाला गया। हालांकि देर शाम तक लापता यात्री का पता नहीं चल सका। शाम को अभियान बंद कर टीम वापस लौट गयी। इस अभियान में रेल अधिकारियों के अलावा मनकापुर नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ रवि शंकर सिंह, सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल गोंडा राजीव उपाध्याय, थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रतिभा सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

पिकअप की ठोकर से रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर टूटा

गोंडा। गोंडा उतरौला मार्ग पर स्थित सोनी गुमटी रेलवे क्रांसिंग का बैरियर बृहस्पतिवार की देर शाम 7 .30 बजे के करीब एक पिकअप की ठोकर से टूट गया। बैरियर टूटने से इस मार्ग पर आवागमन बंद हो गया। वहीं अप और डाउन ट्रैक पर कई ट्रेनों को करीब आधे घंटे तक खड़ा रहना पड़ा। आधे घंटे बाद अस्थायी बैरियर लगाकर ट्रेनों को पास कराया गया। इस दौरान गोंडा उतरौला मार्ग पर दोनों तरफ करीब तीन किमी तक लंबा जाम लगा रहा। रेलवे सुरक्षा बल ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की देर शाम गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर स्थित सोनी गुमटी रेलवे क्रासिंग के बैरियर को एक तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। पिकअप की ठोकर लगने से बैरियर दो हिस्सों में टूटकर अलग हो गया। बैरियर टूटने से ट्रेनों का आवागमन ठप हो गया। इससे अप और डाउन ट्रैक पर कई ट्रेने खड़ी रही। वहीं सड़क पर तीन किमी से अधिक का लंबा जाम लग गया। गेट मैन ने इसकी सूचना रेल अधिकारियों को दी और मौके पर मौजूद आरपीएफ के सिपाहियों की मदद से अस्थायी बैरियर लगाकर ट्रेनों को पास कराया। इस दौरान ट्रेने आधे घंटे से अधिक समय तक खड़ी रहीं। जाम में फंसे कई यात्रियों की ट्रेन छूट गयी।

गेट टूटने से हलकान रहा महकमा, स्टेशन अधीक्षक बेखबर : सोनी गुमटी रेलवे क्रांसिंग का गेट टूटने से पूरा महकमा करीब घंटे भर तक हलकान रहा। शाम 7 .30 बजे गेट टूटने के बाद आधा घंटे तक उसे हटाने और फिर अस्थायी बैरियर लगाने में लग गया। राहगीरों ने मदद कर टूटे बैरियर को अलग कराया और फिर अस्थायी बैरियर लगाने मे भी रेल कर्मियों की मदद की। इस पूरी कवायद में रेल महकमें के कर्मचारी घंटे भर तक हलकान रहे लेकिन स्टेशन अधीक्षक आरएस मीणा से इस घटना से बेखबर रहे।

बौद्ध स्थलों का होगा विकास : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशाम्बी संकिसा, कपिलवस्तु व सारनाथ के स्थल होंगे आकर्षक

अमृत विचार। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में स्थित भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े छह प्रमुख स्थलों को देश-विदेश के बौद्ध अनुयायियों के लिए और आकर्षक बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 168.39 करोड़ रूपए दिए हैं।

पर्यटन मंत्री ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि 168.39 करोड़ रूपये से पर्यटन स्थल और पर्यटक सुविधाओं के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशाम्बी, संकिसा, कपिलवस्तु व वाराणसी के सारनाथ समेत अन्य बौद्ध स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बौद्ध स्थलों पर आने वाले श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति का एहसास कर सकें। उन्होंने बताया कि कुशीनगर में लगभग 8.06 करोड़ से टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, कुशीनगर रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्ध घाट पर लगभग 23.81 करोड़ रुपये से सौंदर्यीकरण व पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही मुख्य प्रवेश मार्गों पर 4.25 करोड़ से गेट कांप्लेक्स का निर्माण, कुशीनगर स्थित बौद्ध विहारों पर लगभग 3.57 करोड़ से पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि श्रावस्ती स्थित बौद्ध विहारों के लिए 6.78 करोड़, कौशांबी में बौद्ध थीम पार्क निर्माण में 22.94 करोड़ और पार्क में ही 11.25 करोड़ रुपये से भगवान बुद्ध की 51 फीट ऊंची ध्यान मुद्रा में कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्राम कोसम इनाम में 23.95 करोड़ रुपये गेट कांप्लेक्स के निर्माण के लिए, सिद्धार्थनगर स्थित कपिलवस्तु का विकास लगभग 9.77 करोड़ से किया जाएगा। यहां बौद्ध विहारों पर 4.63 करोड़ से पर्यटन सुविधाएं स्थापित होंगी।

प्रथम उपदेश स्थली धमेक स्तूप को 9.63 करोड़ रुपये, मूलगंध कुटी विहार पर फसाड लाइट के लिए लगभग 3.95 करोड़, फर्रूखाबाद जिले में साइनेज स्थापना को 3.18 करोड़, संकिसा में 1.50 करोड़, श्रावस्ती में 3.61 करोड़, सारनाथ में पर्यटकों की सुविधाओं के लिए लगभग 3.17 करोड़ से साइनेज लगेंगे।

पूर्व भाजपा विधायक उदयभान जेल से रिहा

जवाहर हत्याकांड

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। सपा के पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाजपा के बारा के पूर्व विधायक उदय भान करवरिया गुरूवार की सुबह 7.37 पर कारागार से रिहा हो गए।

रिहाई के पहले ही जेल गेट पर उन्हें लेने के लिए उनकी पत्नी नीलम करवरिया, बेटा सक्षम, वैभव समेंत परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार पहुंचे थे। जेल गेट के बाहर आते ही उदय भान और उनके चेहरे पर बेहद खुशी दिखी। नैनी सेंट्रल जेल में जनवरी 2014 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई अच्छे चाल चलन की वजह से हुई है। आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। कागजी खानापूर्ति में पांच दिन और लग गए। प्रयागराज मंडल की राजनीति में ब्राह्मण चेहरे के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व विधायक उदयभान करवरिया और उनके भाइयों, बड़े भाई पूर्व बसपा सांसद कपिल मुनि करवरिया तथा छोटे भाई पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया के अलावा रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी (कल्लू) को झूंसी से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित हत्याकांड में उम्र कैद मिली थी।

भाजपा सरकार में पुलिस को पकड़ रही है पुलिस : अखिलेश

लखनऊ। सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि पहले पुलिस चोर पकड़ती थी मगर भाजपा सरकार में पुलिस-पुलिस को पकड़ रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। तहसील थानों से लेकर विभागों में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गयी है। भाजपा के नेता खुद स्वीकार कर रहे हैं।

उन्होंने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा सरकार के अपराध का भंडाफोड़ हो रहा है। सपा प्रमुख ने कहा कि कारोबार लोगों को जोड़ता है लेकिन भाजपा वोट और सत्ता के लिए नफरत फैलाती है। भेदभाव करती है और समाज को लड़ाती है। भाजपा अयोध्या में हार गई। भाजपा को पता चल गया है कि साम्प्रदायिक राजनीति खत्म हो रही है।

फूल व्यापारी लापता, 70 लाख की मांगी फिरौती

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र का एक फूल व्यापारी लापता है। उसके परिजन के मोबाइल पर अपहरणकर्ता ने फोन कर 70 लाख फिरौती की मांग की है। जिस नंबर से कॉल आई थी उसके लोकेशन पर पुलिस टीम रवाना हुई है।

क्षेत्र के ग्राम बसेहिया के मजरा धौरहरा निवासी अर्जुन राजपूत फूलों की खेती और फूलों का व्यापार करता था। वह अपने खेत के फूलों को दूर दराज क्षेत्रों व बाहर से आने वाले व्यापारियों से फूल का व्यापार करता है। बुधवार की शाम को वह अचानक लापता हो गया। रात्रि करीब 8 बजे अर्जुन के मोबाइल नंबर से परिवार के ही राकेश के पास एक फोन आता है जिसमें एक व्यक्ति बोलता है कि मैं किडनैपर बोल रहा हूं। बच्चे का अपहरण कर लिया है। गोरखपुर में है, 70 लाख लेकर छोड़ेंगे। उसके बाद परिजन लगातार उसके नंबर पर कॉल करते रहे मगर फोन नहीं उठा। कभी मोबाइल बंद तो कभी खुली मिलने लगी।

पीड़ित परिजनों ने देर रात्रि कोतवाली पुलिस को पहले गुमशुदगी की तहरीर दी। उसके बाद परिजन घर चले गए। किडनैपर की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सुनाया, उसके बाद पुलिस ने परिजनों को बुलाकर अर्जुन के मोबाइल का लोकेशन खंगालना शुरू किया। तब उसका लोकेशन लखनऊ मिला। पुलिस ने परिजनों से गाड़ी की व्यवस्था करने के लिए कहा। तब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू व पूर्व प्रधान रामकुमार ने अर्जुन की स्कार्पियो पुलिस को उपलब्ध कराया।

मुंबई के महंत पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। एसटीएफ और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को अयोध्या कोतवाली के परमहंस आश्रम के पास से एक साधुवेशधारी को गिरफ्तार किया है। उसकी मुंबई पुलिस को एक महंत पर जानलेवा हमले के मामले में तलाश थी।

आरोपी सूर्य नरायण दास।

महाराष्ट्र के जिला बृहन मुंबई के थाना कुरार गांव स्थित तपोबल मंदिर के महंत माधवदास पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ था। उनका अभी इलाज चल रहा है। प्रकरण में थाना कुरार में जानलेवा हमले और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया कि मुंबई पुलिस के उपनिरीक्षक अविनाश नालवड़े ने एसटीएफ से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी थी। गोरखपुर इकाई के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह की टीम ने मुंबई पुलिस के साथ आरोपी सूर्य नरायण दास उर्फ़ सूर्य नरायण राजभर निवासी छतमा बड़ागांव थाना दुल्हपुर जिला गाजीपुर को अयोध्या कोतवाली के परमहंस आश्रम के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तपोबल मंदिर पर आधिपत्य को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। सूर्य नरायण दास वर्ष 2019 में वहां गया था और आश्रम के गौशाला में काम करता था।

रोडवेज में होगी 10 हजार परिचालकों की भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यात्रियों को मिले अच्छी गुणवत्ता की बस सेवा : दयाशंकर सिंह

अमृत विचार। रोडवेज में कमी को देखते हुए जल्द ही 10 हजार परिचालकों की भर्ती होगी। कंडक्टरों की कमी से रोडवेज की काफी संख्या में बसें ऑफ रूट हो रही हैं। परिवहन निगम को इससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। गुरुवार को परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय सभागार कक्ष में निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने जल्द ही 10 हजार परिचालकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही तकनीकी स्टाफ की कमी को भी दूर करने की बात कही।

परिवहन मंत्री ने कहा, रोडवेज बस स्टेशनों के साथ ही अच्छी बस सेवा यात्रियों को मिले, इसके लिए गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करने की जरूरत है। कार्यशाला में बसों का मरम्मत कार्य अच्छे ढंग से किया जाए, जिससे कि बसों में छत टपकने की समस्या दूर हो सके। टिकट, डीजल चोरी को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएं। कैमरों के माध्यम से लगातार मॉनीटरिंग की जाए। बसों से यात्रा करते समय यात्रियों को आरामदायक यात्रा की अनुभूति हो सके। इसके लिए बसों की सीटें, शीशे बेहतर हालत में हों। इस दौरान ऑनलाइन टिकट बुकिंग व्यवस्था और बेहतर करने पर भी जोर दिया। बस चालक, परिचालक वर्दी में हों, नेम प्लेट लगी होनी चाहिए। बस स्टेशनों, डिपो पर एक हेल्पलाइन नम्बर चस्पा हो, जिस पर यात्री किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकें। परिवहन मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्रों में संचालित बसों के लोड स्तर, फ्यूल एवरेज आय की समीक्षा की। उन्होंने नोएडा, गाजियाबाद, चित्रकूट, बरेली के प्रबंधकों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की, जबकि मेरठ, मुरादाबाद और वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधकों को खराब प्रदर्शन करने पर चेतावनी दी और कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। अलीगढ़, आजमगढ़, झांसी, मेरठ, देवीपाटन के क्षेत्रीय प्रबंधकों को अनुपयोगी बसों की संख्या अधिक पाए जाने पर चेतावनी दी।परिवहन मंत्री ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के निगम बसों की पार्किंग फीस में अंतर को खत्म करने के भी निर्देश दिए। उत्तराखंड निगम ने अपने यहां पार्किंग फीस 550 रुपये रखी है, जबकि यूपी परिवहन निगम ने अपने यहां पार्किंग फीस 220 रुपये रखी है।

वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल
(डिप्टी रजिस्ट्रार)
मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह
(डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट)
मो. 9956248504

नियुक्ति | जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को मंदिर की व्यवस्था से जोड़ा

रामलला के आभूषणों की सुरक्षा में लगे 3 धर्मगुरु

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। राममंदिर के गर्भगृह में रामलला के अंग वस्त्र, उनके आभूषण और अन्य संपत्ति की रखवाली के लिए सेना से सेवानिवृत्त तीन धर्मगुरुओं को तैनात किया गया है। इसके साथ ही में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था देखने के लिए सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नियुक्त किया है। यह सभी जवान राम मंदिर और यात्री सुविधा केंद्र में अपनी सेवा दे रहे हैं।

राम जन्मभूमि पर भव्य दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। 22 जनवरी को भूतल पर विराजमान कराये जाने के बाद रामलला को सोने-चांदी जड़ित वस्त्र और आभूषण धारण कराए गए हैं। इसके साथ ही श्रद्धालु भी महंगे उपहार भेंट कर रहे हैं। इन सब की देखरेख और सुरक्षा के लिए अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश की रक्षा करने वाले सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को मंदिर की व्यवस्था में शामिल किया है।

राम मंदिर के पुजारी अशोक उपाध्याय ने गुरुवार को बताया कि भक्तों के द्वारा जो भी सामान चढ़ाया जाता है। चाहे वह पूजन सामग्री हो या सोना-चांदी या फिर अन्य उपहार। इन सबका लेखा-जोखा तैयार करने की जिम्मेदारी भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई है। इसके साथ ही वीवीआईपी दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का कार्य भी सौंपा गया है। राम मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था के लिए भी लगभग 10 रिटायर्ड जवान तैनात किए गए हैं और अन्य जवान यात्री सुविधा केंद्र में लगाए गए हैं।

मंदिर निर्माण समिति की बैठक 28 से

- राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण के कार्य की समीक्षा के लिए दो दिवसीय निर्माण समिति की बैठक 28 और 29 जुलाई को होगी। इसके लिए मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र 27 जुलाई को अयोध्या पहुंच जाएंगे। राम मंदिर के प्रथम तल और द्वितीय तल के निर्माण कार्य की समीक्षा और परकोटा व उसमें बन रहे छह मंदिर और परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर के कार्यों को लेकर भी मंथन किया जाएगा।

नगर निगमों को मिलेंगे 100 करोड़ रुपये

लखनऊ। 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि करने वाले नगर निगमों को 100 करोड़ रुपए तक का अनुदान मिलेगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस सिलसिले में नगर विकास विभाग की ओर से सभी स्थानीय निकायों को सर्कुलर जारी किया गया है।

विधान परिषद में समितियों के सभापति नियुक्त

लखनऊ। विधान परिषद में 16 समितियों में सभापति नियुक्त किये गये है। इस सिलसिले में परिषद के प्रमुख सचिव डॉ राजेश सिंह की ओर से पत्र जारी किया गया है। कुंवर मानवेंद्र सिंह विशेषाधिकार समिति, सत्यपाल सिंह याचिका समिति व बलराम यादव आश्वासन समिति के सभापति बनाये गये हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	80,039.80	24,406.10
गिरावट	109.08	7.40
प्रतिशत में	0.14	0.03

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2450-2460 आर. आर.21 2550-2600 गेहूंफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूंग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल 16200-16300 अरहर स्पेशल 13600-13700 चनादाल 8050-8150 मटरदाल 4450-4550 मसूर मलका 7150-7200 मसूर दाल 7350-7400 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंगदाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी1480-1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380-1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9600-11200 बटाली 8600-11000 सेहुआं 4000-4500 **तेल (प्रति टिन)** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1540-1548 **खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2550-2600 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन)** बावर्ची 1550-1548 मयूर 1550-1548 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौर लड्डू 4900-4950 देशीभेली 4600-4700

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	84300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	70000
गिन्नी (प्रति नग)	52150-52350

शेयर बाजार में पांचवें दिन भी गिरावट

धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 109.08 टूटा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और अल्पावधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की घोषणा के बाद से निवेशक अपना रुपया निकाल रहे हैं। बड़े पैमाने पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने निकासी की है। पिछले कुछ सत्रों की तरह गुरुवार को भी बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 109.08 अंक यानी 0.14% की गिरावट के साथ 80,039.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 671 अंक तक लुढ़कते हुए 79,477.83 अंक पर आ गया था। लेकिन टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी ने गिरावट को थाम लिया। एनएसई का निफ्टी भी 7.40 अंक यानी 0.03% गिरकर 24,406.10 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 202.7 अंक गिरकर 24,210.80 अंक पर आ गया था। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,303.66 अंक यानी 1.60% और निफ्टी में 394.75 अंक यानी 1.59% की गिरावट आई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार शुरुआत में अमेरिकी बाजार में गिरावट के असर में रहा लेकिन आखिर तक इसने नुकसान की भरपाई की। इसके पीछे तेल एवं गैस, वाहन शेयरों में लिवाली की भूमिका रही।

एक्सिस बैंक के शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई। एक्सिस बैंक के तिमाही के नतीजे निवेशकों को खुश करने में नाकाम रहे। नेस्ले, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टाटा मोटर्स में 6% की बढ़त रही। लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में रहे।

- पांच सत्रों में सेंसेक्स में 1.60% और निफ्टी 1.59% गिरा

मिडकैप और स्मॉल कैप में भी आई गिरावट

बीएसई मिडकैप में 0.22% और स्मॉलकैप में 0.14% की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे सत्र के अंत में बाजार कमोबेश स्थिर स्तर पर बंद हुए। बजट में खपत को बढ़ावा देने और ऊर्जा बदलाव की दिशा में प्रयासों से इस खंड को लेकर सकारात्मक धारणा देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एफआईआई ने बुधवार को 5,130.90 करोड़ मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

आईडीबीआई के संभावित निवेशकों को सुरक्षा मंजूरी मिली

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक में निवेश की मंशा जताने वालों को गृह मंत्रालय से जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और जल्द ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

- आरबीआई से हरी झंडी जल्द मिलने की उम्मीद

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में करीब 61% हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की 30.48% और एलआईसी की 30.24% हिस्सेदारी को बेचा जाएगा। जनवरी 2023 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की खरीद के लिए कई रुचि पत्र मिले हैं। गृह मंत्रालय से सुरक्षा और आरबीआई से उचित मानदंडों को पूरा करने की मंजूरी लेनी होगी।

आयकर कानून का मसौदा तैयार करेगा कर विभाग

नई दिल्ली, एजेंसी

संजय मल्होत्रा

- राजस्व सचिव बोले- विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से लेंगे परामर्श

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से परामर्श लिया जाएगा। यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से जुड़ी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी कर ली जाएगी। इसका मकसद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद कम होंगे, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

मल्होत्रा ने कहा कि यह कोई नई प्रत्यक्ष कर संहिता नहीं है... यह एक व्यापक समीक्षा है। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभागकी एक आंतरिक समिति की ओर से तैयार किया जाएगा। उद्योग निकाय फिक्की के साथ एक परिचर्चा सत्र में मल्होत्रा ने कहा कि हम एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे पहला मसौदा एक आंतरिक दल की ओर से तैयार किया जाएगा। फिर हम देखेंगे कि इसे हितधारकों के परामर्श के साथ आगे कैसे बढ़ना है।

अनचाहे कॉल, संदेशों पर रोक के लिए दें टिप्पणियां

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रचार-प्रसार संबंधी कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित की आखिरी तारीख बढ़ाकर गुरुवार को आठ अगस्त कर दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न महासंघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर तारीख बढ़ाई है। इस पहले टिप्पणियां प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई थी।

मंत्रालय ने कहा कि उसे विभिन्न सुझाव तथा टिप्पणियां मिले हैं, जिन पर गौर किया जा रहा है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार तथा सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। ये निर्देश कारोबारी संचार से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत हुआ है। अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।



- उपभोक्ता मंत्रालय ने महासंघों, संघों और हितधारकों के अनुरोधों पर तिथि बढ़ाई की आठ अगस्त

भारतीय वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूतः डिप्टी गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूत है और अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद दूसरों से अलग है। राव ने कहा कि भारत ने 2024 में जी20 सदस्यों के बीच उच्चतम जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक स्कोर हासिल किया है, जो इस दिशा में अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

राव ने कहा कि वैश्विक वित्तीय प्रणाली को विभिन्न क्षेत्रों से कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सार्वजनिक ऋण का उच्चस्तर, परिसंपत्तियों का उच्च मूल्यांकन, आर्थिक एवं वित्तीय विखंडन, भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ते साइबर खतरों से उत्पन्न होने वाले जोखिम शामिल हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि इन वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था एक अलग पहचान रखती है, जो वृहद-आर्थिक बुनियादी बिंदुओं को दर्शाती है। आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिसे एक वित्तीय प्रणाली का समर्थन प्राप्त है जो पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई देती है।

सोना 1,000 रुपये टूटा और चांदी 3,500 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट से आभूषण विक्रेताओं की भारी बिकवाली के बीच गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपये लुढ़ककर 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपये घटकर क्रमशः 70,650 और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी का भाव भी 3,500 रुपये की गिरावट के साथ 84,000 रुपये प्रति किलो रह गया। कारोबारी सत्र में चांदी 87,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। तीन सत्रों में सोने की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई है। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी, जो सबसे बड़ी गिरावट है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू में 300 से ज्यादा बंदूक के लाइसेंस बरामद

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को जम्मू के सतवारी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से ज्यादा लाइसेंस बरामद किये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से अधिक लाइसेंस मिले हैं। इन दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि क्या वे फर्जी हैं, समाप्त हो चुके हैं या मान्य दस्तावेज हैं। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

जमानत के लिए विभव कुमार जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार कुमार ने 19 जुलाई को जमानत याचिका दायर की थी और 24 जुलाई को इसे पंजीकृत किया गया। विभव ने मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं।

अभिनेत्री के विरुद्ध ड्रग्स मामला हो सकता है खत्म

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने 2016 के ड्रग्स मामले में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को सबूतों की कमी का हवाला देते हुए रद करने का संकेत दिया है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने अभी विस्तृत आदेश जारी नहीं किया है लेकिन संकेत दिया है कि अभिनेत्री की याचिका को खारिज करने की अनुमति दी जा सकती है। अभिनेत्री ने दावा किया कि उन्हें ड्रग घोटाले में बलि का बकरा बनाया गया है जिसका पर्दाफाश ठाणे पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 12 अप्रैल 2016 को किया था और जिसमें 80 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी।

हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल, सेवाएं ठप

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने के विरोध में गुरुवार को हड़ताल शुरू कर दी जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएं ठप रहीं। हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवाएं संगठन के नेतृत्व में चिकित्सक हड़ताल कर रहे हैं। यह संगठन राज्य के सरकारी चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये चिकित्सक विशेषज्ञ कैडर का गठन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती नहीं, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए बांड राशि कम करने आदि मांग कर रहे हैं।

महाराष्ट्रः बारिश से 15 की मौत, सेना तैनात

मुख्यमंत्री शिंदे ने दिए बचाव कार्य करने निर्देश, उपमुख्यमंत्री पवार ने क्षेत्र का किया दौरा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में 24 घंटों के दौरान पुणे, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश से हुए हादसों में 15 लोगों की जान चली गई। बचाव अभियान में नागरिक एजेंसियों की सेना मदद कर रही है।

पुणे बाढ़ से डूब गए हैं। बाढ़ में फंसे लोगों की मदद के लिए नावें तैनात हैं और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बचाव कार्य में फायर ब्रिगेड, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगी हैं। पुणे में, भिड़े ब्रिज, होलकर ब्रिज, संगम ब्रिज और गरवारे कॉलेज के पास खिल्लरे कॉम्प्लेक्स, पीएमसी कार्यालय के प्रमुख मार्ग बंद हैं, क्योंकि नदियां उफान पर है। अन्य जगहों पर खंडाला-लोनावाला, पिंपरी-चिंचवाड़, मुलशी, खेड़, भोर, मावल, हवेली, बारामती और अन्य स्थानों के जुड़वां हिल-स्टेशनों के साथ फैशनेबल और लवासा शहर में 24 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई। वहीं मुंबई में भी बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया है, जिससे यातायात और लोकल ट्रेन सेवा प्रभावित है। बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने विद्यालयों के अवकाश घोषित किए।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जरूरत पड़ी तो पुणे में बारिश से प्रभावित लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जाए। उन्होंने पुणे के जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों से बात की है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

महाराष्ट्र के पुणे शहर में भरा बारिश का पानी। ● एजेंसी

कुल्लू में बाढ़ से 4 परिवार बेघर, एनएच-3 बंद

शिमला/मनाली। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से आई बाढ़ में तीन घर बहने और एक क्षतिग्रस्त होने से 4 परिवार बेघर हो गए हैं। मनाली एसडीएम रमन शर्मा ने बताया कि चारों परिवारों को 15-15 हजार की वित्तीय सहायता दी है। बादल फटने से मनाली को लेह से जोड़ने वाले एनएच-3 पर धुंडी और पलचान पुल के बीच के हिस्से को बंद किया गया है।

बिहार विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने नीतीश सरकार में जताया अविश्वास

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा में उस समय हंगामा होने लगा जब विपक्षी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ सरकार में अविश्वास व्यक्त करते हुए सदन के बीचों-बीच समानांतर कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया।

एक दिन पहले सदन में महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार तथा राजग सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को विपक्षी महिला विधायक काली पट्टी बांधे थीं। विपक्षी सदस्य हंगाम कर रहे थे। अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रश्नकाल चलाने का फैसला किया। उन्होंने फर्नीचर को पलटने की कोशिश कर रहे विपक्षी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके कृत्यों से कोई घायल होता है, तो मैं कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाऊंगा। प्रश्नकाल समाप्त होने तक विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे लेकिन बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है और वह सदन से बहिर्गमन कर गये।

विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच शून्यकाल के संचालन के बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही स्थगित कर दी। ऊपरी सदन में भी महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार का मुद्दा विपक्षी सदस्यों ने उठाया, जिससे कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद सभापति अवधेश कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री और मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार का आरोप है कि विपक्ष की महिला विधायकों को कुछ भी पता नहीं है या वे कुछ भी नहीं समझती हैं।

- समानांतर कार्यवाही के संचालन व फर्नीचर पलटने की कोशिश
- अध्यक्ष ने चेताया- कोई घायल हुआ तो कार्रवाई को होंगे बाध्य

यूपीएससी, एसएसी परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं : जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हाल में एनटीए ने पांच मई 2024 को ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में नीट (यूजी) परीक्षा आयोजित की। कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए। मामले को 22 जून को जांच सीबीआई को सौंपा गया था। दो वर्षों में संघ लोक सेवा, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की ओर से आयोजित परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं है।

मप्रः छात्रों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज

गुना, एजेंसी

- निजी स्कूल की प्रधानाचार्य ने इस मामले में मांगी माफी

मध्य प्रदेश के गुना शहर में निजी स्कूल की प्रधानाचार्य के खिलाफ विद्यार्थियों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानाचार्य ने इस मामले में माफी मांग ली है।

घटना 15 जुलाई को वंदना कॉन्वेंट स्कूल में सुबह की सभा के दौरान हुई। तीन विद्यार्थियों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया का पाठ किया। आरोप है कि प्रधानाचार्य सिस्टर कैथरीन ने उनसे माइक छीन लिया और कहा कि स्कूल में ऐसे श्लोक बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में घटना का विवरण दिया गया है। दो दिन बाद कथित घटना के बारे में पता चलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्कूल में हंगामा किया जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उनके आग्रह पर सिस्टर कैथरीन वहां पहुंचीं और माफी मांगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह दिन अंग्रेजी में बातचीत के लिए आरक्षित था और इसीलिए विद्यार्थियों को रोका गया। वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और अगर उन्होंने किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो उन्हें खेद है।

पुलिस ने बताया कि माफी मांगने के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानाचार्य पर कार्रवाई व उन्हें हटाने की मांग करते रहे तथा वे दो घंटे तक परिसर में रहे और मांग की कि स्कूल में रोजाना श्लोक का पाठ किया जाए।

उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहें जवान : द्विवेदी

श्रीनगर, एजेंसी

- एलओसी पर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, पद संभालने के बाद पहला कुपवाड़ा के अग्रिम इलाकों का दौरा

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को एलओसी पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात जवानों से उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने का आह्वान किया। सेना प्रमुख (सीओएएस) का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने क्षेत्र में हमलों में वृद्धि के बीच सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी सीओएएस ने चिनार कॉर्प्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कमांडरों और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की। उन्हें उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।

ऑस्कर नामित फिल्म में दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट से फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध करने वाली उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें कानून का उल्लंघन करते हुए सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की पहचान उजागर करने का आरोप है।

झारखंड के गांव को केंद्र में रख कर बनाई टू किल ए टाइगर एक ऐसे व्यक्ति की पीड़ा बयान करती है जो अपनी 13 वर्षीय बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है। उसकी बेटी का तीन लोगों ने यौन उत्पीड़न किया था। इस साल 96वें अकादमी पुरस्कारों में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में नामित किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट की याचिका पर केंद्र के साथ एमी पुरस्कार के लिए नामित हो चुकीं फिल्म निर्माता पाहुजा और फिल्म को स्ट्रीम करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने यह देखते हुए इस स्तर पर फिल्म की वर्तमान स्वरूप में स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि यह मार्च से ही यहां जनता के लिए उपलब्ध है।

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को तीन साल बाद गिरफ्तार किया गया। ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, आरोपी निताई रॉय को 2021 में राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर स्थित लेबर कॉलोनी में नाबालिग से बलात्कार करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज हुआ था।

नीट-यूजी : ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य उप-प्रधानाचार्य व सूत्रधार में साठगांठ

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने मामले में अब तक की गई जांच के अनुसार किया खुलासा

राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के सूत्रधार पंकज कुमार ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाधार्य के साथ सांठगांठ कर पांच मई को परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे हल कर उन उम्मीदवारों को भेजा जिन्होंने पैसे दिए थे। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक की गई जांच की जानकारी देते हुए बताया कि कुमार ने ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के जिला समन्वयक एहसानुल हक और उप-प्रधानाचार्य व केंद्र अधीक्षक इम्तियाज आलम के साथ सांठगांठ कर अपराध को अंजाम दिया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने बताया कि वह पटना के छात्रावास से बरामद आधे जले कागजों के आधार पर केंद्र की पहचान कर सकती है। नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्रों वाले बक्सों को स्कूल में लाया गया और पांच मई की सुबह नियंत्रण कक्ष में रखा गया। प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य ने सूत्रधार को कमरे में जाने की अनुमति दी। परीक्षा की सुबह हजारीबाग में एम्स पटना, रिम्स रांची और भरतपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के समूह ने प्रश्नपत्र हल किया।

पेरिस ओलंपिक 2024

आज से शुरू होगा पेरिस ओलंपिक, हिस्सा लेंगे 117 खिलाड़ी, पिछले तोक्यो ओलंपिक में भारत ने जीते थे अब तक के सबसे ज्यादा सात पदक

खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य

पेरिस, एजेंसी

मंच सज चुका है और दुनिया भर के खिलाड़ियों की तरह भारत के 117 खिलाड़ी भी शुक्रवार से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जहां उनका लक्ष्य पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना होगा।

भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जो उसका ओलंपिक खेलों में अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और भारतीय खिलाड़ी इसमें सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भले ही उन पर इसके लिए अपेक्षाओं का बोझ भी है लेकिन कुश्ती को छोड़कर किसी भी अन्य खेल के खिलाड़ी अपनी तैयारी को लेकर किसी तरह की शिकायत नहीं कर सकते हैं। खिलाड़ियों को चाहे विदेश में अभ्यास करवाना हो या उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करानी हो, किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है और अब परिणाम देना खिलाड़ियों का काम है, लेकिन इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है कि तोक्यो ओलंपिक के सात पदकों की संख्या की बराबरी करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि भाला फेंक में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी पदक का प्रबल दावेदार नहीं है।

ट्रैक और फील्ड एथलीटों, विशेषकर अविनाश साबले ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अपने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में उनका प्रदर्शन उन्हें पदक के दावेदारों में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं लगता है। स्टीपलचेजर साबले लगातार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर कर रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:09.94 है, लेकिन सात अंतर्राष्ट्रीय धावक हैं जिन्होंने उनसे बेहतर समय निकाला है। ऐसे में उनका फाइनल में पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। भारत की पदक की उम्मीदें नीरज तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की फॉर्म में चल रही बैडमिंटन जोड़ी पर टिकी हैं। नीरज भले ही अभी तक 90 मीटर की दूरी तक भाला नहीं फेक पाए हैं लेकिन उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है।

इससे पहले पहलवान सुशील कुमार (2008 और 2012) तथा सिंधु (2016 और 2021) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी जिस तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए वह निश्चित तौर पर पदक की प्रबल दावेदार है। हॉकी में भारत में पिछले ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीत कर 41 वर्ष के लंबे इंतजार को खत्म किया था लेकिन हाल में टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ मुश्किल ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में टीम को छोटी गलती भी भारी पड़ सकती है।

निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिनमें मनु भाकर और सौरभ चौधरी भी शामिल हैं जिन्हें पदक का दावेदार माना जा रहा है। इनके अलावा सिफत कौर समारा (50 मीटर थ्री पोजिशन), संदीप सिंह (10 मीटर एयर राइफल) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुषों की 50 मीटर राइफल) ने भी निशानेबाजी में पदक का 12 साल का इंतजार खत्म करने का माद्दा दिखाया है। वर्तमान में भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग 2012 लंदन खेलों में 10 मीटर एयर राइफल कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर पहुंचने वाले आखिरी भारतीय निशानेबाज थे। कुश्ती में भारत ने पिछले चार ओलंपिक खेलों में पदक जीता है लेकिन इस बार भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण खिलाड़ियों की तैयारी अनुकूल नहीं रही हैं। इसके बावजूद अंशु मलिक, अंतिम पंघाल और अमन सहरावत को भारत का सबसे अच्छा दावेदार माना जा रहा है।

कई स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद तय

भारत के 117 सदस्यों के दल में तीन खेलों एथलेटिक्स (29), निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) के आधे खिलाड़ी शामिल हैं। इन 69 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। अन्य खेलों में भी कमोबेश यही स्थिति है और इस तरह से देखा जाए तो भारत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों पर होगी। भारतीय दल में हालांकि कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें अपना खेल का स्तर बढ़ाना होगा। इन खिलाड़ियों में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी शामिल हैं जो निश्चित तौर पर अपना अंतिम ओलंपिक खेल रहे हैं। हॉकी टीम की ओलंपिक खेलों से पहले फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही जबकि मुक्केबाजों और पहलवानों को प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने का कम मौका मिला। निशानेबाजों ने भी ओलंपिक से पहले मिश्रित परिणाम हासिल किए।

धीरज बोम्मादेवरा

अंकिता और धीरज ने चलाए जीत के तीर

पेरिस, एजेंसी

भारतीय तीरंदाजों की महिला और पुरुष टीम गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। आज यहां लेस इनवालिडेस गार्डेंस में क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय पुरुष टीम 2013 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही है। क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला तुर्की और कोलंबिया के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम से होगा।

पुरुष वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा पुरुष रैंकिंग राउंड में चौथे स्थान पर रहे। धीरज 681 अंक के साथ चौथे नंबर पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में उनका मुकाबला 61वें नंबर पर रहने वाले खिलाड़ी से होगा। इस मुकाबले में तरुणदीप राय 674 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे। उनका मुकाबला 51वें नंबर के तीरंदाज से होगा। प्रवीण रमेश जाधव 658 के स्कोर के साथ 39वें हासिल किया। उनका मुकाबला 26वें नंबर के खिलाड़ी से होगा। पुरुष तीरंदाजों ने 72 में से 36 तीर निशाने पर लगा दिए हैं। इस स्पर्धा में तरुणदीप राय 337 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर हैं। उनका प्रदर्शन अब तक सबसे अच्छा रहा है। वहीं, धीरज 335 स्कोर के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अच्छी शुरुआत हुई, लेकिन वे इसे जारी नहीं रख पाये। प्रवीण जाधव 328 स्कोर के साथ 37वें स्थान पर हैं।

महिलाओं की हुई व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में अंकिता 666 के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 11वें स्थान हासिल किया, भजन 659 के स्कोर के साथ 22वें तथा दीपिका 658 के स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहीं। कोरिया की सिहयोन 694 के स्कोर के साथ पहले और सुहयोन नाम 688 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान हासिल किया तथा चीन की जियाओलेई यांग 673 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी ने टीम स्पर्धा में 1983 के स्कोर के साथ सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम रैंकिंग राउड में चौथे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम फ्रांस और नीदरलैंड के विजेता से खेलेगी। दक्षिण कोरिया 2046 के रिकॉर्ड स्कोर के साथ पहले स्थान पर, 1996 के स्कोर के साथ चीन दूसरे और 1986 के स्कोर के साथ मेक्सिको ने तीसरा स्थान हासिल किया।

महिला और पुरुष तीरंदाजी टीमें क्वार्टरफानइल में पहुंचीं

क्वालीफिकेशन में निशाने लगातीं अंकिता भकत (मध्य में) व अन्य खिलाड़ी।

स्पेन ने की जीत से शुरुआत, अर्जेंटीना पहला मैच हारा

मैच के बाद स्पेन के खिलाड़ी।

पेरिस। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर ओलंपिक खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की लेकिन लियोनेल मेस्सी के बिना खेल रहे विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और इसलिए दर्शकों का उन्हें भरपूर समर्थन भी मिला। पेरिस ओलंपिक खेलों का पहला गोल स्पेन के राइट बैक मार्क पबिल ने 29वें मिनट में किया। एल्डोर शोमुरोदोव ने पहले हाफ के आखिर में पेनल्टी के जरिए अपना 41वां अंर्राजष्ट्रीय गोल करके बराबरी की, जिसका उज्बेकिस्तान के प्रशंसकों ने जमकर जश्न मनाया। स्पेन की तरफ से सर्जियो गोमेज ने 62वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इन खेलों में मेस्सी के बिना खेल रहे कोपा अमेरिका चैंपियन अर्जेंटीना को अपने पहले मैच में मोरक्को से 2-1 से हार झेलनी पड़ी। मोरक्को की तरफ से दोनों गोल स्ट्राइकर सौफियाने रहीमी ने किए। मोरक्को की जीत जब सुनिश्चित लग रही थी तब अर्जेंटीना की तरफ से दूसरे हाथ के इंजरी टाइम मे क्रिस्टियन मदीना ने बराबरी का गोल कर दिया। मोरक्को के प्रशंसक मैदान पर उतर आए जिससे खेल खत्म होने से कुछ समय पहले मैच स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 2 घंटे तक खेल रुका रहा और जब खेल शुरू हुआ तो उससे कुछ देर पहले वीडियो प्रणाली से अर्जेंटीना का गोल ऑफ साइड होने के कारण अमान्य करार दे दिया गया। अन्य मैचों में इजरायल ने कड़ी सुरक्षा के बीच खेले गए मैच में माली को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि मेजबान फ्रांस ने अमेरिका को 3-1 से हराया।

नागल के लिए मुश्किल ड्रा, फ्रांस की जोड़ी से भिड़ेंगे बोपन्ना-बालाजी

पेरिस। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान फ्रांस के मोटेट कोरेंटिन के खिलाफ शुरू करेंगे जिसे वह अप्रैल में हरा चुके हैं और अगर वह पहले दौर का मुकाबला जीत जाते हैं तो उनका सामना ऑस्ट्रेलिया के छठे नंबर के एलेक्स डि मिनौर से हो सकता है। विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल का मोटेट के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी का है। मोटेट एटीपी एकल चार्ट में उनसे 12 पायदान ऊपर हैं। पहले दौर की बाधा पार करने के बाद नागल दूसरे दौर में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे डि मिनौर से भिड़ सकते हैं। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का सामना फ्रांस के फैबियन रेबॉल और एडोआर्ड रोजर वासेलिन की जोड़ी से होगा।

एंडी मरे एकल से हटे, सिर्फ युगल में खेलेंगे

पेरिस। दो बार के ओलंपिक टेनिस स्वर्ण पदक विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को पेरिस खेलों की एकल स्पर्धा से हटने का फैसला किया और वह डैन इवांस के साथ केवल युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन के 37 साल के मरे ने कहा कि ये ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने इस महीने विंबलडन की एकल स्पर्धा से भी हटने का फैसला किया था और युगल स्पर्धा में भी अपने बड़े भाई जैमी के साथ एक ही मैच खेला था। मरे ने गुरुवार को कहा मैंने डैन के साथ युगल स्पर्धा पर ध्यान लगाने के लिए एकल से हटने का फैसला किया है। हमारा अभ्यास शानदार रहा है और हम एक दूसरे के साथ अच्छा खेल रहे हैं। मरे के हटने की घोषणा ओलंपिक टेनिस स्पर्धा के ड्रा से कुछ देर पहले ही हुई।

कर्बर ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

पेरिस। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर ने गुरुवार के घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। जर्मनी की इस 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह लाल बजरी पर पेरिस ओलंपिक खेलने के बाद ही खेल को अलविदा कर देंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरूआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से भिड़ेगी। कर्बर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं कभी भी पेरिस 2024 को नहीं भूल पाऊंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। कर्बर ने 2016 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन जीता है जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थीं। दो साल बाद उन्होंने विंबलडन ग्रैंडस्लैम अपने नाम किया।

हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं: हरमीत

पेरिस। अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई का मानना है कि भारतीय पुरुष टीम के पास पेरिस ओलंपिक में किसी भी टीम को हराने का माद्दा है जिससे उसके पास सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका है। पेरिस ओलंपिक शुक्रवार को उद्घाटन समारोह से शुक्रवार को शुरू होंगे। हरमीत ने अल्टीमेट टेबल टेनिस को दिए साक्षात्कार में कहा अगर हम किसी दिन लय में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे पास किसी भी टीम को हराने का अच्छा मौका है। हम पहले भी दुनिया की शीर्ष टीम के खिलाफ जीत चुके हैं और इस बार संभव है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

उद्घाटन में हो सकती है बारिश

पेरिस। सीन नदी पर पेरिस ओलपिक के अनूठे उद्घाटन समारोह के दौरान मौसम की गाज गिर सकती है क्योंकि मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश का अनुमान जताया है। फ्रांस के मौसम विभाग मेटियो फ्रांस ने शुक्रवार की सुबह बारिश की भविष्यवाणी की है। दोपहर को मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम को बारिश हो सकती है जिस समय उद्घाटन समारोह होना है। बारिश होने पर भी उद्घाटन समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। आम तौर पर खिलाड़ी पारंपरिक रूप से स्टेडियम में मार्च करते हुए प्रवेश करते हैं लेकिन पेरिस ओलंपिक में 10,500 खिलाड़ी 90 से अधिक नावों पर सवार होकर सीन नदी पर छह किलोमीटर की परेड करेंगे। इस दौरान सीन नदी के किनारे सैकड़ों की संख्या में दर्शक उनकी हौसलाअफजाई के लिये मौजूद रहेंगे।

दूसरे दौर में भिड़ सकते हैं जोकोविच और नडाल

पेरिस। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल से भिड़ सकते हैं। गुरुवार को जारी किए गए ड्रॉ के अनुसार जोकोविच अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के खिलाफ करेंगे जबकि नडाल का सामना मार्टन फुकसोविक्स से होगा। इन मैच में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे का सामना करेंगे। नडाल ने अपने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब में से 14 खिताब फ्रेंच ओपन के रूप में जीते हैं। उन्होंने 2008 में बीजिंग में एकल जबकि 2016 में रियो में मार्क लोपेज के साथ मिलकर युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। फ्रेंच ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ का सामना पहले दौर में लेबनान के खिलाड़ी हैदी हबीब से होगा।

प्रणव सूरमा ने विश्व रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

नई दिल्ली। प्रणव सूरमा ने दृढ़ संकल्प के साथ अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बेंगलुरू में हाल ही में आयोजित ट्रायल में प्रणव ने एफ51 श्रेणी के क्लब थ्रो में 37.23 मीटर थ्रो फेंक यह उपलब्धि हासिल की, जो कि पिछले विश्व रिकॉर्ड 36.22 मीटर से एक मीटर से अधिक है।

इस उपलब्धि के बाद प्रणव ने कहा, मई में कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत पाना निराशाजनक था। मेरे कोच सिंह और मैंने कड़ी मेहनत की। पेरिस जाते समय इस प्रदर्शन ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। कोच नवल सिंह ने कहा प्रणव हमेशा से ही मेहनती रहा है, लेकिन कभी-कभी बाहर का शोर खिलाड़ी की एकाग्रता को तोड़ सकता है।

हैट्रिक बनाने को तैयार हैं पीवी सिंधु

पेरिस, एजेंसी

- रियो में रजत और तोक्यो में कांस्य जीतने के बाद स्वर्ण की तैयारियों में जुटीं हैं भारतीय बैडमिंटन स्टार

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु लगातार तीसरे ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रही हैं और उन्होंने अपना यह लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले कुछ महीनो में अलग-अलग तरीकों से कड़ा अभ्यास किया है।

सिंधु ने रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अगर वह पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहती है तो फिर वह पदकों की हैट्रिक पूरी करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने प्रकाश पादुकोण के साथ बिताने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वह लगातार तीसरा पदक जीतने के लिए तैयार है। सिंधु ने पोर्टे डे ला चैपल एरिना में अभ्यास सत्र के बाद कहा, निश्चित रूप से पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। यह पहला हो या दूसरा या फिर तीसरा यह मायने नहीं रखता। मैंने दो पदक जीते हैं और मैं तीसरे पदक के बारे में सोच कर खुद पर दबाव नहीं बनना चाहती हूं। जब भी मैं ओलंपिक में भाग लेती हूं तो वह मेरे लिए नया ओलंपिक होता है। इसलिए मैं जब भी ओलंपिक में खेलने के लिए उतरती हूं तो मेरा लक्ष्य पदक जीतना होता है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही हैट्रिक पूरी करूंगी।

पेरिस आने से पहले सिंधु ने जर्मनी के सारब्रुकेन में स्पोर्टकैंपस सार में अभ्यास किया जहां की समुद्र तल से ऊंचाई, मौसम और परिस्थितियां फ्रांस की राजधानी के समान हैं। परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां उन्होंने अपने कमरे में एक हाइपोक्सिक चैंबर (कम ऑक्सीजन) बनाया और कुछ दिनों तक वहीं सोईं। हाइपोक्सिक चैंबर खिलाड़ी के शरीर को अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर खेलने के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। मेरे पास बहुत अधिक समय नहीं था और इसलिए मैंने सोचा कि कहीं और जाने से बेहतर होगा कि यहीं उस तरह की परिस्थितियां तैयार की जाएं।

महिला एशिया कप

सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार भारत

दाम्बुला। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी जिसमें शेफाली वर्मा की निगाहें आक्रामक प्रदर्शन करने पर लगी होंगी जबकि स्मृति मंधाना भी बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगी।

शेफाली ने अभी तक 158 रन बनाए हैं जिससे वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। निगार सुल्ताना की टीम के खिलाफ शेफाली को अच्छी शुरूआत करानी होगी क्योंकि विपक्षी टीम के पास धीमी गति के गेंदबाजों की भरमार है। भारत ने सभी तीनों मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी है। इसलिए बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट के इस चरण में खतरनाक टीम हो सकती है। यह मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा।

पंत और सैमसन में से एक का चयन कोच गंभीर के लिए बड़ी चुनौती

कोलंबो, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए ऋषभ पंत और संजू सैमसन में से किसी एक का चयन करना चुनौतीपूर्ण होगा।छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली को छोड़कर टी20 विश्व कप विजेता टीम के अधिकतर खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर आए हैं और ऐसे में पंत और सैमसन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि यह दोनों ही आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में भले ही दो स्थान खाली हैं लेकिन फिर भी इन दोनों में से किसी एक को बल्लेबाज के रूप में उतारना भी आसान नहीं होगा। पंत ने टी-20 विश्व कप में 171 रन बनाए जबकि सैमसन को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला जबकि वह टीम का हिस्सा थे।

भारत और श्रीलंका के बीच यह श्रृंखला भारतीय टीम के लिए इसलिए महत्वपूर्ण बन गई है क्योंकि गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला है जबकि टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। गंभीर के पिछले रिकार्ड को देखते हैं तो यह निश्चित है कि टीम संयोजन में उनकी बात को अधिक तवज्जो दी जाएगी।

चोट के कारण तुषारा टी-20 श्रृंखला से बाहर

पालेकल। श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी के बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। श्रीलंका ने तुषारा की जगह एक अन्य तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया है। तुषारा की चोट श्रीलंका के लिए बड़ा झटका है क्योंकि यह तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। उन्होंने पिछले महीने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की तरफ से सर्वाधिक आठ विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट भी 5.62 था। तुषारा चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर होने वाले श्रीलंका के दूसरे तेज गेंदबाज हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देशभर में पर्व जैसा माहौल, शहीदों को याद कर हुए भावुक

मातृभूमि की रक्षा को अंतिम सांस तक डटे रहे थे जांबाज

यादों के झरोखों से...वर्ष 1999 में कारगिल में तिरंगा लहराते जवान।

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन का अनुपम बलिदान देने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। कारगिल युद्ध लगभग 50 दिन चला और भारतीय सैनिकों ने सीमित हथियारों के साथ दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरा भारत सेना के साथ एकजुट खड़ा हुआ और पाकिस्तान को अपनी राष्ट्रभक्ति की मिसाल दिखाई। आज भारत में बने युद्ध स्मारकों में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में बने युद्ध स्मारकों में भी भारतीय जवानों के नाम अंकित हैं। कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को देश के सैन्यकर्मी यादकर भावुक हो गए।

भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की : मलिक

जनरल (सेवानिवृत्त) वीपी मलिक ने कहा कि 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध के बाद से भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की है। युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे जनरल मलिक ने कहा कि कुछ कमज़ोरियों के कारण ही 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा के इस पार घुसपैठ कर पाए थे। हमारे अधिकारियों और जवानों की बहादुरी के बल पर हमने पाकिस्तान के खिलाफ़ कारगिल युद्ध जीता था और पराजय के लिए विवश कर दिया गया।

कारगिल युद्ध के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा: सीडीएस

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे।

शहीदों की याद में पूर्व महिला सैन्य अधिकारी ने 160 किमी दौड़ लगाई

मुंबई। करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर एक पूर्व महिला सेना अधिकारी ने श्रीनगर से द्रास तक 160 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) वर्षा राय ने चार दिन के अंदर 160 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए पूरा की। उन्होंने कहा मैंने उन बहादुरों के सम्मान में दौड़ लगाई है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल राय श्रीनगर से द्रास सेक्टर तक दौड़ लगाते हुए करगिल युद्ध स्मारक पहुंची। उन्होंने 19 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी और यह 22 जुलाई को समाप्त हुई। उनके साथ चिनार वारियर्स मैराथन टीम भी थी।

मोदी आज जाएंगे कारगिल, विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए विस्फोट करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरे में वह लद्दाख क्षेत्र में वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। इस दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन की सुविधा होगी।

एक नजर

तुर्की में 72 आईएस संदिग्ध पुलिस हिरासत में

तुर्की। यहां की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के संदेह में 72 लोगों को हिरासत में लिया है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर कहा आईएस के खिलाफ एक अभियान में 13 प्रांतों से 72 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। मंत्री ने कहा कि पुलिस ने राजधानी अंकारा और इस्तांबुल तथा अंताल्या शहरों में छापेमारी की और तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में धन जब्त किये।

रूस और चीन के बमवर्षक विमान देखे गए

बीजिंग। चीन और रूस के लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम चार बमवर्षक विमानों को अलास्का के नजदीक अंतर्राष्ट्रीय जल सीमा के ऊपर उड़ते देखा गया, जिसके जवाब में अमेरिका तथा कनाडा ने अपने लड़ाकू विमान भेजे। अमेरिका एवं कनाडा की संयुक्त एरोस्पेस कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी।

सिंगापुर में आतंकवादी हमले का खतरा

सिंगापुर। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से सिंगापुर में संभावित आतंकवादी हमले का खतरा बना हुआ है। सिंगापुर आतंकवाद खतरा आकलन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से आतंकवाद का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, क्षेत्रीय चरमपंथी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर सिंगापुर विरोधी बयानबाजी के भी मामले बढ़े हैं।

गाजा से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद

यरूशलम। इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद किए। सेना ने बताया कि जिन लोगों के शव बरामद किये गये हैं उनका पिछले अक्टूबर में हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तब से वे गाजा में कैद थे।

मोदी की रूस यात्रा के समय को लेकर अमेरिका निराश

यात्रा के दौरान नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा था अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐसे समय रूस की यात्रा करने को लेकर अमेरिका निराश है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यहां नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे थे। यह बात अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन सांसदों से कही, जिन्होंने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को रूस की आधिकारिक यात्रा की थी। यह यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से मोदी की पहली रूस यात्रा थी। भारत ने 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और लगातार बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की वकालत की है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने यहां संसदीय बैठक में अमेरिकी सांसदों से कहा मैं मोदी की मॉस्को यात्रा के प्रतीकवाद और समय को लेकर हमारी निराशा के बारे में आपसे पूरी तरह सहमत हूं। हम अपने भारतीय मित्रों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा यदि मैं उस यात्रा के संदर्भ पर कुछ प्रकाश डालूं तो संभव है कि आप कुछ आश्वस्त हों। मॉस्को जाने से दो सप्ताह पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मुलाकात की थी।

- अमेरिकी सांसदों ने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों पर चिंता जताई

मोदी का सम्मान करता हूं : लू

लू ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करता हूं और प्रशंसा करता हूं। मॉस्को में युद्ध अपराधी पुतिन को गले लगाते हुए देखकर हैरान और दुखी हुआ, वह भी उसी दिन जब यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर मिसाइलें दागी।

भारत का दो टूक जवाब रूस से संबंध दीर्घकालिक

नई दिल्ली। भारत ने मोदी की रूस यात्रा और रूस के साथ उसके संबंधों पर अमेरिकी मंत्री डोनाल्ड लू की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत और रूस के संबंध दीर्घकालिक हैं और बहुध्रुवीय विश्व में इसकी सराहना करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है। अमेरिकी कांग्रेस में कार्यवाही के दौरान लू ने प्रधानमंत्री के रूस दौरे के समय को लेकर सवाल खड़ा किया और कहा कि भारत सस्ते हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है।

कोलंबिया में फुटबॉल मैदान पर हुए ड्रोन हमले में 10 की मौत

बोगोटा। दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया के काउका विभाग में एक फुटबॉल मैदान पर मंगलवार रात हुए ड्रोन हमले में एक नाबालिग सहित 10 लोगों की मौत हो गई। काउका में आर्मी स्पेसिफिक कमांड के प्रमुख जनरल फेडेरिको मेजिया के अनुसार यह हमला अर्गेलिया शहर के एल प्लैटेडो जिले में कोलंबिया विद्रोही समूह के निष्क्रिय हो चुके क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्टों द्वारा किया गया।

उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि मैदान पर हमले से पहले, जहां बच्चे खेल रहे थे, विस्फोटकों से लैस ड्रोन द्वारा सेना पर 13 हमले हुए। मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 9:00 बजे, फुटबॉल मैदान के पश्चिमी हिस्से में एक घर से भेजे गए आखिरी ड्रोन द्वारा मैदान पर एक विस्फोटक उपकरण गिराया गया, जिससे अज्ञात संख्या में लोग प्रभावित हुए और नाबालिग की दुर्भाग्यपूर्ण हत्या हुई। जनरल मेजिया ने कहा कि ये हमले गुरिल्ला विरोधी सैन्य अभियानों के जवाब में किए गए हैं।

भारत विरोधी तत्वों पर कार्रवाई करे कनाडा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने कनाडा के एडमॉन्टन में मंदिर में तोड़फोड़ की रिपोर्ट पर चिंता जताते हुए कनाडा सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस मुद्दे पर सवालों के जवाब में कहा हमने इस मामले को दिल्ली और ओटावा दोनों में कनाडा के अधिकारियों के साथ दृढ़ता से उठाया है।

हम तोड़फोड़ की निंदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करेंगे। मंदिरों के विरुद्ध ये हमले बार-बार होने वाली घटना बन गए हैं और एक ऐसे उद्देश्य से किए जाते हैं जिसे समझना मुश्किल नहीं है। जायसवाल ने कहा कि हमने कनाडा में हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं देखी हैं। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की कमी ने ऐसे आपराधिक तत्वों को और अधिक प्रोत्साहित किया है। उग्रवाद और हिंसा की वकालत करने वालों और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत है अन्यथा कनाडा में कानून का शासन और बहुलवाद के प्रति सम्मान को गंभीर रूप से कमजोर किया जाता रहेगा।

बार-बार हो रही हिंसा

उन्होंने कहा हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा उन भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा जिन्होंने बार-बार हिंसा के जरिए भारतीय नेताओं, संस्थानों, एयरलाइंस और राजनयिकों को धमकी दी है। हम हमारे ख़िलाफ़ धमकियों पर कड़ी कार्रवाई, समान स्तर की कार्रवाई देखना चाहेंगे।

सभी समुदायों से समान व्यवहार पर भारत के साथ बातचीत जारी

वाशिंगटन। अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों से समान व्यवहार के महत्व पर भारत के साथ चर्चा की है। कुछ राज्यों के ढाबा, होटल मालिकों को अपने भोजनालयों में नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर करने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाताओं से कहा हमने ऐसी खबरें देखी हैं।

हमने उन खबरों को भी देखा है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने 22 जुलाई को उन निर्देशों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। मिलर ने कहा इसलिए वे (निर्देश) वास्तव में अब प्रभावी नहीं हैं। सामान्य तौर पर, जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, दुनिया में कहीं भी सभी धर्म और विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और सम्मान देने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हमने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के लिए समान व्यवहार के महत्व पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत की है।

नेपाल : दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह जांच टीम को सौंप दिया गया है। दुर्घटना में एक बच्चे सहित 18 लोग मारे गए थे। सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जा रहा बॉम्बार्डियर सीआरजे-200' विमान बुधवार को त्रिभुवन अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई।

घटना में विमान में सवार 18 लोगों की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में चालक दल के दो सदस्य, एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारी और चार वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोगों का परिवार शामिल है। नागर विमानन प्राधिकरण के उपमहानिदेशक हंस राज पांडे ने बताया कि ब्लैक बॉक्स जांच टीम को सौंप दिया गया है।

कॉकपिट अलग होने से बच गया था पायलट

काठमांडू। दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एक मात्र जिंदा बचा व्यक्ति विमान के पायलट कैप्टन मनीष हैं जो विमान में आग लगने से पहले चमत्कारिक रूप से कॉकपिट के अलग होने से सुरक्षित निकलने में सक्षम हुए। हवाई अड्डे के सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि जब विमान रनवे से फिसलकर कंटेनर से टकराया तो कॉकपिट का अगला हिस्सा उसमें फंस गया जबकि विमान का बाकी हिस्सा जमीन के दूसरी ओर जाकर गिर गया था।

इमरान खान ने याचिका दायर की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 मई की हिंसा के मामलों में खुद को सैन्य हिरासत में सौंपे जाने की आशंका के मद्देनजर एक याचिका दायर की है। याचिका में दलील दी गई है कि घटनाओं में शामिल बंदियों को नागरिक अदालतों के अधिकार क्षेत्र में रहना चाहिए। यह याचिका खान के वकील उजैर करामत ने लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, मामले में संघीय सरकार और सभी चार प्रांतों के महानिरीक्षकों (आईजी) को प्रतिवादी बनाया गया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान (71) ने कहा कि उन पर जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) में विरोध प्रदर्शन भड़काने का आरोप लगाते हुए एक झूठी कहानी गढ़ी गई है।

लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडेन का राष्ट्र के नाम संबोधन, चुनावी मैदान से हटने के कारण बताए

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश में राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव की दौड से हटने के बाद व्हाइट हाउस ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम संबोधन में चुनाव से चार महीने से भी कम का समय रहने के बीच मैदान से हटने के कारण के बारे में बताया। बाइडेन ने बुधवार रात को 11 मिनट के प्राइम-टाइम भाषण में कहा हमारे लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती। इसमें व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा भी शामिल है। राष्ट्रपति ने 27 जून को बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी उम्र और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं, जिसके कारण 30 से अधिक डेमोक्रेटिक सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे पद छोड़ने का आग्रह किया। बाइडेन ने कहा इसलिए मैंने निर्णय किया है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मशाल को नयी पीढ़ी के हाथों सौंप दिया जाये। यह हमारे राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है। अमेरिकी अब जो निर्णय लेते हैं, वे आने वाले दशकों के लिए राष्ट्र और दुनिया का भाग्य निर्धारित करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने डेमोक्रेट्स से रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। हैरिस ने बहुत जल्दी ही डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं का समर्थन हासिल कर लिया।

कमला हैरिस शासन करने के योग्य नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश में शासन करने के योग्य नहीं हैं। हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार अपनी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर यह तीखा हमला किया। राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) ने बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से अपना नाम वापस लिए जाने के बाद कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था। हैरिस (59) अब संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैं और अगस्त में ''डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्हें आधिकारिक तौर पर पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की सबसे उदार निर्वाचित राजनीतिज्ञ हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह बर्नी सैंडर्स से भी ज़्यादा उदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया अगर वह कभी सत्ता में आईं तो वह इस देश को बहुत तेज़ी से नष्ट कर देंगी।

- चुनावी रैली को संबोधित करते हुए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर किया तीखा हमला

बॉलीवुड हलचल

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम

मुंबई। जानीमानी अभिनेत्री और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर फिर से बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है। सोनम कपूर ने वर्ष 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ शादी की और वर्ष 2022 में मां बनी। सोनम कपूर लंबे अरसे से फिल्मों से दूर है।सोनम कपूर ने बताया है कि वह जल्द ही फिल्मों में कमबैक करने वाली हैं। सोनम कपूर ने बताया, मैं फिर से एक्टिंग शुरू करने वाली हूं, चाहे लोग मुझे चाहें या ना चाहें। सोनम ने बताया कि उन्हें अब भी जो रोल ऑफर हो रहे हैं वो 20 साल की उम्र वाले किरदार हैं। सोनम कपूर ने अपनी कजिन सिस्टर्स जान्हवी कपूर और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए कहा, मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो।

श्रद्धा ने की तमन्ना तारीफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने तमन्ना भाटिया की तारीफ करते हुये कहा है कि उन्होंने इतनी हसीन स्त्री, कभी नहीं देखी है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।इस फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया नजर आ रही है। आज की रात गाने की रिलीज के बाद से तमन्ना भाटिया सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। तमन्ना भाटिया ने स्त्री 2 के इवेंट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जहां फैंस ने जमकर उनकी तारीफ की।

लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करेंगे अजय देवगन

मुंबई। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन, फिल्मकार लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने लव रंजन की सुपरहिट फिल्म दे दे प्यार दे में काम किया है। अजय इन दिनों लव रंजन फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम कर रहे है। अजय देवगन एक और फिल्म में लव रंजन के साथ काम करने जा रहे हैं।यह एक हाई बजट एक्शन फिल्म होगी। कहा जा रहा है कि इस एक्शन फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं।

खगोल विज्ञान नई जानकारी को वैज्ञानिकों ने वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी का नाम दिया

शुक्र के वातावरण में तैर रही अम्लीय बादल की दीवार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शुक्र ग्रह के वातावरण में एक नए बदलाव की जानकारी आई है। वैज्ञानिकों ने इसे वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी यानी शुक्र बादल विच्छेदन नाम दिया है। यह अम्लीय बादलों का बड़ा जखीरा है, जो ऊंची दीवार के रूप मे शुक्र के वातावरण से गुजर रही है।

इटली के एमेच्योर वैज्ञानिक लुइगी मोरोन ने पिछले सप्ताह इसका पता लगाया है। वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी अपेक्षाकृत नई तरह की अलग खोज है। जिसके संकेत 2016 में जापान के वीनस ऑर्बिटर अकात्सुकी से मिल गए थे। बादलों का यह विशाल जखीरा शुक्र के भूमध्य रेखा को लंबवत रूप से काटती हुई जा रही है, जो लगभग 5000 मील तक फैली हुई है। यह लगभग 200 मील प्रति घंटे की गति से शुक्र की परिक्रमा कर रही है। यह वायुमंडलीय व्यवधान शुक्र पर मौसम के संदर्भ में नई घटना है। किसी अन्य ग्रह पर इस तरह की घटना अभी तक नही देखी गई है। बहरहाल शुक्र के इस विचित्र बदलाव के कारण का अभी पता नही चल पाया है। ज्ञातब्य हो शुक्र का वातावरण वायुमंडल बेहद घना है। माना जाता है कि वह पृथ्वी के वायुमंडल से लगभग 90 गुना अधिक विशाल है। इसके वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस 96 फीसद है। नाइट्रोजन की मात्र सिर्फ 3 प्रतिशत है। सल्फ्यूरिक एसिड बादलों की एक मोटी परत इसके वातावरण में तैरती है। शुक्र का रंग पीला नजर आता है।

कुछ तरह का है शुक्र ग्रह का वातावरण का काल्पनिक चित्र।

क्यों बदल गया वातावरण

शुक्र ग्रह का वातावरण कैसे बदल गया ? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर आज तक नही मिल सका है। अत्यधिक कार्बन डाइऑक्साइड के साए में घिरे शुक्र का पारा निरंतर बढ़ रहा है। माना जाता है कि कभी पृथ्वी के समान शुक्र की जलवायु हुआ करती थी। सागर व नदिया बहा करती थी। मगर ऐसा क्या हुआ, हो जो सब गायब हो गया और एसिड की बारिश इसके ऊपरी वातावरण में होने लगी।

प्राचीन काल में ही हो गई थी शुक्र ग्रह की पहचान

नैनीताल। शुक्र ग्रह चन्द्रमा के बाद आकाश मे हमारा सबसे निकटतम पड़ोसी है। आसमान मे सबसे ज्यादा चमकने वाला ग्रह भी। रोमन लोग इसे वीनस, यूनानी कुप्रोस जिसका लैटिन रूप सिप्रिस जिसका अर्थ है शुक्र कहते थे। वहीं ऋग्वेद मे वेन शब्द को आकाश की चमकीली ज्योति कहा गया है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मत था कि वेन, वीनस, कुप्रिस और शुक्र शब्द एक ही अर्थ के घोतक हैं। चार हजार वर्ष पूर्व जब यूनानियों और भारतीय आर्यो के पूर्वज एक स्थान पर रहते थे, तब वे शुक्र को पहचानकर इसका नामकरण कर चुके थे।